ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये


असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

**सुविचार**
समय की सीमा जानने का एक ही टिका है, असंभव से भी आगे निकल जाना।

रांची, सोमवार 20.02.2023 वर्ष 10, अंक 51 RNI No. JHAHIN/2014/59110



## संक्षिप्त खबरे

### अखिल भारतीय दांगी समाज के प्रखंड अध्यक्ष नवाडीह पंचायत के कृष्ण कुमार दांगी के सर चढ़ा जीत की ताज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** अखिल भारतीय दांगी समाज के प्रखंड अध्यक्ष बने कृष्ण कुमार दांगी,दूसरा स्थान पर रहे बीरबल दांगी कुल 1228 वोट पड़े जिसमे 8 वोट अमान्य हुए कृष्ण कुमार दांगी 519 वोट से बढ़त बनाए उनमें बीरबल दांगी 346 तारकेश्वर दांगी 238 विनय दांगी 88 तथा संजय दांगी 29 मत लाए कृष्ण कुमार दांगी 173 वोट से जीत हासिल किए उन्हें विजय माला पहनाकर स्वागत किया गया और सर्टिफिकेट दिया गया अखिल भारतीय दांगी समाज का प्रखंड स्तरीय अध्यक्ष का चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में संदीप कुमार सुमन तथा राजेंद्र दांगी उर्फ राजू डॉक्टर को पदभार दिया गया।

## थाना में हुआ शांति समिति की बैठक, इंटरनेट शुरू, धारा 144 जारी

# पांकी का माहौल सामान्य करने की कवायद शुरू

**सुभाषचंद्र सिंह @ प्रभात मंत्र**

**पांकी (पलामू) :** पाकी हिंसा को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक रविवार को हुई। बैठक में पलामू के डीसी सहित पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, आईपीएस इंद्रजीत महथा, डीडीसी रवि आनंद, मेदिनीनगर सदर के एसडीओ सहित कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में दोनों पक्षों के भी कई लोग पहुंचे। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पाकी में शांति और सौहार्द स्थापित करने में आप लोग दोनों पक्षों की महती भूमिका है। अब शांति और सौहार्द का वातावरण कायम होना चाहिए। इस पर दोनों पक्षों ने अपनी राय व्यक्त की। सभी लोग शांति और सौहार्द का वातावरण कायम करने पर राजी हुए। पलामू के एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व के लोगों के कारण माहौल खराब हो जाता है। ऐसे लोगों से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने में एक व दो लोगों का ही हाथ होता है और तबाह कई लोगों को होना पड़ता है। इसलिए ऐसे तत्वों पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान ना देने की जरूरत बताते हुए कहा कि दोनों पक्ष आपसी समन्वय बनाकर रहें। अगर कहीं कोई दिक्कत है तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें। उन्होंने कहा कि अब यहां सामाजिक सौहार्द बनना शुरू हो गया है। इसमें अगर कोई खलल डालने की कोशिश करेगा तो उससे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आईपीएस और पलामू के पूर्व एसपी इंद्रजीत महथा ने कहा कि पलामू सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। पलामू के लोग हमेशा से ही मिलजुल कर रहते आए हैं। कुछ असामाजिक तत्वों के कारण माहौल खराब हो जाता है। उन्होंने ऐसे तत्वों की पहचान करने पर बल दिया। शांति समिति की बैठक में पाकी बाजार खोलने पर चर्चा हुई साथ ही पूर्व की तरह चल पहल और रौनक लौटाने को लेकर सहमति बनी।



**इंटरनेट सेवा हुआ शुरू**

पाकी हिंसा को लेकर पूरे पलामू जिले में बुधवार से इंटरनेट को बंद कर दिया गया था। रविवार सुबह 10 बजे के लगभग पूरे जिले में इंटरनेट सेवा शुरू हो गया। इंटरनेट सेवा शुरू हो जाने से लोगों में खुशी का माहौल है। 4 दिनों तक लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। खासकर मीडिया वर्ग के लोगों को। मीडिया के लोग लातेहार और गढ़वा जाकर समाचार का संप्रेषण 3 दिनों तक करने को बाध्य थे। इंटरनेट शुरू हो जाने से बैंक में भी कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो गया है। इसके अलावा कई विभागों में भी कार्य ठप पड़ गया था। सभी सरकारी विभागों में कार्य शुरू हो गया है।

**इनकी रही महत्वपूर्ण उपस्थिति**

पांकी थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में स्थानीय विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, भाजपा नेता लाल सूरज, समाजसेवी और पाकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुमताज खान, मुकेश सिंह चंदेल, मोहम्मद रफीक, पूर्व मुखिया एजाज खान, विद्यासागर पांडे, अधिवक्ता रामदेव प्रसाद यादव, आरएन सिंह, प्रिंस सिंह, पांकी के मुखिया प्रेम प्रसाद, मनोज सिंह, राजेंद्र ओझा, राजदेव मेहता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शव यात्रा में जा रहे लोगों पर मधुमक्खियों का हमला, दो गंभीर

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला देवरी मुख्य रोड के कुसुआ मोड़ के समीप मधुमक्खियों के हमलें में शव यात्रा में जा रहे एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें दो लोगों को क्रमशः रामदेनी सिंह और सीता राम सिंह को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जबकि अन्य लोगों का इलाज हुसैनाबाद में चल रहा है। समाचार के अनुसार पचंबा गांव निवासी बिनय सिंह की माता कलावती कुंवर की देवरी सोन के मुक्ति धाम श्मशान घाट पर शव जलाने जा रहे थे। जहां कुसुमा गांव के समीप अचानक मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। जिससे एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य घायलों में सीता राम सिंह, रामप्रसाद सिंह, रामदेनी सिंह, कमला सिंह, लवकुश सिंह, रामजी सिंह, गोलू सिंह, राजेंद्र सिंह, त्रिलोकी तिवारी, अभिषेक कुमार आदि लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि शव जलाने देवरी सोन नदी में जा रहे थे, वहीं बच्चे लोग पत्थर से बैर झार रहे थे, वहीं पेड़ में मधुमक्खी था। और उसी समय लोग जा रहे थे,जो मधुमक्खी की चपेट में आ गए। कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गया। और लोग शव छोड़ कर भागने लगे। उधर घायलों को देखने के लिए स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह अस्पताल पहुंच कर हाल जानें और चिकित्सक को समुचित इलाज करने को कहा।

## लंगर कोट में महाकालेश्वर शिव धाम में हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के अवसर पर लंगरकोट मुरली पहाड़ी, महाकालेश्वर शिव धाम परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजे बाजे के साथ जपला हरही नदी से चलकर शिव लिंग पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलभिषेक किया, महाशिवरात्रि के दिन सुबह से ही मंदिर में भक्तों की कतार लगी रही ऊची पहाड़ी के सीढ़ियों पर चढ़कर लोगो ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, हुसैनाबाद समेत आस पास के कई क्षेत्रों से यहाँ हर वर्ष लोग जलाभिषेक करने आते है पलामू में उपा पोह के स्थिति के बाद भी भरी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकालेश्वर धाम में जलाभिषेक किया।वहीं ग्रामीणों के द्वारा विगत कई वर्षो भव्य मेला का आयोजन किया जाता रहा हैं जिससे आस पास के शहरी ग्रामीण क्षेत्र के लोगो ने जम कर लुफ्त उठा एवं बच्चों समेत पुरा परिवार के साथ लोगो।ने आनंन्द उठाया। मेला में झूला व बच्चों के खेलने व खिलौने के कई आकर्षक वस्तु मिल रहे थे वही प्रशासनिक निर्देश के आलोक में पूजा समिति के लोगो विधि व्यवस्था को लेकर चौकन्ना दिखे,वही स्थानीय प्रशासन हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान। थाना के एसआई राम बालक सोरेन सशस्त्र बल के साथ मजिस्ट्रेट नियुक्त निरज प्रसाद गुप्ता मंदिर स्थल पर मौजूद थे। मौके पर शिव पुजारी महात्मा विनय कुमार सिंह त्यागी पूजा समिति के संरक्षक डॉ रामचंद्र चौधरी, बबलू पटेल, अध्यक्ष रामवृक्ष सिंह शिवपूजन चौधरी पवन पटेल कमलेश चौधरी अरविंद शर्मा, मनोज चौधरी, अशोक चौधरी अखबार विक्रेता प्रेमचंद चौधरी समेत अन्य श्रद्धालु गण लोग मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि छतरपुर के विभिन्न इलाकों में धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** महाशिवरात्रि के मौके पर छतरपुर के इलाके मे धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदेया पहाड़ पर मेले एवं भंडारे का आयोजन हुआ वही। सूर्य मंदिर करमाकला में 24 घन्टे का अखंड कीर्तन, खाटीन में शिव का आयोजन हुआ तो छतरपुर शिव से शिव की बारात निकली गई। मसिहानी महाकाल युवा समिति ने मन्देया पहाड़ी पर भव्य महाशिवरात्रि पर पहली बार दुर्गम पहाड़ पर युवाओं ने अपने हौसले से पूजा एवं मेले का आयोजन किया काफी संख्या में लोगों ने पहाड़ पर चढ़कर शिव पूजा की मौके पर युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता (चुनमुन) मेला स्थल पहुंच भंडारे में भाग लिया। उन्होंने सरकार और नगर पंचायत से मांग की है कि इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए सड़क का निर्माण कराई जाए और यहां पार्क बनवाई जाए ताकि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। इस मौके पर महाकाल कमेटी के चंद्रधन उरांव, संतोष चंद्रवंशी, निर्मल, रविन्द्र उरांव, अशोक सिंह, बैजनाथ सिंह, धीरज कुमार, संतोष उरांव, लवकुश भुइयां, रवि साव, संतोष सिंह, बिंदु, शिवमंदिर समिति से नंदन, राजन, राहुल, टिल्लू, ट्विंकल, लड्डू, धनन्जय, अनुराग, संध्या देवी लोगों ने प्रमुखता से भाग लिया।



## जेएमएम कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन

# सैकड़ों महिला-पुरुष जेएमएम पार्टी में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कल्याण उच्च विद्यालय पांडु के खेल मैदान में रविवार के दिन जेएमएम कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पांडू जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईरफान अंसारी व संचालन पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल चंद्रवंशी ने किया. इस सम्मेलन में जिला से चलकर आए जिला अध्यक्ष व पार्टी की अन्य बड़े नेताओं ने झारखंड सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं लोगों को गिनाया। कहा सैकड़ों लोगों को जेएमएम पार्टी में शामिल होना सरकार के किए गए कार्यों का प्रतिफल है. हेमंत जी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग इस पार्टी से जुड़ रहे हैं आने वाले समय में यह पार्टी मजबूती के साथ फिर से सरकार बनाएगी एवं गरीब- गुरबा, वंचित, शोषित वर्गों के लिए काम करेगी. मौके पर उन्होंने कहा अनिल चंद्रवंशी जी के साथ प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने जेएमएम पार्टी का दामन थामा है, उन सभी का इस पार्टी में जोरदार स्वागत है. पांडू प्रखंड अनिल चंद्रवंशी एवं इरफान अंसारी के नेतृत्व में आगे चलकर बहुत ही अच्छा करने वाली है. इस पार्टी में मनु चंद्रवंशी, शंभू चंद्रवंशी, शैलेश चंद्रवंशी, शेर अहमद अंसारी, विक्रमा चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, उपेंद्र ठाकुर संजय पाल, रमेश पाल, मुस्ताक अंसारी, अमित चंदेल, अनवर अंसारी, भोलू पासवान, विनोद गुप्ता, के साथ-साथ सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर पार्टी को मजबूती प्रदान की है। मौके पर राजेंद्र प्रताप सिन्हा, कमाल खान,जेएमएम नेता अविनाश देव, शाहबाज आलम, के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित है।



## डॉ विजय कुमार सिंह को लाइफटाइम अवार्ड




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विजय कुमार सिंह को प्रतिष्ठित झारखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन जुआकौन की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें उनके 30 वर्षों से अधिक की उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है। JOACON की ओर से शनिवार को रांची में आयोजित एक स्टेट कॉन्फ्रेंस समारोह में डॉ विजय कुमार सिंह सर को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।समारोह की अध्यक्षता करते हुए डाक्टरों ने कहा कि डॉ विजय कुमार सिंह ने अपने तीन दशक के ज्यादा लम्बे करियर में पलामू जिले के गरीब से गरीब लोगों की बेहतरीन सेवा की है। वे एक हड्डी रोग विशेषज्ञ के तौर पर जिले के कई पिछड़े ब्लॉक में कार्यरत रहे हैं जहां सुविधाओं और संसाधनों का घोर अभाव रहा है। इसके बावजूद डॉ विजय सर ने हमेशा आभावग्रस्त मरीजों की सेवा को सर्वोपरि माना। इन्होंने कभी भी अपने कार्यकाल में पैसों की परवाह नहीं की साथ ही सरकारी संस्थाओं और संसाधनों पर लोगों का विश्वास पैदा करने का प्रयास किया। डॉ विजय सर ने कई हज़ार ऑपरेशन सदर अस्पतालों में किये हैं।

## मुसहर परिवार के बीच मिठाई बांटकर पत्रकार ने मनाया पत्नी की पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी पत्रकार राम निवास तिवारी ने अपनी पत्नी स्वर्गीय पुष्पा देवी की सातवीं पुण्य तिथि को यादगार बनाया। रविवार को राजहारा गांव स्थित मुसहर टोला में पहुंचकर मुसहर परिवार के बीच मिठाई, चॉकलेट व कोल ड्रिंक का वितरण किया। पत्रकार राम निवास तिवारी ने बताया उनकी पत्नी हमेशा से समाज में दबे कुचले शोषित जरुरतमंद की सहायता करती थी व भूखों को भोजन कराती थी। उनके जीवन में दान पुण्य करना प्राथमिकता थी। जिससे प्रेरित होकर बेसहारों का सहारा बनते रहे हैं। श्री तिवारी ने बताया कि सात वर्ष पूर्व उनकी पत्नी एक पुत्री तथा एक पुत्र को छोड़कर संसार को छोड़ गई थी। जिसके याद में प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि मनाया जाता है। पत्रकार राम निवास तिवारी ने आगे बताया कि पत्नी की मोक्ष के प्राप्ति के लिए घर में शांति पाठ, हवन पूजन भी कराया। मौके पर पत्रकार का पुत्र केशव शांडिल्य सिंघासन ने भी मुसहर परिवारों को अपने हाथों से भोजन कराया।

## पांकी की स्थिति सामान्य बनाने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी में दुकान खुलवाने और चहल-पहल वापस लौटाने को लेकर स्थानीय विधायक और वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ शशि भूषण मेहता काफी प्रयासरत हैं। पांकी हिंसा के चौथे दिन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दुकान खुलवाने का निर्णय लिया गया। बैठक खत्म होने के साथ ही विधायक डॉ मेहता पांकी चौक पर पहुंच गए और दुकानदार सहित आम लोगों से दुकान खोलने का आग्रह किया। यहां के लोग उनके आग्रह को मानते हुए दुकान खोलने लगे। विधायक ने लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि अब पहले की भांति चहल पहल की ओर लौटने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि पांकी हिंसा पर प्रशासन की पैनी नजर है। जिला और स्थानीय प्रशासन अपना काम कर रहा है। उन्होंने आम लोगों से कहा कि अब पहले की भांति चहल-पहल शुरू होना चाहिए। बता दें कि पाकी हिंसा के तुरंत बाद विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता यहां पहुंच गए थे। चार दिनों तक वे यही डटे रहे और स्थिति को सामान्य बनाने में अपनी तरफ से काफी पहल की। पांकी की स्थिति को सामान्य बनाने में शशिभूषण मेहता ने अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया।

## शिवरात्रि महापर्व को लेकर भंडारा व भक्ति जागरण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर शहर के हॉस्पिटल चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में भक्ति जागरण व भंडारा का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किये गए भक्ति जागरण से वहां पर बैठे दर्शक मग्नमुग्ध हो गए। वही भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी के हाथों से लोगों को प्रसाद दिया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

# लोहड़ी पड़वा को 63 रनों से पराजित कर भवनाथपुर अपने नाम किया टूर्नामेंट

➲ परसोडीह में शहीद नीलांबर-पितांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता है हर साल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** शहीद नीलांबर-पितांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स 5 फरवरी से परसोडीह पंडा नदी के तट पर हाईस्कूल मैदान में नियमित पिछले 15 दिनों से चला। जिसका उद्घाटन पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने किया। जबकि फाइनल मुकाबला लोहड़ी पड़वा बनाम भवनाथपुर के बीच खेला गया। उक्त टूर्नामेंट में भवनाथपुर के टीम ने लोहड़ी पड़वा को 63 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। जबकि टॉस हार कर भी पहले बल्लेबाजी करने उतरी भवनाथपुर की टीम ने लगतार रनों की बरसात करते हुए 6 विकेट खोकर 20 ओभर में कुल 245 रनों बना कर पारी समाप्त किया। वही लोहड़ी पड़वा की टीम जबाबी पारी खेलने उतरी 246 रनों का पीछा करते हुए 17.4 ओभर में ही 10 विकेट खोकर मात्र 183 रन पर ही आउट हो गई। वही फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोनपुरा कांडी की टीम से चीकू कुमार को पूरे टूर्नामेंट में कुल 205 रन बनाने को लेकर मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। वही फाइनल क्रिकेट मैच में 40 गेंद में 65 रन व 4 विकेट लेने वाले फाइनल विजेता भवनाथपुर के टीम से रवि कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब प्रदान किया गया। इस दौरान विजेता बने भवनाथपुर टीम को कप के साथ 21001 रु देकर सम्मनित किया वही उपविजेता टीम को कप के साथ 15001 रु देकर गाजे-बाजे के साथ सम्मानित किया गया। इस दौरान दोनो टीम के खिलाड़ियों के बीच काफी हर्ष देखा गया। इस टूर्नामेंट में अंपायर के रूप में जय प्रकाश ठाकुर और कुश वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। ज्ञात हो की शाहिद नीलाम्बर पीताम्बर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 में कुल 16 टीमो ने भाग लिया था। इस मौके पर टूर्नामेंट उद्घाटन करता पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव देव कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष लव वर्मा, परसोडीह हाई स्कूल प्रधानाध्यापक दीपक कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, शिववरन साह, सुदीप गुप्ता, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, आनंद कुमार गुप्ता, सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।



# हुसैनाबाद विधायक ने मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद हरहरगंज विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया है। इस शिविर में रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ,आंख रोग विशेषज्ञ, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नस रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन समेत कई सर्जन मौजूद थे। हजारों मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हे निशुल्क दवा और सलाह दी गई। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर निशुल्क ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण रांची के चिकित्सको द्वारा हुसैनाबाद पीएचसी के शल्य कक्ष में किया जायेगा। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करने में जुटे हैं। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद की व्यवस्था सदर अस्पताल से भी बेहतर करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। डाल्टनगंज और रांची दोनो जगह हुसैनाबाद के मरीजों के सहयोग के लिए एक व्यक्ति चौबीस घंटे तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य व्यवस्था में और सुधार की आवश्यकता है। राज्य में चिकित्सकों की घोर कमी है। इसके बावजूद हुसैनाबाद अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि मेगा स्वास्थ्य शिविर में रांची के चिकित्सको के अलावा पलामू के विशेषज्ञ चिकित्सक भी मौजूद रहे। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। एनसीपी सेवा में विश्वाश रखती है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा हुसैनाबाद की जनता को बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करती है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य ,शिक्षा के क्षेत्र में हुसैनाबाद हरिहरगंज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीपी ने सजाया है ,एनसीपी ही संवारेगा। एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में विधायक कमलेश कुमार सिंह निरंतर प्रयास कर रहे हैं। आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव दिखेगा। गंभीर बीमारी वाले मरीजों के लिए अलग से विशेष जानकारी देने की व्यवस्था की गई थी। गंभीर बीमारी की स्थिति में कैसे और कहां से राशि का आवंटन होगा, इस संबंध में पूरी जानकारी भी मरीजों को दी गई। इसके अलावा सरकार की स्वास्थ्य के क्षेत्र में चल रही योजनाओं, विभिन्न कार्यक्रमों, कोविड, परिवार नियोजन, फाइलेरिया, मलेरिया समेत अन्य रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अलग अलग स्टॉल लगाए गए थे मेगा स्वास्थ्य शिविर में पलामू के सिविल सर्जन डा अशोक कुमार, आईएमए के प्रदेश सचिव डा प्रदीप सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान,बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, संजय सिंह, हाजी अब्बास अंसारी, नीतू सिंह, विमलेश सिंह, पप्पू सिंह, नरेश रजवार, ओमप्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, अंजली शर्मा, विनय पासवान के अलावा मरीजों की सेवा में एनसीपी के कार्यकर्ता मौजूद थे।



असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 20.02.2023 | वर्ष 10, अंक 51
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
समय की सीमा जानने का एक ही टिका है, असंभव से भी आगे निकल जाना।

## क्वीक न्यूज

### बोकारो में बर्ड फ्लू ने दी दस्तक, 400 मुर्गियों की मौत

**रांची :** होली के पहले झारखंड में बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दिया है. बोकारो में बर्ड फ्लू जैसे लक्षणों से कुछ दिनों में लगभग 400 से अधिक मुर्गियों की मौत हो गई है. इन मुर्गियों को बर्ड फ्लू होने की संभावनाएं जताई जा रही है. स्थिति को देखते हुए पशुपालन विभाग ने बोकारो के लोगों को भी अलर्ट कर दिया है.रांची से आई पशुपालन विभाग की टीम ने मरे हुए मुर्गियों का सैंपल लेकर कोलकाता और मध्य प्रदेश जांच के लिए भेज दिया है. अब इसके जांच रिपोर्ट का इंतजार है. बोकारो के इस राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में कड़कनाथ और रोड आइलैंड रेड अमेरिकन प्रजाति के मुर्गियों का ब्रीडिंग किया जाता है

### जामताड़ा में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को कुचला, मौत

**जामताड़ाः** 29 जंगली हाथियों के झुंड ने जामताड़ा थाना क्षेत्र के करमा गांव के एक व्यक्ति को चलना गांव के जंगल में कुचलकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान चालना पंचायत के करमाटांड़ गांव निवासी मनोज बास्की के रूप में हुई है। वह हाथियों को देखने के लिए अपने गांव से यहां आया हुआ था। तभी हाथियों ने उसे अपने चपेट में लेकर उसकी हत्या कर दी। जानकारी मिलने पर जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, थाना प्रभारी अब्दुल रहमान व रेंजर रामचंद्र पासवान मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजन को 25 हजार मुआवजा प्रदान किया। जानकारी के अनुसार दुमका के मसालिया जंगल से चला 29 जंगली हाथी का झुंड रात्रि लगभग 11 बजे मिहीजाम थाना क्षेत्र के गोवा कोला होते हुए जामताड़ा थाना क्षेत्र के चलना गांव के जंगल में पहुंच गया। हाथी को भगाने के लिए दुमका से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है। फिलहाल जामताड़ा पुलिस तथा वन विभाग की टीम मौके पर कैंप कर रही है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मौके पर विधायक डॉ इरफान अंसारी शनिवार रात से ही गोवाकोला गांव पहुंच गए थे और वहां से सुरक्षित हाथियों को चलना गांव के जंगल तक पहुंचाया। विधायक ने मनोज बास्की की पत्नी संतोखी मरांडी को आर्थिक मदद किया।

### लद्दाख के जन-जीवन को आसान बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लद्दाख के लोगों के जीवन को आसान बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। वे लद्दाख से लोकसभा सदस्य जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के एक ट्वीट का जवाब देते हुए यह प्रतिबद्धता दोहराई। दरअसल संसद सदस्य ने लद्दाख के लोगों को हर मौसम में सड़क-संपर्क प्रदान करने के लिए 4.1 किमी लंबी शिंकुन एलए के निर्माण हेतु 1681.51 करोड़ रुपये की मंजूरी पर प्रसन्नता व्यक्त की थी। नाग्याल ने बताया कि लद्दाख के सबसे पिछड़ा क्षेत्र बर्फीली जांस्कर के लूंगनाक घाटी के निवासियों ने मोदी के इस निर्णय को स्वागत तथा आभार व्यक्त किया।

### मनीष सिसोदिया ने पूछताछ के लिए सीबीआई से मोहलत मांगी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने आज (रविवार) सुबह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से अपील की। उन्होंने कहा है कि आबकारी नीति मामले में उनसे आज होने वाली पूछताछ को फरवरी के आखिरी सप्ताह तक टाल देनी चाहिए। उन्होंने इसकी वजह भी बताई है। सिसोदिया का कहना है कि वह इस समय दिल्ली के बजट को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। सिसोदिया ने पत्रकारों से कहा-मैंने सीबीआई को पत्र लिखा है और फरवरी के आखिरी हफ्ते तक के लिए समय मांगा है। मैं दिल्ली के बजट को अंतिम रूप दे रहा हूं और यह एक अहम वक्त है। मैंने कहा है कि फरवरी के आखिरी हफ्ते के बाद मैं आऊंगा। उन्होंने कहा कि बतौर वित्त मंत्री बजट समय से पेश करना मेरा कर्तव्य है और मैं उसके लिए दिन-रात काम कर रहा हूं। मैंने सीबीआई से फरवरी के आखिरी सप्ताह के बाद प्रश्नों का उत्तर देने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

### बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से घुसे 12 विदेशी नागरिक पकड़े गए

**अगरतला :** भारत के त्रिपुरा में बांग्लादेश से अवैध रूप से प्रवेश करने की सूचना पर अगरतला रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने 12 विदेशी नागरिकों सहित 16 लोगों को हिरासत में लिया है। जीआरपी थाना प्रभारी राणा चटर्जी ने रविवार को यह जानकारी दी। जीआरपी थाना प्रभारी चटर्जी ने बताया कि महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर स्टेशन से तीन बच्चों समेत कुल 16 लोगों को हिरासत में लिया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21° |
| न्युनतम | 07° |

# झारखंड में राज वही करेगा जो 1932 की बात करेगा : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के उम्मीदवार बजरंग महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे तेवर में दिखे। गोला के एसएस हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने भाजपा और आजसू के नेताओं को झूठ का सरदार बताया। साथ ही उन्होंने अपनी उपलब्धियां भी गिनाई।

अपने भाषण में हेमंत सोरेन ने सबसे पहले 1932 की खतियान की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब वही राज करेगा जो 1932 की बात करेगा। इससे पहले भी स्थानीय नीति भाजपा और आजसू ने मिलकर बनाई थी। लेकिन तब सड़कों पर खून बह रहा था।

जब हमने 1932 के खतियान आधारित नीति तैयार की तो उसका स्वागत हर चौक चौराहे पर अबीर गुलाल से किया गया। सोरेन ने कहा कि झारखंड का विकास तभी संभव है जब यहां का आदिवासी, मूलनिवासी सरकार चलाएगा।

लेकिन जब से झारखंड अलग हुआ था यहां की सत्ता पर यूपी और बिहार वालों का ही कब्जा रहा। कहने के लिए तो बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को सीएम की कुर्सी दी गई लेकिन उन लोगों को पांच साल पूरा नहीं करने दिया गया।

छत्तीसगढ़ से आदमी को बुलाकर यह डबल इंजन की सरकार चला रहे थे लेकिन अब झारखंडी ताकत का अहसास उन्हें होने लगा है।

### जनता की सेवा के लिए ममता ने बच्चे को छोड़ा अनाथ

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधायक ममता देवी जनता की सेवा करने के लिए अपने बच्चे को अनाथ छोड़ दिया। आज वह एक बड़ी साजिश का शिकार होकर जेल के अंदर रहने को मजबूर है। उनके बच्चे का दर्द सिर्फ एक औरत ही समझ सकता है दूसरा कोई भी उनका दर्द नहीं सकता सकता। उन्होंने कहा कि अब आम जनता ही उस बच्चे को सहारा देगी। यह तभी संभव हो पाएगा जब कांग्रेस का बटन दबाकर बजरंग महतो को भारी मतों से जिताया जाएगा।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

जनसभा में मंत्री आलमगीर आलम, विधायक अनूप सिंह, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक नेहा तिर्की, किशन राम अकेला, दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, योगेन्द्र महतो, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष जलेशर महतो और शाहजादा अनवर मौजूद रहे।

### झारखंड में बनता है नियोजन नीति तो यूपी-बिहार के लोगों को होता है दर्द

हेमंत सोरेन ने नियोजन नीति पर भी लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं को नौकरी देने के लिए नियोजन नीति तैयार की गई थी। लेकिन यूपी और बिहार के शिकायतकर्ताओं ने उसे हाई कोर्ट में चुनौती दी और उसे निरस्त करा दिया। वही नियोजन नीति जब कर्नाटक में बनी तो वहां सब सही हो गया। यह सिर्फ इसलिए क्योंकि, कर्नाटक में बीजेपी गठबंधन की सरकार है। झारखंड कुछ काम होगा तो यूपी और बिहार वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है।

# देश के कई राज्यों में दिखने लगा गर्मी का असर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर भारत में गर्मी का असर दिखाई देने लगा. दिल्ली-एनसीआर, यूपी, बिहार, पंजाब-हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान समेत कई राज्यों में तापमान लगातार बढ़ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, मार्च के पहले सप्ताह से गर्मी अपना रंग दिखाने लगेगी. मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री अधिक 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम विज्ञानियों ने रविवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और सुबह हल्का कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है. राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यनूतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है. हिमाचल प्रदेश में भी गर्मी का असर दिखने लगा है.

मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि शिमला शहर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. यह 23 फरवरी 2015 को 14.2 डिग्री सेल्सियस के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया को भी तोड़ दिया. राजस्थान में सर्दी की विदाई होते ही गर्मी ने अब अपना जोर दिखाना शुरू कर दिया है जहां सीमावर्ती बाड़मेर में पारा 37 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है. मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है. विभाग के अनुसार, उत्तरी अरब सागर एवं आसपास के गुजरात क्षेत्र के ऊपर एक प्रति चक्रवाती तंत्र विकसित होने से पिछले दिनों में राज्य में तापमान अचानक बढ़ा है.

मौसम केंद्र जयपुर के आंकड़ों के अनुसार, बीते चौबीस घंटे में सबसे अधिक तापमान सीमावर्ती बाड़मेर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 8.8 डिग्री अधिक है. वहीं बीकानेर में यह 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 10.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है.

इसी तरह अधिकतम तापमान जोधपुर में 36.5 डिग्री, फलौदी में 36.2 डिग्री, जैसलमेर में 35.5 डिग्री, डूंगरपुर में 35 डिग्री व चुरू में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

# कांग्रेस का 85वां पूर्ण अधिवेशन 26 फरवरी को रायपुर में, 15 हजार कार्यकर्ता लेंगे भाग



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस का 85वां पूर्ण अधिवेशन 26 फरवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इसे हाथ से हाथ जोड़ो नाम दिया गया है और इसमें सोनिया, राहुल, प्रियंका सहित कांग्रेस के 15 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस अधिवेशन में आगामी विधानसभा और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों की रणनीति पर विचार होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को पार्टी की संचालन समिति की बैठक होगी। इसमें मसौदा समिति की ओर से सुझाए गए समाधानों की समीक्षा कर उन्हें मंजूरी दी जाएगी।

पूर्ण सत्र 2024 की तैयारियों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के बाद कांग्रेस कार्यसमिति का स्थान संचालन समिति ने लिया था। संचालन समिति की बैठक के बाद 25 फरवरी को पूर्ण अधिवेशन का एजेंडा तैयार होगा। पार्टी महासचिव तारिक अनवर ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा से मिली ऊर्जा के बाद यह पूर्ण अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है।

इसमें राजनीति, युवा, सामाजिक न्याय और अनुसूचित जाति एवं जनजाति से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाए जाएंगे। पार्टी नेता पवन बंसल ने बताया कि 26 फरवरी को अधिवेशन की समाप्ति के बाद शाम चार बजे एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी। वहीं संचालन समिति की सदस्य कुमारी शैलजा ने कहा कि सभा स्थल का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर शहीद वीर नारायण सिंह नगर रखा जाएगा और सार्वजनिक बैठक के स्थल का नाम स्वर्गीय मोतीलाल बोहरा के नाम पर रखा जाएगा।

# प. बंगालः एडिनो वायरस से पीड़ित पांच बच्चों की मौत, स्वास्थ्य विभाग ने किया सतर्क

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एडिनो वायरस बड़ी तेजी से पांव पसार रहा है। कोलकाता में एडिनो वायरस से पीड़ित होने के कारण पांच बच्चों की मौत हो चुकी है। रविवार सुबह बीसी रॉय चिल्ड्रन हॉस्पिटल में एक और बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक बुखार से पीड़ित होने के कारण बच्चे को अस्पताल में भर्ती किया गया था। पिछले सात-आठ दिन से बच्चा वेंटिलेशन पर था। हालांकि, यह निश्चित नहीं है कि यह बच्चा एडिनो वायरस से संक्रमित था या नहीं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, बीसी रॉय अस्पताल में अब तक इस वायरस से पांच से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। अस्पताल के अधिकारियों ने स्वास्थ्य भवन से इस अस्पताल में रेफर किए जाने वाले मरीजों की संख्या कम करने का अनुरोध किया है। दूसरी ओर, बेलेघाटा आईडी अस्पताल ने बीमारी के प्रसार को




रोकने के लिए बाल रोग विशेषज्ञ के साथ पीकू-निकू खोलने का प्रस्ताव दिया है। बाल रोग विशेषज्ञ सुमन पोद्दार ने कहा कि यह काफी पुराना वायरस है। कोरोना वायरस से पहले भी यह वायरस परेशान करता था। पिछले दो हफ्तों में इसमें काफी इजाफा हुआ है। यह वायरस बच्चों में सबसे आम है। जानकारी के अनुसार कोलकाता के सरकारी और निजी अस्पतालों में बच्चों के वार्ड के लगभग सभी बिस्तर भर चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति से निपटने के लिए गाइडलाइंस जारी की है। स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन में बीमारी के लक्षण बताए गए हैं। इस गाइडलाइन के मुताबिक तीन दिनों से अधिक बुखार, खांसी, नाक बहना या गले में खराश, जोर-जोर से सांस लेना आदि समस्या होने पर डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

साथ ही गाइडलाइंस में मरीज को यह भी बताया गया है कि किन परिस्थितियों में अस्पताल में भर्ती की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अगर तीन से पांच दिन के बाद भी बुखार कम नहीं होता है, सांस की तकलीफ बढ़ जाती है, घर में रहने के दौरान शरीर में ऑक्सीजन का स्तर 92 प्रतिशत से कम हो जाता है, खाने की मात्रा 50 प्रतिशत कम हो जाती है, तो यह समझ लेना चाहिए कि बिना देर किए अस्पताल में भर्ती होने का समय आ गया है। साथ ही यदि रोगी दिन में पांच बार से कम पेशाब करता है तो रोगी को अस्पताल में भर्ती करा देना चाहिए।

सूत्रों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने एडिनो वायरस के बढ़ने पर कोलकाता के विभिन्न सरकारी अस्पतालों के बाल रोग विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से अस्पतालों में एडिनो वायरस वाले बाल रोगियों की संख्या और उनकी स्थिति पर चर्चा की गई। एडिनो वायरस कोविड की तरह संक्रामक है। इसलिये बाल रोग विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी करने का सुझाव दिया, जिसमें मास्क पहनना, सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करना शामिल है।

# युवाओं को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड राज्य अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। इस राज्य में असीम खेल प्रतिभाएं निहित हैं, जिन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हमारे युवाओं को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्हें उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। साथ ही संकल्प लें कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। राज्यपाल खेलगांव में रविवार को सांसद खेल महोत्सव के समापन सभा को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य वीरों की भूमि है। यहां भगवान बिरसा मुंडा समेत अन्य महान स्वतंत्रता सेनानी हुए। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद आज मेरा दूसरा कार्यक्रम है। पहला कार्यक्रम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में हुआ। राधाकृष्णन ने कहा कि इस पावन भूमि ने कई ऐसे खिलाड़ी प्रदान किए हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र का नाम रोशन किया है।

राज्यपाल ने इस तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिए संजय सेठ को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के बीच खेल को आगे बढ़ाने व एक नया अवसर प्रदान करने की दिशा में यह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले




प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस प्रकार की पहल ने खेलों के लिए बेहतर माहौल बनाने का काम किया है। अन्य क्षेत्रों में भी इसका आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई सुविधाएं हैं। युवा प्रतिभाओं को संवारने के लिए इन सुविधाओं का पूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने युवा खिलाड़ियों में निहित प्रतिभा को निखारने के लिए प्रशिक्षण को नितांत आवश्यक बताया।

राज्यपाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि पूरा देश चाहता है कि ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक तालिका में ऊपर आए और अधिक से अधिक पदक अर्जित करें। इसके लिए ग्रामों/टोलों में कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों से चलने वाली इस प्रतियोगिता में 5000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने राज्यपाल का खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में आने के लिए आभार प्रकट किया।

### इंदौर सहित मप्र के कई जिलों में 3 तीव्रता का भूकंप

**इंदौर :** इंदौर समेत मध्य प्रदेश के मालवा-निमांड अंचल के जिलों में रविवार दोपहर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.0 दर्ज की गई है। इसकी पुष्टि मौसम विभाग ने की है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने भी ट्वीट के जरिए इसकी पुष्टि की। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक भूकंप का केंद्र इंदौर से 150 किलोमीटर दूर धार जिले में गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा पर केंद्र था। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को दोपहर करीब 12:54 बजे धार, बड़वानी, अलीराजपुर में भूकंप के झटके महसूस हुए, जिसकी तीव्रता 3.0 दर्ज की गई। इसका हाइपोसेंटर 10 किलोमीटर गहराई पर था।

## जंगली हाथी ने घर को किया ध्वस्त



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव में एक विशालकाय जंगली हाथी ने शनिवार की रात्री में अनीता उरांव के कच्चा घर को दो तरफ से ध्वस्त कर पूरे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे घर में रखा सारा सामान दब कर बर्बाद हो गया। घर गिरने व हाथी की आहट पर अनीता ने अपनी तीन छोटे-छोटे बच्चे मनीष, आकाश व सरस्वती को सोए हुए अवस्था में घर से बाहर खींच कर निकाला। अपने गांव के लोगो को इसकी सूचना दी। इस दौरान जंगली हाथी ने घर की दरवाजा उखाड़ दिया। साथ ही दूसरी ओर की दिवाल को ढाह कर एक बोरा चावल खा गया। इधर गिराए गए मकान के मलवे से घरेलू उपयोग के समान दब कर बरबाद हो गया। पीड़ित महिला के पति दुखनू उरांव दूसरे राज्य में मजदूरी करने के लिए गया है। इधर मकान के क्षतिग्रस्त हो जाने से तीन बच्चों के साथ महिला काफी दुःखी है। उसके समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया सुशांति भगत पीड़ीता से मिली और आपदा प्रबंधन के तहद सीओ से समान क्षतिपूर्ति और घर के लिए बीडीओ से बात करने की आश्वासन दिया। साथ ही खाने के लिए चावल मुहैया करवाया। इधर घटना की सूचना मिलने पर वन कर्मी ग्रामीणों को पटाखा दिया। जबकि जंगली हाथी के आ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कार्तिक गोप व सेवक गोप के खेत मे लगी गेंहू के फसल को खा कर व रौंद कर बर्बाद कर दिया है।

## आदिवासी जमीन बचाने को लेकर आदिवासी जमीन बचाव संघर्ष समिति व संयुक्त पड़हा संघ एकत्रित

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कुदा टंगरा टोली में रविवार को संयुक्त पड़हा संघ व आदिवासी जमीन बचाओ संघर्ष समिति की विशेष बैठक प्रखंड अध्यक्ष अनूप लकड़ा की अध्यक्षता में की गयी. जिसमें संयुक्त पड़हा संघ एवं आदिवासी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों भाग लिया. बैठक में विशेषकर आदिवासीयों के जमीन को गैर कानूनी ढंग से खरीद- बिक्री, गरीब असहाय आदिवासी के जमीन हड़पने व कब्जा करने के साथ - साथ जमीन कारोबार से जुड़े दबंग लोगों के द्वारा मराने पीटने व डराने पर संयुक्त पड़हा संघ ने आदिवासी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे चलाने व जमीन को लेकर आदिवासीयों को उनके जमीन मालिकाना हक दिलाने के लिए हर कठिन से कठिन समय एक दूसरे का साथ देने का निर्णय लिया और आदिवासीयों के जमीन से जुड़े मुद्दों को संयुक्त पड़ा संघ व आदिवासी जमीन बचाओ न संघर्ष समिति के पास लाने की बात कही गयी. जिसमें उपस्थित सभी पदाधिकारीयों सहयोग करने कि बात कही. वही बैठक प्रत्येक माह अलग अलग क्षेत्र में करने का निर्णय लिया गया. आगामी बैठक 25 फरवरी को कर्रा बगीचा में रखा गया है जिसमें मुख्य रूप से झामुमो विधायक लोबिन हेमरोम उपस्थित रहेंगे. एवं विधायक के समाने जमीन को लेकर आदिवासीयों के साथ हो रहे अत्याचार रखा जाएगा. और विधायक लोबिन हेमरोम को मुद्दा विधानसभा सत्र में उठाने की अपील किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से बिमल धान, जोसेफ होरो, रूसूवा होरो, बिरसा होरो, रूईला होरो, बुधवा पहान, सरदार होरो, अमरूष होरो, लोरेंस होरो, जीवन होरो,सुधीर हेरेंज, रिझा मुंडा के अलावे संयुक्त पड़हा संघ व आदिवासी जमीन बचाओं संघर्ष समिति के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बांदू में अध्यात्मिक परिचर्चा कर शिव झंडोत्तोलन किया गया

**अड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के बांदु गांव में राजस्थान के माउंट आबू पर्वत से संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर अध्यात्मिक ज्ञान परिचर्चा रखा गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चे पहुंचे।सर्वप्रथम शिव झंडोत्तोलन किया गया दीप प्रज्वलित कर शिव स्तुति की गई और ग्रामीण बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुति के साथ परिचर्चा प्रवचन प्रारंभ की गई। शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि, शिवरात्रि क्यों मनाते हैं शिवरात्रि निराकार परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य अलौकिक जन्म का स्मरण दिवस है। उन्होंने कहा कि शिव के जन्म-दिवस को शिवरात्रि ही कहते हैं। ब्रह्मकुमार विनय भाई जी ने शिवरात्रि का रहस्य बताते हुए कहा कि वर्तमान समय परमात्मा शिव स्वयं धरा पर आकर हमसे काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकार रूपी विकारों की मांग करते है। ब्रह्मकुमारी शकुंतला बहन जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी द्वारा मानव जाती में विशेष आध्यात्मिकता का जागृति कर मानव जाती की निस्वार्थ सेवा की जा रही है। मौके पर नकुल भाई,हरिचरण भाई,भरत भाई,शत्रुघ्न भाई,बाघम्बर भाई,काशीनाथ भाई, लखन भाई,कालोहरि भाई,बरसाय भाई,रामविलास भाई,सम्वत भाई, नंदलाल भाई,एतवा भाई,चंद्रनाथ भाई,सुशील भाई,दमयंती बहन,सुभद्रा बहन,मंगला बहन,शामकुमारी बहन,पार्वती बहन सीमा बहन,दुर्गामनी बहन आदि उपस्थित थे।

## व्यक्ति का शव कुंए से बरामद

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कुरगी बस्ती स्थित मनरेगा कुवां से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान थाना क्षेत्र के ही तुरुगुरु निवासी विजय कुजर 47 वर्ष के रूप में की गई है। इटकी पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुवें से बाहर निकलवा, पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भेजा जाएगा।

## प्रधानाध्यापक ने छात्रों के पढ़ने का किताब बेचा

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नरकोपी के प्रधानाध्यापक द्वारा स्कुल के सरकारी किताब ज्ञान सेतु वर्कबुक वर्ष 2022-23 के कि 600 प्रति बेचने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने एक मोटरसाइकिल में दो बोरी में बंद किताब कबाड़ी में बेचने के लिए ले जाते हुए पकड़ा। मामला मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की तक पहुंचा। विधायक ने तुरंत जांच का आदेश दिए। विधायक के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा सुनिल कुमार चौधरी पदाधिकारी ने जांच किया। उन्होंने बताया कि विधायक के निर्देश पर मैंने स्कूल जाकर जांच किया। जांच में प्रधानाध्यापक द्वारा किताब बेचने का ग्रामीणों द्वारा लगाये आरोप को सही पाया। मैंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विभागीय कार्रवाई हेतु जांच पत्र भेज दिया है। इधर ग्रमीणों ने बतलाया कि उत्कृमित उच्च विद्यालय नरकोपी से एक बाईक सवार युवक द्वारा दो बोरी किताब जो बिलकुल नया था उसे नरकोपी बच्चन किराना दुकान लाते हुए देखा। ग्रामीणों ने उसे गाड़ी रोकने को कहा और पूछा कि ये किताब तुम कहाँ से लेकर जा रहे हो। तो युवक ने बताया मुझे स्कूल के प्रभारी राकेश सर बेचे हैं. ग्रामीणों के भीड़ को देखकर युवक किताब को गाड़ी से उतरकर फरार हो गया। घटना स्थल पर मौजूद नरकोपी उत्कृमित विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार चौधरी छुपकर भाग निकले। बोरा खोलकर देखा गया तो वहां ज्ञान सेतु बुक जो बच्चों को पढ़ने के लिए सरकार देती है। उसे बेचा जा रहा है। ये बहुत शर्म की बात है। जहां सरकार छात्रों के किताब के लिए करोड़ो रूपैये खर्च करती है। वहीं प्रधानाध्यापक द्वारा इस तरह का घिनौना काम किया जा रहा है।

मामले को लेकर नरकोपी अंजुमन कमेटी के सदर व सेक्रेट्री स्कूल गए वहाँ शिक्षक नेहा परवीन से जाकारी लिये। नेहा ने कहा कि ये बहुत गलत हुआ है। जो ये घिनोना कार्य किया उस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। शिक्षक संजू कुमारी व मुनि कुमारी भी यही कहा की बच्चों को बुक देने के बजाय राकेश चौधरी द्वारा कबाड़ में बेचा जा रहा है। ये बहुत गलत बात है। पिछले साल भी बेचा गया था। हमलोग मजबूर हैं। कुछ कहते हैं तो राकेश जी धमकी देते हैं की बहुत टर-टर मत करो वरना ऐसी जगह पोस्टिंग करवा दूंगा की रोते रहोगे।

# कृषि और बागवानी के क्षेत्र में नयी पहचान बना रहे हैं किसान : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज कर्रा प्रखंड अंतर्गत लोयांकेल के किसान पाठशाला में कृषि मेला सह किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ एस.एन पाठक, जज झारखंड उच्च न्यायालय सह प्रशासनिक न्यायाधीश, खूंटी न्यायमण्डल, वरिष्ठ अतिथि प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश, प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश (1), उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी व अन्य अथितियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। न्यायमूर्ति डॉ एस.एन पाठक के द्वारा किसान पाठशाला में प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन किया गया। इस परियोजना में विभिन्न प्रकार की नगदी फसलों का उतपादन एवं किसानों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। इसमें विभिन्न प्रकार की फलों एवं फूलों का उतपादन आधुनिक तरीके से की जा रही है। साथ ही कृषि से जुड़ी जीविकोपार्जन की तमाम गतिविधियां जैसे कि दुग्ध उत्पादन, मछली, मुर्गी, बत्तख, बकरी पालन भी किया जा रहा है। इस परियोजना को समेकित खेती के तर्ज पर तैयार करना एवं किसानों को इसका प्रशिक्षण दे उनकी आय को दोगुणा करने का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में बहुद्देशीय प्रयासों का मॉडल बनाया गया है। इसमें चीकू, पपाया, सीडलेस लेमन, ऐपल, सेव बैर, कॉफी, ड्रेगन फरूट, ग्वावा, अवेकैडो, पाईनऐपल, कीनू व गन्ने की खेती को बढ़ावा मिल रहा है। किसान पाठशाला स्वरोजगार के अवसरों का माध्यम बना है। पूरे खूंटी जिले में हार्टिकल्चर- फलों की बागवानी पर विशेष ध्यान दिया गया है, प्रसंस्करण के लिए फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जायेंगे- इसके प्रथम चरण में आम, कटहल, स्ट्रॉबेरी, टमाटर, लेमनग्रास व जेरेनियम का तेल निकालने की आसवन इकाइयों की भी व्यवस्था की जा रही है। स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में यहां उत्पादन केंद्र, प्रशिक्षण केंद्र, संसाधन केंद्र व किसान पाठशाला की समेकित प्रणाली विकसित की गई है। मुख्यमत्री के निर्देशानुसार किसान पाठशाला को हब और स्पोक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे आस पास के सभी सखी मंडल की महिलाएं, एफपीओ तथा प्रगतिशील किसानों को लाभ दिया जा रहा है। स्थानीय किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध करने के उद्देश्य से फल, अंडा, मीट, मछली के खरीद/बिक्री की व्यवस्था की जा रही है। जिससे किसान काम उपज में यहां बिक्री कर सकते हैं और इसे ई - नाम से जोड़ते हुए बेहतर दाम मिल सकेगा। समारोह में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ एस.एन पाठक, जज झारखंड उच्च न्यायालय सह प्रशासनिक न्यायाधीश, खूंटी न्यायमण्डल द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि कर्रा प्रखंड का समेकित आजीविका कृषि प्रणाली मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है। इससे ग्रामीणों के उत्थान और उनके आय सृजन की गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने इन प्रयासों के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बन कर उभर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योजनाओं की जानकारी सभी ग्रामीणों को होना आवश्यक है। ताकि उन्हें ससमय उन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कृषि सह विकास मेला का आयोजन लोगों को योजनाओं से जोड़ने का माध्यम भी है। आगे उन्होंने बताया कि संविधान के तहत संविधान के प्रदत्त अधिकार जो हमारे बच्चों, हमारी महिलाओं, हमारे मूलवासी ट्राईबल व दिव्यांग जनों को दी गई है। उन्हीं अधिकारों के तहत आज उन्हें प्रोत्साहित किया जाने का प्रयास है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि सुरक्षा का अर्थ तभी सार्थक होगा जब हम अपने अधिकारों के प्रति सजग होंगे व अपने अधिकारों को समझकर उस दिशा में कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे। विशेषकर महिलाओं व बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। इस दिशा में विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब के माध्यम से बच्चों को कानूनी साक्षरता दी जा रही है।

## एसएससी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कुंदी खेल मैदान में रविवार को आयोजित एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रानीखटंगा की टीम ने जीत ली.रानीखटंगा की टीम ने कुंदी की टीम को एक गोल से पराजित किया। अन्य खेले गये मैचों में चिनारो पुरिओ, कुंदी बी व मल्टी पंचायतों की टीम विजयी रही.टूर्नामेंट का उद्घाटन सीओ रश्मि लकड़ा,डीएसपी रजत मणिक बाखला व उप प्रमुख परवेज राजा ने संयुक्त रूप से किया.इससे पूर्व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कर तहत इटकी बाजार से थाना तक रैली निकाली गयी. कार्यक्रम में जिपस रीना देवी,थाना प्रभारी रजनी रंजन, रमेश महली, अबू माज, बलराम गोप, संजय यादव, राजन किस्पोट्टा व इबू इमाम सहित अन्य शामिल थे।

## डकरा में 25 को जनता मजदूर संघ का सांकेतिक अनशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जनता मज़दूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में संघ की बैठक किया गया.बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव ने किया. संघ का बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि हाल में एनके एरिया में उतपन्न औद्योगिक सम्बंध को देखते हुये रखी गयी. ज्ञात हो कि पिछले दिनों डकरा परियोजना के एक आवास के आवंटन को लेकर प्रबंधन द्वारा नियमपूर्वक कार्य नही होने पर संघ ने डकरा इकाई के आवास डकरा के कर्मी प्रभु गंझू वरीय डंफर ऑपरेटर को कराने के पक्ष लगातार आग्रह कर रहा है. बैठक में अति शीघ्र आवास मुद्दे का निस्तारण नही होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया. जिसके तहत आगामी दिनांक



22 फरवरी तीनो पाली में में को गेट मिटिंग व 25 फरवरी को डकरा में सांकेतिक अनशन करना है. बैठक में मुख्य रूप से मौजूद केन्द्रीय सचिव सह जेसीएससी, सदस्य कमलेश सिंह उपस्थित रहें. बैठक के बाद श्री गोलटेंन यादव ने कहा कि सीसीएल सी के एस यूनियन जिस प्रकार एक स्थानीय पुर्नाडीह गांव के है वह डकरा परियोजना में कार्यरत है, आवास भी डकरा में है उस प्रभु गंझू के आवास आवंटन में बाधा उतपन्न किये है ये चिन्ता की बात है, सीसीएल सी के एस यूनियन अभी दबाव के लिए अपना आंदोलन घोषित किया है. जनता मज़दूर संघ ये स्थानीय लड़के की लड़ाई लड़ रहा . सीसीएल सी के एस यूनियन द्वारा डकरा व के डी एच के खान प्रबंधक पर जो अनुचित व गैर वाजिब आरोप लगा रहा वो सरासर गलत है. बैठक का संचालन टुपा महतो धन्यबाद ज्ञापन शंभु गंझू ने किया. मौके पर क्षेत्रीय सचिव डी पी सिंह, सेतुबान्ध सिंह, संदीप सिंह उर्फ छोटू सिंह, अजय चौहान अमियाभ बच्चन, आनंद सिंह,नबी मिया, गणेश शर्मा, चंद्रभूषण सिंह,उपेंद्र यादव बुलु साव, गुल्फी देवी, वीरेन पासवान संजय कुमार, रविन्द्र ओराऊं, राजू शर्मा, नागेशर दुसाध, मुना सिंह, विजय धोबी, अजय दुसाध, जितेंद्र नोनिया, टेकलाल महतो, शंकर साव, तापेश्वर यादव, अनुरुद्ध नोनिया, अभिजीत चौधरी, अयोध्या प्रसाद आदि मौजूद थे.

## झामुमो खलारी का समीक्षा बैठक किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** करकट्टा स्थित झामुमो खलारी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान की अध्यक्षता में पार्टी संगठन की समीक्षात्मक बैठक किया गया. बैठक में प्रखंड एवं पंचायतों के पदाधिकारियों के क्रियाकलापों पर चर्चा किया गया. चर्चा में सभी पदाधिकारियों बताया गया कि संगठन के द्वारा दी गई जिमेवारी को इमानदारी पूर्वक निर्वहन करें. जो पदाधिकारी अपने जिम्मेवारी का निर्वहन सही तरीके से नहीं कर रहे हैं तो उन्हे अपनी जिम्मेवारी के साथ संगठन हित मे कार्य करना प्रारम्भ करें अन्यथा उन्हें पार्टी के नीति सिद्धांतों के तहत उचित करवाई की जायेगी. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन बड़े धूमधाम से करकटा स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय में आगामी 3 मार्च दिन शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे से



मनाया जाएगा. जो कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, अरुण सिंह, महेंद्र चौहान, दिनेश्वर सिंह, राजेश प्रसाद, कमलेश चौहान, अरुण यादव, प्रवीण कुमार, चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, नरेंद्र सिंह, सूरज सिंह, सीतलाल महतो, विशाल पासवान, सुधीर चौहान, अजय मुंडा, विक्की मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे.

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड स्थित मांडर उत्क्रमित विद्यालय में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजीत कुमार एमबीबीएस एमडी फिजिसियन ने 150 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाई दी। लाईफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड़ रांची के आयुष्मान कार्ड के तरफ से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुपोषण से पीड़ित, बजन कम होना, फेफड़े में पानी भर जाना



सहित कई तरह की बीमारियों का किया इलाज। डॉ ने बताया कि लाईफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड़ में आयुष्मान कार्ड से नवजात शिशु से लेकर 16 साल के बच्चों का हर तरह की बीमारियों का इलाज बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। इस मौके पर मुन्ना खान, तबारक खान, सोनू सहित कई हॉस्पिटल के कर्मी उपस्थित थे।

# तुल पकड़ने लगा है आवास आवंटन का मामला

# क्षेत्र के दो सबसे बड़े ट्रेड यूनियन ने की आंदोलन की घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डकरा :** डकरा परियोजना अंतर्गत क्वार्टर नंबर बी/191 को लेकर क्षेत्र के दो सबसे बड़े ट्रेड यूनियन सीसीएल सीकेएस (बीएमएस) और जनता मजदूर संघ (एचएमएस) के बीच उत्पन्न वर्चस्व की लड़ाई अब तुल पकड़ने लगा है.

बीएमएस नेता इसके लिए केडीएच के इलेक्ट्रिशियन विवेक मोती लिखार और एचएमएस डकरा के डंपर ऑपरेटर प्रभू गंझू के लिए पैरवी कर रहे हैं.यह क्वार्टर डकरा परियोजना की है लेकिन हाउसिंग कमेटी ने केडीएच के विवेक को देने पर सहमति जता चुका है लेकिन दूसरे पक्ष का कहना है कि क्वार्टर डकरा की है तो प्राथमिकता डकरा के कर्मी को मिलना चाहिए.

आरोप लगाया कि हाउसिंग कमेटी ने सभी प्रकार के नियम को ताक पर रखकर सहमति बनाया है.विवाद जब बढ़ने लगा तो डकरा प्रबंधन ने निर्णय के लिए फाइल को महाप्रबंधक कार्यालय भेज दिया लेकिन महाप्रबंधक कार्यालय निर्णय लेने के बजाए फाइल पुनः डकरा को भेज दिया.इधर बीएमएस ने अब 24 फरवरी को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है साथ ही डकरा और केडीएच के खान प्रबंधक पर आवास आवंटन के लिए मोटी रकम लेकर काम करने का आरोप लगाया है.एचएमएस ने भी 25 फरवरी को डकरा कार्यालय के समक्ष अनशन करने का निर्णय लिया.अन्य कई श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक से नियम के आधार पर निर्णय लेने का आग्रह किया है लेकिन प्रबंधन ने इस मामले को जिस प्रकार ठंढ़े बस्ते में डाल दिया है उससे विवाद और गहराता जा रहा है

डकरा और केडीएच के कार्मिक अधिकारी एक ही व्यक्ति हैं.इस विवाद में उनके भूमिका को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है.डकरा का आवास के लिए उन्होंने केडीएच में आवेदन लिया और स्वयं डकरा रेफर किया बाद में उनके मौजूदगी में ही डकरा की हाउसिंग कमेटी ने केडीएच के कर्मी को क्वार्टर देने की सहमति जता दी और यहीं से विवाद की शुरुआत हुई.

डकरा हाउसिंग कमेटी के चेयरमैन एलएन राणा ने बताया कि इस मामले में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है लेकिन जिस प्रकार से उन पर आरोप लगाए जा रहे हैं उससे मै बहुत दुखी हूं.

## मदरसा चौक में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के मदरसा चौक में रविवार को अल हेलाल एजुकेशनल वेलफ़ेयर सोसाइटी की और से नगड़ी हॉस्पिटल के डॉक्टरों के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवालय अस्पताल डॉ मेहता मेमोरियल अस्पताल नगड़ी के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रूपक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपांकर जनरल फिजिशियन डॉ पी के सिंह डॉ राजन डॉ ओसामा अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित थे जानकारी देते हुए शहनवाज़ कौशर रज़ा ने बताया कि इस कैंप में कुल 110 का मुफ्त जांच की गई साथ ही 10 लोगों को निःशुल्क आंखों का ऑपरेशन करने



के लिए चिन्हित किया गया ।

इस मौके पर मुख्य रूप से रहमतुल्लाह अंसारी कांग्रेस पार्टी के चान्हो प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद ईशत्याक अंसारी विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव इरशाद खान मुस्लिम अंसारी मोहम्मद अदनान कौसर रजा तबरेज़ मौलाना गाज़ी सलाउद्दीन मौलाना शाहजंहा अम्मार होदा के साथ कई लोग उपस्थित थे।

## सीपीआईएम की दिल्ली रैली को लेकर कोटा में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सारगेया पंचायत के कोटा गांव में सीपीआईएम का संगठनिक बैठक रखी गई। जिसमें आगामी 5 अप्रैल 2023 को किसान - मजदूरों के दिल्ली रैली को सफल बनाने का आह्वान किया गया।सभा को बारी-बारी से कामरेड विरेंद्र कुमार, कामरेड सुरेश मुण्डा, कामरेड गणेश सिंह मुंडा, कामरेड भूषण मुंडा, कामरेड एतवा मुंडा, कामरेड दिवाकर मुण्डा, कामरेड मंगल मुण्डा,कामरेड जहरु मुण्डा, कामरेड सुखनाथ लोहरा आदि ने सम्बोधित



किया।वहीं कोटा ग्राम कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से कामरेड शिवेश्वर अहीर को सचिव बनाया गया और कमिटी में कामरेड पाण्डा मुण्डा, कामरेड सीताराम लोहरा,कमारेड सदानंद स्वांशी, कामरेड रास बिहिरी आदि को में शामिल किया गया।

## कर्रा प्रखंड में कांग्रेस का युद्ध जोड़ों बूथ जोड़ों कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आजखूंटी जिला के कर्रा प्रखंड में प्रदेश प्रभारी दीनबंधु शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देशानुसार यूथ जोड़ों बूथ जोड़ो कार्यक्रम देवरी गांव में किया गया। जैसा कि आप लोग जानते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से कंपनियों का निजीकरण तथा जो महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और युवाओं को जो रोजगार ना मिलने का नीतियों को चलाया जा रहा है उसको देखते हुए युवा कांग्रेस ने आगामी 2024 चुनाव को लेकर पार्टी की सशक्तिकरण के लिए यूथ जोड़ो बुथ जोड़ो कार्यक्रम किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता तोरपा



विधानसभा अध्यक्ष माइकल खलखो ने किया और इसके दौरान सेवियर बेंगरा, संजय खालको, संजीत होरो, संदीप खालको, शंकर केरकेट्टा, कार्तिक खालको, विवेक नायक आदि ने युवा कांग्रेस का दामन थामा। मौके में प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़कर हर एक बूथ मजबूत हो तथा केंद्र में कांग्रेस की सरकार आए। मौके में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने कहा कि इस कार्यक्रम को हर बूथ में जोर शोर से चला के युवाओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य प्रदेश के निर्देशानुसार आगे भी करता रहूंगा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके। मौके में प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी प्रभारी निशा भगत, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संग?, खूंटी 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल अंसारी, खूंटी विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, सीमा खलखो आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## यादव समाज ने किया गम्हरिया थाना प्रभारी सुषमा कुमारी का अभिनंदन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यादव समाज की ओर से नव पदस्थापित गम्हरिया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुषमा कुमारी का अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। साथ ही, थाना प्रभारी से क्षेत्र में शांति व्यवस्था व भाईचारा स्थापित करने में हरसम्भव सहयोग का भरोसा दिया गया। इस दौरान पार्षद सिद्धनाथ सिंह यादव, वार्ड सदस्य कमलदेव राय, बीरेंद्र राय, काशीनाथ सिंह, कमलकांत यादव आदि भी मौजूद थे। वहीं, पूर्व सैनिकों की संस्था द वारियर्स आफ कोल्हान के अध्यक्ष एस0 शेखर के नेतृत्व में भी गम्हरिया थाना प्रभारी को गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया गया। इस मौके पर संस्था के महासचिव सुधीर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष देवशरण सिंह, सत्यवान महतो , दिलीप सिंह, सुबेदार दिनेश महतो समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## कांड्रा मध्य बस्ती हरि कीर्तन में शामिल हुए गणेश महाली



**कांड्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा पंचायत अंतर्गत मध्यबस्ती में शिव मंदिर के प्रांगण में हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली . हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के मौके पर श्री श्री राधा गोविंद अखंड नाम संकीर्तन में शामिल हुए। आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध संकीर्तन मंडली ने प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है. इस मौके पर हरि संकीर्तन समिती के अध्यक्ष विजय महतो ने बताया कि आज से श्री श्री राधा गोविंद अखंड नाम संकीर्तन आज से प्रारंभ हो चुका है. उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध संकीर्तन मंडली इस कीर्तन में शिरकत करेंगे. मौके पर पूर्व उप प्रमुख सह समाजसेवी मनोज महतो, अध्यक्ष विजय महतो, महासाचिव राजकिशोर महतो, धनंजय महतो, गणेश महतो, शक्ति मोदक, कुल महतो, आशीष महतो, विनोद कुमार सेन,चंदन दास मोदक, गंभीर महतो, परीक्षित महतो, राकेश नंदी, मुकेश महतो, सुमित महतो, तूफान महतो, राकेश महतो, अविनाश शर्मा रोहित महतो, कृष्णा महतो, आकाश चंद्र महतो, सुरेश महतो, अनिल चंद्र महतो, सुधीर महतो, अंकुर महतो उपस्थित रहे.

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स रक्तदान शिविर में 201 यूनिट रक्त संग्रह



गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया की प्रमुख कंपनी रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट एक की ओर से सीएसआर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के सीपीओ एसपी सेनापति ने विधिवत फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा है रक्तदान एक पूण्य काम है। एक व्यक्ति के द्वारा दान किया गया दूसरे व्यक्ति को जीवन प्रदान करता है। वर्तमान में ब्लड बैंकों में उत्पन्न रक्त की कमी को हम ऐसे शिविरों के माध्यम से ही पूरा कर सकते हैं। अतः सभी प्रतिष्ठानों और संस्थाओं को इस प्रकार का शिविर आयोजित करना चाहिए। उन्होंने सभी वर्ग के लोगों से ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील किया। इस शिविर के माध्यम से कुल 201 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसे ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया है। शिविर के आयोजन में कंपनी के प्लांट हेड एम बालामुरली कृष्णा, वरीय प्रबंधक(एचआर) रिंटू मुखर्जी, मैनक गुप्ता, सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार, एचआर विभाग के प्रवीण कुमार, मिथिलेश कुमार, शर्मिष्ठा घोष, सतीश कुमार महतो, यूनियन अध्यक्ष अभय लाभ, उपाध्यक्ष दिनेश राम, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव, जितेंद्र बारीक समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का योगदान रहा।

## ब्राह्मण समाज के आदित्य पति को दी गई श्रृद्धांजलि



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां के गोपाबंधु चौक पर आदर्श सेवा संघ, जिला उत्कल सम्मेलनी, राम कृष्णा अपेरा महावीर संग, ओपेरा मां काली नाटक, जय शिव शंकर ओपेरा के लोगों ने सामूहिक रूप से एक शोक सभा का आयोजन कर आदित्य पति को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मालूम हो कि स्वर्गीय पत्ती का पिछ्ले दिन ओडिशा के क्योंझर शहर में निधन हो गया था। मौके पर शोक सभा में कामाख्या प्रसाद षड़ंगी ने कहा स्वर्गीय आदित्य पति का ओड़िया समाज में अहम भूमिका रहा। उन्होंने ओड़िया समाजसेवी लेखक कवि नाटककार जैसे बहुत सारे ओड़िया किताब लिख चुके हैं। वह काफी मिलनसार व्यक्ति थे। शोक सभा में मुख्य रूप से कामाख्या प्रसाद षड़ंगी,हरीश चंद्र आचार्य,सुमंत चंद्र माहाती,विकास सोनार,बिरोजा पति,नरेंद्र कुमार दास, राम गोविंद मिश्रा,सुशील षडंगी, अजय कुमार प्रधान,सुशांत षड़ंगी, सुजीत हाजरा,नयन नायक,शिव शंकर सोनार,प्रीति रंजन नंदा,सपन मंडल, भीमसेन चौधरी,राकेश विषेई,शंभू मंडल,तपन रावत,भरत चंद्र मिश्रा, जोगा षड़ंगी आदि उपस्थित थे।

### मंडल कारा सरायकेला में जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर

# सात मामलों पर विचार, दो अभियुक्त मुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मंडल कारा सरायकेला में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कई बंदियों के द्वारा दिए गए आवेदनों में से 7 मामलों पर विचार किया गया। आज के जेल अदालत में 1 मामले का निष्पादन हुआ तथा 2 अभियुक्त मुक्त हुए। यह मामला मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से निष्पादित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंजू कुमारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कवितांजली टोप्पो, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सुशील पिंगुआ, रवि प्रकाश तिवारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चांडिल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से,सहायक अभियोजन अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, कारा अधीक्षक हिमानी प्रिया, न्यायालय के कर्मी, कारागार के कर्मी और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे। उपस्थित बंदियों को विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि अगर कोई कैदी जो गरीब है, महिला, अनुसूचित जाति जनजाति के लोग अपने मुकदमे के लड़ने के लिए बिल्कुल निशुल्क वकील और अन्य विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में नौकरी के लिए स्थानीय नियोजनालय में निबंधन जरूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला जनसंपर्क कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिले के सभी आईटीआई/ डिप्लोमा एवं पॉलिटेक्निक योग्यताधारी उम्मीदवारों से अपील करते हुए कहा है कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी और नियोजनालय घाटशिला में अपना निबंधन अवश्य कराएं ताकि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन नियमावली 2022 के तहत रोजगार का लाभ भविष्य में ले सकें। किसी भी तरह की अन्य जानकारी के लिए दिए गए फोन नम्बर पर संपर्क कर सकते है :- बम बैजू, नियोजन पदाधिकारी, जमशेदपुर, 93863 21784, अजय कुमार, नियोजन पदाधिकारी, घाटशिला, 8340 404 316.

**जिला जनसंपर्क कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिले के सभी आईटीआई/ डिप्लोमा एवं पॉलिटेक्निक योग्यताधारी उम्मीदवारों से अपील करते हुए कहा है कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी और नियोजनालय घाटशिला में अपना निबंधन अवश्य कराएं ताकि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन नियमावली 2022 के तहत रोजगार का लाभ भविष्य में ले सकें।**

# दो दिवसीय महा शिवरात्रि व्रत में उमड़े श्रद्धालु, आम से खास हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के शिवालयों में दो दिवसीय महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार को दुसरे दिन, सोड़ो जागोडीह महादेव मंदिर, चतुर्मुखी शिवमन्दिर ईचागढ़ सहित तमाम शिवालयों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं महादेव मंदिर जारगडीह में भंडारा का भी आयोजन किया गया। वहीं ईचागढ़ थाना परिसर में महा शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिव बारात में विधायक सविता महतो, एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन के मामा चारू चांद किस्कू, सुकराम हेम्ब्रम ,तरूण डे, भाजपा नेता विनोद राय सहित कई गन्यमान्य लोग सामिल हुए। शिव बारात में गाजे बाजे के साथ भुत प्रेतों का दल थाना परिसर के शिवालय से निकल कर पुरे टीकर का भ्रमण कर शिव मंदिर आपस लौटा। वहीं बारात पार्टी का नेतृत्व थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने किया। महाशिवरात्रियों के अवसर पर ईचागढ़ थाना परिसर स्थित शिवालय से शिव बारात निकली जो जो टीकर गांव का भ्रमण कर वापस शिव मन्दिर पहुंची। वहीं बारातियों के लिए भण्डारा का भी आयोजन किया गया। मौके पर तिरूलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार, दिनेश ठाकुर, नीमडीह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता , एएसआई मनिंदर सिंह, विनय सिंह, नारायण साह, धनंजय सिंह , जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, अध्यक्ष अरुण माझी ,सचिव अनिल सिन्हा, कोषाध्यक्ष बासुदेव चटर्जी, उपाध्यक्ष छुटु घोष व समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# पटमदा में महाशिवरात्रि के मौके पर शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार एवं रविवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यहां दोनों दिन खासकर महिलाओं ने उपवास में रहकर सुबह से शाम 5 बजे तक लाइन में लगकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। रविवार को महिलाओं ने चतुर्दशी व्रत का भी पालन किया। पटमदा के आगुईडांगरा सिंगी बांध के समीप वटवृक्ष के नीचे स्थित शिवलिंग की आगुईडांगरा, चड़कपाथर, तिलाबनी, माहलीपाड़ा, चिटाईडीह, बांकारडीह व फूलबेड़िया आदि जगहों से आये श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। यहां पुजारी सूर्यकांत दास ने पूजा संपन्न कराया। इस दौरान आयोजित बालक भोजन कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी भोग ग्रहण किया। इसमें मुख्य रूप से पुजारी सूर्यकांत दास, ग्राम प्रधान बाघाम्बर सिंह, अजित प्रमाणिक, झंटू सिंह, मनोरंजन सिंह, विधान सिंह, नगर लायक, निताई लायक, मृत्युंजय गोप व सनातन रजक आदि ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं काटिन लाल डूंगरी स्थित बाबा कामेश्वर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। इसमें पुजारी मंटू चरण महापात्र, मंदिर कमेटी के सदस्य पंचानन मिश्र, अर्धेन्दू शेखर महतो, मृत्युंजय महतो, जहरलाल मिश्र, चंदन कुमार मिश्र, कैलाश प्रसाद गोराई, रविन्द्र नाथ महतो व छुटुलाल महतो आदि ने श्रद्धालुओं की मदद की।इसके अलावे लावा, पटमदा व कमलपुर थाना, कुलटांड़, गोबरघुसी, लावजोड़ा, बोड़ाम, कुईयानी, बाघरा, जोड़सा, बामनी, कुमीर, कमलपुर, लायलम आदि गांव स्थित शिव मंदिर में हर हर महादेव की गूंज रही।

## जानलेवा हमला कर गंभीर रुप से जख्मी करने के खिलाफ एक को जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के तिरूलडीह थाना क्षेत्र के चोड़ा गांव से मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी करने के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए रविवार को 50 वर्षीय मोहम्मद फिरोज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शनिवार को चौड़ा गांव में मोहम्मद मजहर अली को मोहम्मद फिरोज एवं सुमंत राउत उर्फ बंगाली ने लाठी डंडे से पीट कर सर फोड़ दिया। बताया जा रहा है कि दोनों बस में सवारी उठाने को लेकर आपस में भीड़ गया। तु तु मै मै से होते हुए लाठी डंडे तक चल गया। बस चालक मजहर अली व सुमंत राउत ने मोहम्मद फिरोज के साथ सवारी उठाने को लेकर कहा सुनी हो गई एवं दोनों आपस में भीड़ गया । मारपीट से मोहम्मद मजहर अली का सर लहुलुहान हो गया । थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि मजहर अली को लहुलुहान हालत में ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे वेहतर इलाज हेतु एमजीएम भेज दिया। उन्होंने कहा कि मजहर अली के लिखित बयान पर मामला दर्ज किया गया एवं मोहम्मद फिरोज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की तहकीकात जारी है।

## सीनी पुलिस ने 24 घंटे में अपहृत नाबालिग को किया बरामद, अपहर्ता को भेजा सलाखों के पीछे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** सीनी ओपी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर नाबालिग युवती के अपहरण मामले का खुलासा करते हुए 21 वर्षीय बबलू अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बता दें कि 18 फरवरी को एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण की लिखित शिकायत सीनी ओपी में दर्ज कराई थी. जिसमें महिला ने कमलपुर निवासी बबलू अंसारी पर अपनी बेटी के अपहरण का आरोप लगाया था. मामला दर्ज होते ही एसपी के निर्देश पर सीनी ओपी प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम ने तकनीकी



अनुसंधान करते हुए 24 घंटे के भीतर युवक को राजनगर थाना क्षेत्र के हेंसल से गिरफ्तार कर लिया. साथ ही नाबालिग युवती को भी बरामद कर लिया. जिसे परिजनों को सौंप दिया है। इसकी जानकारी देते हुए सीनी ओपी प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि दोनों हेंसल में एक किराए के मकान में गुप्त रूप से रह रहे थे. पूछताछ के बाद युवती को परिजनों को सौंप दिया गया है. वहीं युवक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है. हालांकि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है.

## बिना वैध चालान के बालू लदा 1 हाईवा पकड़ाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनिज कारोबार के रोकथाम हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत मउभण्डार से 1 हाईवा अवैध



परिवहन करते पकड़ा गया। मौके पर जब चालक से वाहन में लदे बालू के चालान/कागजात की मांग की गई तो ई चालान 8 फरवरी का पाया गया। ऐसे में बिना वैध चालान के बालू परिवहन को लेकर अंचल अधिकारी, घाटशिला द्वारा वाहन जब्त करते हुए मउभण्डार ओ.पी के सुपुर्द किया गया है।

## आज बहरागोड़ा के खण्डामौदा पंचायत भवन में लगेगा जनता दरबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिले के उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार बहरागोड़ा प्रखंड के खण्डामौदा पंचायत भवन में 20 फरवरी को पूर्वाह्न 10:30 बजे से जनता दरबार का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उपायुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी को जनता दरबार में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण, आपूर्ति, मनरेगा, आवास, विद्युत, आधार/वोटर कार्ड, राजस्व, श्रम नियोजन, कृषि पशुपालन, सहकारिता एवं संबद्ध विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, पंचायत विभाग, जनसंपर्क, विधि व्यवस्था/परिवाद समस्या समाधान आदि से सम्बन्धी कुल 19 स्टॉल लगाए जाएंगे। सभी स्टॉल पर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार तथा समस्याओं के समाधान व योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त करने का निदेश सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को दिए गए हैं।

# सफेद हाथी साबित हुआ धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का शिलान्यास व घोषणा : पप्पू

### केंद्रीय उड्डयन मंत्री वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान ढूंढे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी सरकार की इच्छा शक्ति कमजोर होने के कारण प्रस्तावित धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का काम रोक दिया गया है तत्कालीन रघुवर सरकार एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा शिलान्यास एवं घोषणा के समय सरकार भली-भांति जानती थी कि यह क्षेत्र एलिफेंट कॉरिडोर है फिर भी शिलान्यास कर जनता की आंखों में धूल झोंकना एवं कॉरपोरेट घराना जनप्रतिनिधि एवं तत्कालीन सरकार का यह प्रोजेक्ट षड्यंत्र का शिकार हुआ। फिलहाल वन विभाग ने आपत्ति दर्ज की है। जमशेदपुर से हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह बहुत बड़ी नाइंसाफी है।



जमशेदपुर कोर्ट के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने एक बयान जारी कर उक्त बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि अभी जमशेदपुर से हवाई सफर करने वाले यात्रियों को रांची या कोलकाता जाना पड़ता है वहां से ही आवागमन कर सकते हैं। वैसे सोनारी एयरपोर्ट से कई बार छोटे विमान की उड़ान शुरु होती है और जल्द ही बंद भी हो जाती है। सोनारी एयरपोर्ट टाटा स्टील का है और वहां बड़े विमान उतरने की सुविधा नहीं है। जमशेदपुर से सटे धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट अंग्रेजों के जमाने से था जिसको विकसित कर बड़े विमानो की उड़ान संभव थी परंतु वन विभाग ने उस क्षेत्र को एलीफेंट कॉरिडोर बताते हुए एयरपोर्ट के काम को रोकने के लिए बोल दिया। अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है इस समस्या का समाधान कैसे हो। सड़क बनाना हो या एयरपोर्ट बनाना हो हर जगह वन विभाग आपत्ति करती है जबकि वन विभाग के हजारों एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा हो गया है। वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से वन संपदा की लूट हो रही है। अब वन विभाग ने एलीफेंट कॉरिडोर के नाम पर धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का काम रुकवा दिया है। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी काम को समय पर नहीं कर पाती इस कारण से जनता में आक्रोश है। केंद्रीय उड्डयन मंत्री को इस दिशा में पहल करनी चाहिए और वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि जमशेदपुर से हवाई सफर करने वाले यात्रियों को सुविधा एवं राहत मिल सके। झारखंड की अधिकांशत भूमि वन भूमि है तो क्या झारखंड में विकास संभव नहीं?

## परिवार समेत सांसद विद्युत महतो ने पावड़ी स्थान में की महाकाल की अराधना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** महाशिवरात्रि के मौके पर रविवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो परिवार समेत कांड्रा पहुंचे और पावड़ी स्थान स्थित आश्रम में भगवान भोलेनाथ की आराधना कर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. पावड़ी स्थान आश्रम में पुजारी भैरवनाथ ने सांसद और उनके पूरे परिवार को विधि- विधान से पूजा-अर्चना कराई. इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे. पूजा के बाद सांसद विद्युत महतो ने परिवार समेत प्रसाद भी ग्रहण किया. बता दें कि पावड़ी स्थान कांड्रा से सांसद का पुराना नाता रहा है और वे प्रत्येक वर्ष यहां होने वाले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लेते रहे हैं. मौके पर करणगिरीगुढ़ा के ग्राम प्रधान नरेन्द्र महतो, समाजसेवी लालबाबू महतो, बप्पा पात्रो, युवा सामाजिक कार्यकर्ता राहुल महतो के साथ साथ काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

## तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का हुआ शंखनाद

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड में ऐतिहासिक तीन की संगम स्थली मां भद्रकाली मंदिर परिसर मे आज से तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आगाज हो गया है। महोत्सव का उद्धाटन सुबे के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह व सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जविलत कर किया। इस मौके पर डीसी अबु इमरान,एसपी राकेश रंजन,डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता व मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ समेत बड़ी संख्या मे अधिकारी व लोग मौजूद थे। इस दौरान उद्धाटन समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे सभी अतिथियों का मंदिर प्रबंधन समिति के लोगो ने स्वागत किया। जिसके बाद अतिथियो ने मां भद्रकाली के समक्ष



माथा टेककर राज्य व चतरा जिलेवासियों के अमन शांति की कामना? की। जिसके बाद मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण मे मंत्री व अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण कर महोत्सव को यादगार बनाया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि दो वर्षो की वैश्विक महामारी कोरोना की बाधाओ के बाद आज पहली बार महोत्सव का भव्य तरीके से आयोजन हुआ है। इससे पूर्व दो वर्षो तक महोत्सव सांकेतिक रूप से मनाया गया था। मंत्री ने कहा कि आज भद्रकाली मंदिर परिसर मे आयोजित इटखोरी महोत्सव की ख्याति राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देशभर मे है। ऐसा ही आयोजन जिले के अन्य प्रखंडो मे भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिले के टंडवा मे सुप्रसिद्ध चुन्दरूधाम,कुन्दा मे महादेव व गिद्धौर मे मां बागेश्वरी मंदिर भी है। ऐसे मे इटखोरी की भांति इन स्थानो मे भी महोत्सव काआयोजन किया जा सकता है। वही सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि महोत्सव की शुरुआत 2015 में हुई थी। तब राज्य में भाजपा की सरकार थी। लेकिन आज जब सरकार बदली है तब भी महोत्सव का स्वरूप वही है। सांसद ने सुनिल कुमार सिंह ने कहा है कि सरकारें आती रहेगी लेकिन महोत्सव का स्वरूप निरंतर और निर्बाध रुप से चलते रहेगा ।उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी सभ्यता संस्कृति से अवश्य ही रूबरू होना चाहिए कि उनका गौरवशाली इतिहास एवं सांस्कृतिक धरोहर हुआ करता था। उन्होंने बताया कि बौद्ध काल में इटखोरी को इतखोए सेजाना जाता था और उससे भी प्राचीन काल के समय में यह स्थान भदलपुर के नाम से जाना जाता था ।सांसद ने बताया कि आज भी इटखोरी के कुछ क्षेत्रों में इटखोरी मंदिर प्रांगण क्षेत्र को भदुली के नाम से जाना जाता है ।इस बात की प्रमाणिकता भी मिलती है कि इटखोरी मंदिर परिसर क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर अत्यंत ही प्राचीन है और आने वाली पीढ़ियों को इससे अवश्य रूबरू होना चाहिए ।सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मां भद्रकाली की असीम अनुकंपा चतरा सहित पूरे प्रदेश वासियों को है ।उन्होंने बताया कि इटखोरी के साथ-साथ कौलेश्वरी, चुंदरू धाम, लेंबोइया मंदिर ,महादेव मठ सहित कई अनेक धरोहर चतरा जिला में विद्यमान है जिन्हें विकसित किया जा सकता है ।जबकि सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि इटखोरी तीन धर्म की संगम स्थली के रूप में पूरे विश्व में विख्यात है। सनातन धर्म के साथ-साथ जैन एवं हिंदू धर्मावलंबियों का भी धार्मिक स्थल है ।हालांकि इटखोरी महोत्सव में भीड़ कम कम होने के कारण उन्होंने जिला प्रशासन को कटघरे में भी लिया। उन्होंने बताया कि इटखोरी महोत्सव में सुरक्षा के नाम पर लोगों को परेशान किया जाता है और स्थानीय लोगों की सहभागिता महोत्सव से कम होता जा रहा है उन्होंने जिला प्रशासन को सलाह देते हुए कहा है कि इस पर जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार के द्वारा राजकीय ईटखोरी महोत्सव के नाम पर साज-सज्जा से काफी खर्च किया जाता है। गौरतलब है कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ही इटखोरी प्रखंड आता है। जबकि चतरा के उपायुक्त अबू इमरान ने कहा कि राजकीय ईटखोरी महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा बेहतर व्यवस्था की गई है और चतरा जिला के सभी पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लक्ष्नपुर डैम को विकसित किया जा रहा है। पर्यटन की दृष्टि से लक्ष्नपुर डैम चतरा जिला का महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र है । डी सी अबू इमरान ने पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन के लिखित बयान को भी पढ़ा।गौरतलब है कि राज्य के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन को राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्धाटन समारोह में शामिल होना था।

## खुलेआम जेसीबी मशीन से किया जा रहा है डोभा व तालाब का निर्माण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत खुलेआम मनरेगा योजना से बनाए जा रहे डोभा मे जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। डोभा निर्माण क्रम में लोगो को जानकारी होने तथा जांच होने पर यह कार्य मनरेगा का नहीं होने की बात मनरेगा के कर्मचारी द्वारा कह दिया जाता है और अपना पल्लू सीधा कर लिया जाता है। यदि हल्ला नहीं हुआ तो डोभा बनाने के बाद जिओ टैग करके इसकी प्रशासनिक स्वीकृति दे दी जाती है। और राशि का फर्जी निकासी का सुरवात किया जाता है। प्रखंड प्रमुख अनिता यादव गुरुवार को मशीन से डोभा कार्य का जांच करने पहरा पंचायत के मारंगी गांव पहुंची बताया गया कि यह कार्य बुधवार की देर रात शुरू किया गया था।प्रमुख ने जब पंचायत के रोजगार सेवक सुनील कुमार से जानकारी लेना चाहा लेकिन रोजगार सेवक मोबाइल फोन रिसीव नही किया। बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है ।ऐसा कोई भी योजना मनरेगा से नही है। प्रमुख अनिता यादव प्रखंड में जेसीबी मशीन से तालाब व डोभा खुदाई पर अंकुश लगाने का कोशिश लगातार कर रही है। उसने बताया कि सभी अधिकारी महोत्सव मे व्यस्त है। ऐसे में मशीन से डोभा की खुदाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के मजदूर रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश जा रहे है। और डोभा की खुदाई जेसीबी से कराए जा रहा है जो जांच का विषय है।

# श्रीश्री108श्री रुद्र महायज्ञ का कलश विसर्जन के साथ हुआ समापन

- सात दिवसीय यज्ञ विसर्जन में सम्मिलित हुए विधायक एवं जिला उपाध्यक्ष
- कच्चे जग मंडप को पक्का करने का किया घोषणा : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत रामनगर कटघरा में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री 108 श्री रूद्र महायज्ञ का समापन कलश विसर्जन के साथ रविवार 19 फरवरी को किया गया।जहां कलश विसर्जित में शामिल हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास एवं जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी। कलश विसर्जन प्रचलित रामसागर में गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से तालाब में किया गया। जुलूस को भव्य तरीके से श्रद्धालुओं व भक्तों



ने बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है जैसे नारा लगाते हुए नाच गान करते दिखे। यज्ञ विसर्जित में सम्मिलित हुए विधायक ने कच्चे लकड़ी का बना जग मंडप को पक्का करने का घोषणा किया। जिससे श्रद्धालुओं में अत्यधिक खुशी देखी गई। लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए मंडप पक्का का होने की बात को सुनकर सभी भक्तों ने विधायक की खूब प्रशंसा किया। कार्यक्रम में सम्मिलित गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी यज्ञ डायरेक्टर व संचालक मुन्नी लाल दांगी सत्येंद्र कुशवाहा गुड़िया देवी शिवनाथ दांगी शिव कुमार दांगी उपेंद्र दांगी जोगेंद्र दांगी आशिस कुमार व हजारों भोलेनाथ के भक्त श्रद्धालु विसर्जन में सम्मिलित थे।

## कल्याण विभाग से बने कब्रिस्तान घेराबंदी का हुआ उदघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड अन्तर्गत धनगडा पंचायत के ग्राम खरीका में कल्याण विभाग से बने कब्रिस्तान घेराबंदी एवम 15 वीं वित से खरीका तालाब में सीढ़ी का उदघाटन टंडवा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, अल्पसंख्यक कल्याण व सड़क सुरक्षा विभाग सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद बेलाल, धनगडा पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह एवम विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा ने किया। झारखण्ड सरकार कल्याण विभाग से बीस लाख की लागत से बने कब्रिस्तान घेराबंदी से खरिका के ग्रामीण काफी खुश हैं। जहां एक ओर चारदीवारी बनने से अब उस जगह पर अतिक्रमण नहीं होगा, वहीं दूसरी ओर चारदीवारी हो जाने से वह जगह सुसज्जित रूप में दिख पा रहा है। खरीका के ग्रामीण चारदीवारी कार्य पूर्ण होने पर खुशी का इजहार करते हुए सांसद सुनील



कुमार सिंह और विधायक किशुन कुमार दास एवम अपने स्थानीय मुखिया के प्रति आभार प्रकट किया। खरीका में आयोजित उदघाटन समारोह की अध्यक्षता मुखिया अरबिंद कुमार सिंह एवम संचालन कारी मुमताज ने किया। मौके पर विशेष रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, गाड़ीलौंग मुखिया पति सह समाजसेवी सुभान अंसारी, सहायक अध्यापक संघ प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, भागवत प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल मंत्री अभिषेक राज, धनंजय पांडेय, राजू यादव, पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट प्रदेश कोषाध्यक्ष उपकार सिंह मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद आलम, मोहम्मद सतार , रूपेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

## भवन रहने के बावजूद बरदौनी ग्राम में स्वास्थय उप केंद्र निर्माण हेतु निकला गया टेंडर



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकारी पैसे का दुरुपयोग कैसे किया जाता है,इसका उदाहरण महुआडांड़ प्रखंड के बरदौनी ग्राम में देखा जा सकता है। यहां तीन वर्ष पूर्व भवन प्रमंडल द्वारा बरदौनी में लगभग 3.5 करोड़ की लागत से प्राथमिक स्वास्थ उप केन्द्र का निर्माण कराया गया था। साथ ही कई भवन भी बनाए गए थे। भवन तो बना दिए गए लेकिन निर्माण उपरांत आज तक एक भी चिकित्सक की बहाली नही की जा सकी और निर्मित भवन देख रेख के अभाव में खराब हो रहा है। लेकिन इन सबके बावजूद पुनः बरदौनी ग्राम में भवन प्रमंडल लातेहार द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना द्वारा बरदौनी ग्राम में 55 लाख की लागत से स्वास्थय उप केंद्र के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में बरदौनी के ग्रामीण जगन्नाथ नायक, गुप्तेश्वर सिंह, बिटून मुण्डा आदि ने बताया कि चार साल पूर्व जब गांव में साढ़े तीन करोड़ की लागत से 40 बेड की क्षमता वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण वर्ष 2019 में किया गया था तो ग्रामीणों में एक उम्मीद जगी थी। क्योंकि इस तरह का स्वास्थ उप केंद्र भवन पूरे अनुमंडल में कहीं नहीं है। लेकिन इस अस्पताल में आज तक डॉक्टर नहीं आने से ग्रामीणों को निराशा ही हाथ लगी है। यहां रहने के लिए एक भी डाक्टर बहाल नहीं किया गया है वर्ष 2019 में। भवन बनने के बाद बरदौनी कला, बरदौनी खुर्द, लुरगुमी, साले, टीमकीटाड़, पाकरडीह, मौनाडीह समेत कई गांव के ग्रामीणों में एक उम्मीद जगी थी कि उन्हें प्राथमिक इलाज और उपचार के प्रखंड मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। परंतु आज भी यहाँ के ग्रामीण चिकित्सकों के नहीं रहने से काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। दुरूप पंचायत के अगल बगल के गांव की लगभग 10 हजार आबादी की स्वास्थ्य व्यवस्था मात्र एक एएनएम के भरोसे निर्भर है। ऐसे में पुनः 55 लाख की बिल्डिंग का निर्माण करना सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही है। अगर करना ही है तो इन पैसों से अच्छे डॉक्टर अस्पताल में भेजे जाए। ताकि पैसे का उपयोग सही जगह पर हो सके।

# शिव की पहुंची बारात, बारातियों का गर्मजोशी से हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** महाशिवरात्रि पर पहाड़ी मंदिर से देर शाम भगवान शिव की बारात गाजे-बाजे और सैकड़ों बारातियों के साथ पार्वती के द्वार थाना मंदिर पहुंची। जहां बरातियों के खैरमकदम के लिए तैनात अंचलाधिकारी राकेश सहाय, डीएसपी दिलू लोहरा, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, अभिषेक कुमार के साथ सम्मानित पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह की खास मौजूदगी रही।जहां इन्होंने मौके पर पहुंचे सभी बारातियों का गर्मजोशी के साथ गले लगाकर स्वागत किया और पारंपरिक तरीके से द्वार पूजा की रस्म थाने में पदस्थापित जवान दिनेश प्रजापति और उनकी पत्नी के द्वारा अदा की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में विवाह की रस्म अदा की गई। इस दौरान बरातियों की स्वागत में भोजन का प्रबंध स्थानीय प्रशासन सह सरातियों के द्वारा किया गया। थाने में शिव विवाह का यह सिलसिला बरकरार अपने आप में एक मिशाल पेश किया है।

# एसपी के निर्देशानुसार एसडीपीओ के नेतृत्व में गठिति टीम ने हत्या के आरोपियों को 48 घण्टा के अंदर किया गया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस कप्तान राकेश रंजन के आदेशानुसार एसडीपीओ अविनाश कुमार की नेतृत्व में गठित एसआइटी टीम ने 48 घण्टे के अंदर हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इस बाबत आज सदर थाना चतरा में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। ज्ञात हो कि 14 फरवरी को हेरुवा नदी बंसती टोला तपेज के पास प्रकाश कुमार पिता कुंजल यादव, साकिन दिभा थाना सदर जिला चतरा का शव मिला था। जिसके बाद वादी कुंजल यादव के लिखित आवेदन के आधार पर सदर थाना कांड संख्या - 29/23 दिनांक- 14/02/23, धारा 302/201/34 भादवि दर्ज किया गया। इस कांड के उदभेदन हेतु पुलिस कप्तान राकेश रंजन चतरा के द्वारा एसडीपीओ चतरा अविनाश कुमार के नेतृत्व में एस0 आईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुये दक्षता



पूर्वक कार्य करते हुये तकनिकी शाखा के मदद से कांड दर्ज होने के 48 घंटे के अन्दर कांड में संलिप्त मूख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष दिये अपने स्वीकारोक्ती बयान में अपना-अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कारवाई कि जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों मे सीटू कुमार यादव पेसर- राजेश यादव साकिन दिभा मुहल्ला, संजय कुमार यादव पेसर- धनेश्वर यादव साकिन दिभा मुहल्ला , प्रवीन यादव पेसर बोधी यादव साकिन दिभा मुहल्ला , विक्की कुमार पेसर राजु कुमार राम साकिन- नंगवा, सभी थाना सदर जिला चतरा के हैं। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एंव कर्मीयों में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस उपाधिक्षक (प्रशिक्षु) चतरा श्री धनंजय राम पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक प्रकाश सेठ पुलिस अवर निरीक्षक कौशल कुमार सिंह , महिला पुलिस अवर निरीक्षक बीना कुमारी शामिल हैं।

## आराध्या महिला समिति सीसीएल के द्वारा गर्भवती महिलाओं के बीच बाटा गया पौष्टिक आहार



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अर्पिता महिला मंडल के मार्गदर्शन में आराध्य महिला समिति आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र की अध्यक्षया प्रियंका सिंह के द्वारा परियोजना प्रभावित गांव के गर्भवती महिलाओं के बीच कई तरह के पोस्टिक आहार का वितरण किया गया। रविवार को आम्रपाली परियोजना कार्यालय में होन्हे गांव की गर्भवती महिलाओं के बीच में पौष्टिक आहार का एक बास्केट दिया गया। जिसमें मदर हॉरलिक्स, खजूर, सेव, सोंठ के लड्डू, तेल तथा अन्य जरूरत की सामग्रियां सामिल है। आपको बताते चलें कि आराध्या महिला समिति आम्रपाली चंद्रगुप्त-क्षेत्र के द्वारा यह सामाजिक कार्यक्रम बिमला प्रसाद अध्यक्षा अर्पिता महिला मंडल सिसीएल के मार्गदर्शन में हर महीने किया जाता है। इस मौके पर समिति के सदस्य शारदा प्रसाद, रेखा मेहता, मनीषा सिंह, नुजहत अखूतर आदि मौजूद रहीं।

## अम्बेडकर चेतना परिषद का 17 वां वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

# लोकतंत्र को स्वस्थ करने में गौतम बुद्ध जैसे विशेषज्ञ की जरूरत : डॉ संजय सुमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह गढ़वाटाड़ के मैदान में रविवार को अम्बेडकर चेतना परिषद का 17 वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजय कुमार सुमन, विशिष्ट अतिथि डॉ डी सुरेंद्र नायक और डॉ पूनम कुमारी प्रोफेसर बीएच् यू वाराणसी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेडकर चेतना परिषद के अध्यक्ष गोपाल बौद्ध ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ भीम राव अम्बेडकर, महात्मा बुद्ध के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया साथ ही सभी मुख्य अतिथियों को वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय सुमन ने कहा कि हमारा समाज



बहुत ही पिछड़ा है। लोकतंत्र और संविधान क्या हैजेड लोगो को इसकी जानकारी बहुत ही कम है। लोकतंत्र के जो आवश्यक आधार स्तम्भ है, स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व। वह आज से ढाई हजार साल पूर्व बुद्ध प्रतिपादित भिक्खुसंघ में दृश्यमान था। आज भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जातिवाद, सामाजिक आर्थिक असमानता, पक्षपात, बहुमत का दुरुपयोग, संवैधानिक नैतिकता का अभाव अनेक दोष हाल के दिनों में देखें जा रहे हैं, जो लोकतंत्र को अस्वस्थ और कमजोर कर दिया है जो साकारात्मक और प्रगतिवादी राजनीति को असंभव बना दिया है। ऐसे में हमें स्वस्थ और सुंदर लोकतंत्र के निर्माण के लिए गौतम बुद्ध की ओर लौटने की आवश्यकता है।इसके अलावा सुमन कुमारी, रमेश कुमार, मुंद्रिका बौद्ध, अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया। सम्मेलन को सफल बनाने में रमेश कुमार का अहम योगदान रहा। मौके पर रविंद्र राम, मुनेश्वर राम, श्री राम राम, अजय दास, वीगन राम, दिलकेश्वर राम, समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय की एनएसएस कोर्डिनेटर एनएसएस के विशेष शिविर के चौथे दिन हुई शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/ हंतरगंज :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की कोऑर्डिनेटर डा0 जॉनी रूफीना तिर्की रविवार को राम नारायण मेमोरियल कॉलेज हंटरगंज के एनएसएस इकाई के द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुई। इनके आगमन पर कॉलेज के सेमिनार हॉल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन एनएसएस पीओ डा0 फहीम अहमद कर रहे थे। मुख्य अतिथि डा0 जॉनी रूफिना तिर्की ने अपने संबोधन में एनएसएस के द्वारा ग्राम डुमरी कलां में किए जा रहे सामाजिक जागरूकता कार्यों की सराहना करते हुए कही की सामाजिक कार्यो से जहां अंतर आत्मा को शांति मिलती



है वहीं सामाजिक स्तर पर पिछड़े लोगों से मिलकर जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि हजारों स्टूडेंट्स कॉलेज में एडमिशन लेते हैं लेकिन सभों को यह अवसर नही मिलता जो आप सभों को मिल रहा है। एनएसएस विलेंटियर अपना तुलना दूसरे स्टूडेंट्स से कर के देखें की किस के व्यक्तित्व का विकास हुआ है। एनएसएस का मुख्य उद्देश सामाजिक सेवा के साथ व्यक्तित्व का निर्माण करना है।एनएसएस से जुड़े लोगों की जीवन शैली में दिखना चाहिए।उन्होंने आगे कहा की एनएसएस का लक्ष्य गीत भारत के संविधान की प्रस्तावना की तरह सब कुछ बताता है की किया करना है सिर्फ उस गीत में डूब कर देखा जाए जीवन सार्थक हो जायेगा।इस इकाई के द्वारा बेहतर कार्य करने वाले वॉलिंटियर विश्वविद्यालय,राज्य और राष्ट्र स्तर के प्रतियोगिता में जा सकते हैं जहां आपके व्यक्तित्व का विकास ही नहीं बल्कि एक अनोखा निर्माण होगा।जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए की आप का जीवन यूंही और लोगों के तरह व्यर्थ तो नही हो रही है। जीवन में अगर इसे अपना लिया गया तो जीवन सफल और सार्थक होगी। जीवन जीने के उद्देश्यों की प्राप्ति हो सकती है।मुख्य अतिथि के आगमन पर एनएसएस के वोलेंटियरो ने पुष्प वर्षा करते हुए सेमिनार हॉल तक लाया।जहां उन्हें फूलों का माला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आगाज रोहणी रानी और उममे शानिया के लक्ष्य गीत और क्लैपिंग से विधिवत किया गया। इस मौके पर स्वागत गीत प्रीति कुमारी और संजू कुमारी ने संयुक्त रूप से गाई।दहेज जागरूकता पर ऋषभ राज गुप्ता ने इस समाज में अभिशाप बताया। जबकि मुस्कान कुमारी ने दहेज पर कविता के माध्यम से इस कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरदार दिलजीत सिंह, सौरभ कुमार,मो जावेद, नितेश कुमार, मनीष कुमार, मो फैजान खालिद, साद अहमद,स्नेह लता, अनामिका कौर, संजू कुमारी के अतिरिक्त सभी स्वयंसेवकों में महती भूमिका

## संक्षिप्त खबरें

### दर्जनों युवाओं ने थामा झापा का दामन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चोकाद गांव के जागरूक युवाओं ने झारखण्ड पार्टी के रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो से सम्पर्क किया और पार्टी के विचार धारा और चुनावी मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने की बात कही। इसी क्रम में आज सोसोकला पहुंच कर झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो और पार्टी के अध्यक्ष अजित कुमार,उपाध्यक्ष एलेस्टर बोदरा,प्रधान महासचिव अशोक भगत ने परमेश्वर महतो,जलेश्वर महतो,फुलेश्वर महतो,उपेन्द्र महतो,हरिचरन महतो,मुकेश रजक,महावीर रजक,बिंदेश्वर महतो,योगेन्द्र महतो,नाथूराम महतो,दीपक महतो,विवेकानंद चटर्जी,जनक महतो,शिवा रेडी,राजेश महतो,कुंवर महतो,हेमंत महतो,शंकर महतो,राजेश रजक एवं अन्य ग्रामीणों को माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी।परमेश्वर महतो ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के अहम मुद्दों और रामगढ़ के मूलभूत समस्याओं यानि शिक्षा,रोज़गार, स्वास्थ्य सहित सभी मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी में जुड़ रहे हैं और जनजागरणके माध्यम से चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। सभी ग्रामीणों ने झारखण्ड पार्टी को इस बार प्रचण्ड बहुमत से जीताने की बात कही।

### दुलमी में तोरपा विधायक ने आजसू के पक्ष में जनसंपर्क किया

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में भाजपा तोरपा विधायक कोचे मुंडा के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपील किया कि रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को एक एक वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का काम करें और रामगढ़ विधानसभा की विकास के लिए रास्ता को मजबूत करें उन्होंने बताया कि एनडीए के शासनकाल में रामगढ़ विधानसभा का पिछले 15 वर्ष पूर्व जो ऐतिहासिक विकास कार्य हुआ है जिसे देख विपक्ष घबरा गई है और उनके पास विकास का कोई भी पैमाना नहीं है अब यहां की जनता ने तय कर लिया है कि चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट भारी मतों से जीत दिलाने का काम करें। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो गणेश कुमार, सिकंदर कुमार, रामजीत कुमार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान में शामिल थे।

### श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख व विभिन्न पंचायत के पंस सदस्य

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के करसों पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी के पति राजेंद्र राम का आकस्मिक निधन कुछ दिन पहले हो गया था। रविवार को प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देव लाल कुशवाहा, बेंदगी पंचायत समिति प्रतिनिधि झम्मन यादव, बरही पश्चिमी के पंचायत प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, बरसोंत पंचायत समिति प्रतिनिधि सुजीत कुमार, दुलमाहा पंचायत समिति प्रतिनिधि जितेंद्र गिरी, पंचायत, पंचायत प्रतिनिधि रोहित यादव, कोनरा पंसस प्रतिनिधि सागर अंसारी आदि मृतक राजेंद्र राम के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर प्रमुख मनोज रजक ने कहा हम लोग करसो पंचायत समिति सदस्य के परिजनों के साथ है। हमेशा हर दुख सुख में हम लोग साथ देने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि विभिन्न पंचायत पंचायत समिति सदस्य आपस में सहयोग राशि इकठ्ठा कर पंसस रेखा देवी को आर्थिक सहयोग भी किया गया।

# रामगढ़ में विकास के लिए आजसू ही विकल्प : सुदेश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 गोबरदरहा वार्ड नंबर 28 छतरमांडू 29 कोठार में वार्ड संख्या 30 मुरामकलां, वार्ड संख्या 31 चेटर, 32 कुरूम आदि गांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मतदाताओं से अपील किया की सुनिता चौधरी के पक्ष में वोट कर भारी मतों से विजय बनाने का काम करें। चुनावी जनसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आजसू पार्टी द्वारा रामगढ़ में अनगिनत ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए हैं जिसमे से रामगढ़ जिला का निर्माण, प्रखंडों का निर्माण, जिला मुख्यालय का निर्माण करना, जेल का निर्माण, जिला स्वास्थ्य केंद्र बनाना, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग आदि शामिल है।

### आजसू अनुसूचित जाति के पदाधिकारियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रजरप्पा :** रामगढ़ जिला अनुसूचित जनजाति महासभा के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान सचिव अमरदीप राम के द्वारा चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के छोटकी लारी, बोरोबिंग, चितरपुर बड़की पोना, मारगमरचा आदि पंचायतों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया तथा मतदाताओं को चुनाव चिन्ह का पर्ची वितरण किया गया जिला अध्यक्ष ने मतदाताओं से अपील किया कि रामगढ़ के बेहतरीन विकास के लिए आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता चौधरी को केला छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने का काम करें उन्होंने रामगढ़ की मतदाताओं से कहा की रामगढ़ में विकास का एक ही विकल्प है सुनीता चौधरी 2023 के इस विधानसभा उपचुनाव में जनता का झुकाव विकास की ओर बढ़ा है तथा इस बार सुनीता चौधरी की जीत निश्चित होगी तथा मतदाताओं से उन्होंने अपील किया कि पहले मतदान उसके बाद जलपान करें उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार को भारी मतों से वोट देकर झारखंड विधानसभा भेजने का काम करें ।

## मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** उपचुनाव रामगढ़ को लेकर अरगड्डा झोपड़ी मतदाताओं के बीच बीएलओ बुथ 78 कोमल सिंह, इंडियन रिपोर्टस एसोसिएशन(ईरा) प्रदेश संगठन रविकांत बनर्जी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। अवसर पर लोगों के बीच बीएलओ ने मतदाता पर्ची, पत्रिका चलो करें मतदान, मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया।

## अरगड्डा में भोलेनाथ की बारात निकली, भंडारे में बंटा खीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** महाशिवरात्रि के दूसरे दिन रविवार दोपहर करीब 3 बजे अरगड्डेश्वर मंदिर प्रांगण में 24 घंटे अखंड कीर्तन का समापन हुआ। भोले भंडारी के बारात यात्रा गाजे बाजे के साथ महाकाल मंडली व क्षेत्र के भक्तों के द्वारा अरगड्डा बाजार शिव मंदिर से रोलर चौक, नीचे धौड़ा, दामोदर नदी तक भ्रमण किया। भक्तों के द्वारा हर- हर महादेव, मां पार्वती, गणेश, कार्तिकेय के जयकारे से पूरा क्षेत्र में



गूंजामय बन उठा। भंडारे में खीर प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया। शांति जल लेने के पश्चात भोले भंडारी का महोत्सव शिवरात्रि पूर्ण हुआ। मौके पर महाकाल समिति अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान उर्फ सिक्की, रिक्की पटवा, कृष्णा पासवान बबलू राम, मोहन राम, निलेश सोनी, शत्रुघ्न पांडे, डब्बू सिंह, विक्की पासवान, राजा ठक्कर, भूपत ठक्कर, कुणाल, किशोर, अनिल चौधरी, अनु सिंह, आशिश सिंह, राजू प्रसाद, राजू प्रसाद, चंदू सिंह, अभिषेक पटेल, आतिश सोनी, मुरारी ठाकुर, पिंटू पटवा, शक्ति सिंदरिया, चंदन पटवा, सुशील सिंह, आकाश पासवान, अंकित कुमार, संजय पासवान, मनीष केसरी, राजू केसरी, सोनू सागर टिंकू थप्पा आदि शामिल थे।

## सदस्यता अभियान में तेजी को लेकर जदयू की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को स्थानीय मालवीय मार्ग स्थित मीटिंग हॉल में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के कार्यसमिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा एवं संचालन महासचिव प्रेमचंद राम ने किया । बैठक में जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान में तेजी लाने की अपील की। कहा कि किसी भी राजनीतिक पार्टी की रीढ उसके सदस्य ही होते हैं ,अतः सभी पदाधिकारी सदस्यता अभियान में जुट कर पार्टी को धारदार बनाने के लिए के लिए



कार्य करें। जन समस्या के मुद्दे पर जिला अध्यक्ष ने झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से आग्रह किया कि बालू की महंगाई से जनता त्रस्त है । सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में बालू सुगमता से उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे निर्माण कार्य में बाधा न पहुंचे।बैठक में मुख्य रूप से आमंत्रित सदस्य चंद्र मोहन पटेल,राकेश गुप्ता, वरीय जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष राजू खंडेलवाल, महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, जिला सचिव नसरुल्लाह अंसारी,अविरल बिहारी लाल,साबिर अहमद, जावेद खान,पदमा से सुनील सिन्हा,बड़कागांव से विजय कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## मौलाना साहब के बताए हुए बात पर अमल करें : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम रुद्दी में मेराज ए मुस्तफा कांफ्रेंस के नाम से जलसे का आयोजन किया गया। इस जलसे में महाराष्ट्र, ओडिसा, उत्तर प्रदेश सहित झारखंड के अलग अलग शहर से आए आलिमों ने जलसे में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी उपस्थित हुई। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा के देश के बड़े मौलाना का आगमन होना हम बड़कागांव वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। मौलाना साहब के बताए





हुए बात पर हम सब को अमल करना चाहिए। उत्तर प्रदेश से आए शायर मुबारक हुसैन मुबारक और मोहम्मद अली फैजी ने अपने नात से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# सांकुल में माता शबरी जयंती 28 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** झारखंड भुइयां समाज विकास समिति ने सांकुल ऊपर टांड़ भुइया टोली में प्रखंड स्तरीय बैठक किया। जिसमें जिला कमेटी के जिला अध्यक्ष आजाद भुइया जिला कोषाध्यक्ष गरीबा भुइयां एवं राज्य कमेटी के सदस्य रामचंद्र भुइयां उपस्थित हुए। तथा सभी के सर्व समिति से सांकूल ऊपर ताड़ भुइयां टोली में माता शबरी जयंती 28 फरवरी 2023 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर शबरी जयंती पूजा का नया कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष रीना देवी, उपाध्यक्ष रोशन कुमार,पूरन भुइया, दिलीप भुइयां,सचिव उमेश भुइयां, सह सचिव दिलीप भुइयां, कोषाध्यक्ष मुकेश भुइयां को बनाया गया। बैठक में शुक्रा भुइयां, नेहा कुमारी, गोपी भुइयां, गुजरी देवी, सुनीता देवी,तेतरी देवी, शांति देवी, अनीता देवी,विक्रम कुमार,अजय कुमार,गौतम कुमार, प्रदीप कुमार,किटी कुमार उपस्थित थे।

## दक्षिणी शिवपुरी में निकला भव्य शिवबारात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी, काली मंदिर में अहले सुबह से ही भुत भावन भगवान भोले नाथ की पूजा के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा पूजा अर्चना के बाद भोले नाथ का रुद्राभिषेक विधि विधान से किया गया जिसमे आचार्य जगदीश दास मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान , प्रभात कुमार प्रधान, निशांत कुमार प्रधान सुधा प्रधान, सोनम प्रिया , मिताली रश्मि समेत दर्जनों भक्तों ने भाग लिया रुद्राभिषेक के बाद दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर और मालकेश्वर नाथ सार्वजनिक शिव मंदिर से संयुक्त रूप से शिवबारात निकला जो काली मंदिर से शिवपुरी का भ्रमण करते हुए पुनः काली मंदिर पहुँचा जहाँ विधि विधान से बाराती स्वागत एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ शिव



पार्वती विवाह संपन्न कराया गया , मौके पर काली पूजा समिति अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने कहा की सनातन धर्म में वेद और पुराणों का श्रेष्ठ स्थान है लेकिन आधुनिकता के दौर में लोग इससे दूर होते जा रहें हैं इसको बढ़ावा देने के लिए दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर में निःशुल्क वेदपाठशाला का शुरुआत किया जा रहा है जिसमें शिवपुरी, हजारीबाग सहित अन्य सभी क्षेत्रों के लोगों के इच्छुक धर्मप्रेमी बच्चों से लेकर वृद्ध तक संस्कृत वेदपाठशाला जिसमें रुद्री , मन्त्रसंहिता, यजुर्वेद , दुर्गा सप्तसती सहित सम्पूर्ण कर्मकांड सिखाया और पढ़ाया जायेगा यह पूर्णतः निःशुल्क होगा इस पाठशाला में महीने में चार अवकाश होगा इस पाठशाला में प्रवेश के लिए समिति के द्वारा आचार्य जगदीश दास का मोबाइल नंबर 7016737144 जारी किया गया है इच्छुक लोग इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं शिवरात्रि के मौके पर आयोजन को सफल बनाने में डॉ प्रदीप कुमार प्रधान , मोहर दास, शंकर अम्बष्ठा, रमेश चंद्र सिंह , रामेश्वर राम , अमर कुमार सिन्हा , चंदन पाठक , विनय कुमार सिंह , कुंदन पाठक , बबसंजय झा, कुलदीप , संटू , कलावती दुबे , लक्ष्मी सिन्हा समेत शिवपुरी के हजारों महिला पुरुष वृद्ध बच्चे शामिल थे

### रानीचुआं में हाथ जोड़ो यात्रा को लेकर हुई बैठक

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत रानीचुआं पंचायत में कांग्रेस पार्टी के पंचायत कमेटी गठन और हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष राजदेव यादव ने किया, बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, गाजो टुडू मौजूद रहे। इस अवसर पर राजदेव यादव व गाजो टुडू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के इस कार्यक्रम से लोगों की एकजुटता देखने को मिल रही है। आने वाले समय में पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।बैठक में रवि कुमार, बाबूलाल मुर्मू, बिनोद मुर्मू, बाबूजन मुर्मू, मनोज यादव, सुंदरलाल मुर्मू, बिनोद कुमार मुर्मू, जवाहरलाल यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, राजदेव यादव, सीता देवी, सोनिया देवी, शांति देवी आदि उपस्थित रहें।

### लॉ में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किरण कुमारी मुंडा को सम्मानित किया गया

**पतरातू :** यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय से एल.एल.बी सेसन- 2019-2022 के फाइनल ईयर समेस्टर में 433 अंक लाकर किरण मुंडा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। जिस खुशी में बलकुदरा गांव के जन प्रतिनिधियों द्वारा किरण कुमारी मुंडा के आगमन पर उन्हें पुष्प गुच्छे देकर सम्मानित किया गया।जय सरना ट्रस्ट द्वारा आदिवासी परंपरा के नियमानुसार से बेटी को बेटे कि तरह सम्मान रुप से तिर धनुष व भगवान बिरसा मुंडा कि प्रतिमा,डायरी,रंग-बिरंगे कलम,आदि से भेंट के रुप में प्रेम-स्नेह,आशीर्वाद सभी ने दिया। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा उनके माता-पिता को भी शाल देकर आदर-सत्कार किया। किरण ने कहा कि मैं अब आगे एल.एल.एम.करना चाहती हूं, मैं गांव में अशिक्षा के प्रभाव से आरोप-प्रत्यरोप होते हुए देखकर बड़ी हुई हूं। मैं शिक्षा का माध्यम बनना चाहती हूं ताकि लोग उच्च शिक्षा के महत्व को समझे।मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु कृष्णा उरांव,पूर्व पार्षद झरी मुंडा, दुर्गा सोरेन सेना जिला सचिव नंदकिशोर मुंडा,मुखिया विजय मुंडा, पंचायत समिति राजू मुंडा,रामगढ़ कॉलेज शिक्षक विष्णु उरांव, हजारीबाग वकील रविंद्र कुमार, रोशन उरांव,ब्रजेश मुंडा,बैजनाथ पाहन,नरेश मुंडा,चरण उरांव,धनेश्वर उरांव,मनेवल उरांव,जीवंती देवी आदि जिला हजारीबाग,रामगढ़, चतरा,रांची,लातेहार से सैकड़ों आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

### नियंत्रित जीवनशैली और जागरूकता से होगा कैंसर से बचाव : हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग :** विश्व कैंसर दिवस 2023 की थीम -क्लोज द केयर गैप है जो देश की आय, आयु, लिंग, जाति के आधार पर कैंसर केयर सर्विसेज तक पहुंच के अंतर को खत्म करने पर केंद्रित है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार ईस्टर्न मेडिटरेनियन रीजन में हर साल लगभग 4 लाख 59हजार मौतें होती है। कैंसर समाज के लिए एक बोझ बन गया है जो व्यक्तियों परिवार और समुदाय पर शारीरिक, भावनात्मक और वित्तीय तनाव डालता है। उक्त बातें हजारीबाग के निजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल आरोग्यम के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कही। उन्होंने कहा की 4 फरवरी को हर साल हम सभी कैंसर दिवस इसलिए मनाते हैं कि जन स्वास्थ्य के एक कारक के रूप में कैंसर के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके और क्वालिटी केयर, स्क्रीनिंग, अर्ली डायग्नोसिस के द्वारा इलाज को और मजबूत किया जा सके। समय रहते पता चल जाए तो कैंसर का इलाज संभव हैं। हर्ष अजमेरा ने बताया की आरोग्यम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कैंसर से संबंधित किसी भी प्रकार के शक पर चिकित्सक जांच जरूर कराते हैं। उन्होंने कहा की जल्द ही कैंसर स्क्रीनिंग जांच शिविर का भी आयोजन हजारीबाग में किया जाएगा। कैंसर के प्रति जागरूक रहें साथ ही इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक व शिक्षित करने का हम सभी को संकल्प भी लेने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा की नियंत्रित जीवनशैली और जागरूकता हीं कैंसर से बचाव का एकमात्र उपाय है ।

### महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर रात्रि जागरण का आयोजन

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी अंतर्गत ग्राम उपरैली डेबो में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर रात्रि जागरण का कार्यक्रम पूर्व प्रखंड प्रमुख राम लखन मेहता के द्वारा फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर घटवार जाति के प्रखण्ड अध्यक्ष गुरुदेव सिंह,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह,प्रकाश सिंह, कैलाश सिंह,प्रताप सिंह, केवालू वार्ड सदस्य सुरेश कुमार सिंह के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# वन विभाग ने दर्जनों अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग डीएफओ सबा आलम अंसारी के निर्देश पर एसीएफ एके परमार के नेतृत्व में बड़कागांव वन छेत्र के बेलवटोंगरी, रुद्दी, गोगदातरी, गोंदलपुरा, अंबा झरना के जंगल में अवैध रूप से संचालित दर्जनों अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद कर दिया गया। अवैध रूप से उत्खनन कर डंप किए गए 20 टन अवैध कोयले को भी जब्त किया गया। जब्त किए गए कोयले को ट्रैक्टर के माध्यम से बड़कागांव वन कार्यालय लाया गया। डंप कार्य बड़कागांव थाना के सहयोग से किया गया। मौके पर एसीएफ एके परमार ने कहा के अवैध कोयला



कारोबार के रोक थाम को ले कर निरंतर करवाई जारी रहेगी। कल भी अवैध खदानों को डोजरिंग कर बंद किया जाएगा। मामले को लेकर अग्रतर करवाई जारी है। मौके पर मुख्य रूप से एसआई अभय कुमार, वनपाल रामचंद्र प्रसाद फॉरेस्टर, वनरक्षी चंदन सिंह, भोला साहू, मनोरंजन कुमार, केशव महतो, विनोद बेसरा, कृष्ण प्रसाद महतो, अशोक महतो, सहित बरही, चौपारण, हजारीबाग के वनकर्मी सहित बड़कागांव थाना के सशत्र बल के जवान शामिल थे।

# जिला कांग्रेस सेवा दल के जिला कार्यकारणी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला सेवा दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यकारी मुख्य संगठक विश्वास पासवान ने किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने जिला संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूती के विषय पर चर्चा करते हुए सर्वप्रथम सशक्त कमिटी का अतिशीघ्र गठन कर ट्रेनिंग प्रोग्राम करवाया जाय । ताकि कार्यकर्ता कांग्रेस सेवा दल के कार्यक्रमों से रूबरू हो सकें । उन्होंने कहा कि माह के अंतिम रविवार को



राष्ट्रीय ध्वजारोहण करना कांग्रेस सेवा दल की परम्परा रही है उसे जारी रखने की आवश्यकता है । बैठक का संचालन ध्वजारोहण प्रभारी मनोज कुमार ने किया । सेवा दल कार्यकारिणी की बैठक में सेवा दल के प्रदेश सचिव कुशवाहा निशांत कुमार सिन्हा , मो. मेराज, अविनित यादव, जगन्नाथ पासवान, दिलदार अंसारी, अमृतेष रंजन के अतिरिक्त कई सेवा दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रक्तदान शिविर व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज रविवार को सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया कांके प्रखण्ड एवं एकता वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से मिल्लत कॉलोनी कांके में रक्तदान शिविर एवं मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 53 यूनिट बल्ड का संग्रह किया गया और निशुल्क जांच शिविर में सभी प्रकार के रोगों का मुफ्त इलाज एवं दवाइयों का वितरण किया गया। जिसमे रिम्स एवं अंजुमन इस्लामिया अस्पताल के डॉक्टर तारिक हुसैन, डॉ गौरव,डॉ तान्या प्रिया, डॉ अहरार हसन, डॉ सैयद अल्तमस, आयुर्वेदिक के डॉ ॠषि, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विकास चौधरी, डॉ आफताब, डॉ शुम्बुल फ़िरदौस, डॉ करुणा झा, डॉ बबिता भारती उपस्थित थें जिसमे 300 से ज्यादा मरीजों का इलाज किया गया. इसमें मुख्य रूप से अंजुमन इस्लामिया रांची के पदाधिकारी गण एवं सदस्य उपस्थित हुए ,इस शिविर मे मुख्य रूप से अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान, मो चाँद, मो इरफ़ान मो सलामत अंसारी मो इमरान, मो शमीम, नुरुल होदा, नूर आलम, सैयद तारिक वजीह,रशीद अंसारी, मो गुलजार मो मेराज सहयोग रहा। इस शिविर का संचालन स्वालेहा कादरी और मो इरफ़ान ने किया।

## दिशा दर्पण ट्रस्ट के ने आयोजित किया गया चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वयंसेवी दिशा दर्पण ट्रस्ट के द्वारा संचालित इलैक्ट्रो होम्योपैथी डॉक्टरों के द्वारा प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया . उक्त शिविर में हार्ट से सबंधित सभी तरह के बीमारियों के ईलाज के बारे में प्रशिक्षित एवं अनुभवी डाक्टरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. साथ हीं सभी तरह के दर्द का इलाज, कान दर्द, गैस, कब्ज, शुगर, बीपी, पथरी, किडनी, पेट दर्द, दांत दर्द, बवासीर, अपेंडिस, सर्दी खांसी, जुकाम, मलेरिया, टाइफाइड, एक्जीमा, धात, चर्म रोग, गुप्त रोग, बाल का झडना इत्यादि अनेक प्रकार के बिमारियों के इलाज के गुर सिखाये गये.

## अल अक्सा ग्लोबल स्कूल में हुआ सालाना तालीमी प्रोग्राम



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को अल अक्सा ग्लोबल स्कूल अगड़ू रातु रांची में डायरेक्टर अफजल अंसारी नदवी की सदारत में सालाना तालिमी प्रोग्राम किया गया । इस मौके पर अफजल अंसारी नदवी ने तालीम की अहमियत के बारे में भी बताया । प्रोग्राम की शुरुवात कलामे पाक की तिलावत और नाते नबी से हुआ। इस प्रोग्राम में बच्चों ने इंग्लिश, हिंदी,उर्दू और अरेबिक स्पीच में अपना हिस्सा लिया । साथ ही एक्टिविटी और नातिया कलाम भी बच्चों ने पेश किया। मौके पर मौजूद मेहमानों ने बच्चों को सर्टिफिकेट ,मेडल और गिफ्ट से नवाजा । इस मौके पर रातु प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर जनाब कमरूल हक़ साहब , सेक्रेट्री अब्दुल कुद्दूस साहब, नायब सदर अंजुम खान, अल्हाज मुबारक अंसारी ,टीचर्स,और गार्जियन हजरात के साथ साथ आसपास के लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

## आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख व आम कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा वार्ड नंबर 14 में वार्ड के प्रभारी छोटू पटेल एवं भोला तूरी के नेतृत्व में आजसू पार्टी के सभी चूल्हा प्रमुख एवं आम कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें दिनांक 21 फरवरी से सुबह से सभी कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर इंडिए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे साथ ही साथ आम जनता से यह भी अपील करेंगे कि 27 फरवरी को वह पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करें।

## केंद्रीय कारा दुमका में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका द्वारा आज केंद्रीय कारा, दुमका में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन माननीय न्यायालय,धर्मेंद्र कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका की अध्यक्षता में किया गया। न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका के न्यायालय में वाद निष्पादन के निमित्त केंद्रीय कारा, दुमका में संसिमित दो बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। दोनो बंदियों का समय अवधि कम रहने के कारण आवेदन पर विचार नहीं किया जा सका। उक्त अवसर पर न्यायालय धर्मेंद्र कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, विश्वनाथ भगत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, सिकंदर मंडल डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल दुमका अंकित कुमार सिंह,रोबिन कुमार, सहायक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल,दुमका तथा न्यायालयकर्मी काराकर्मी एवं बंदी गण उपस्थित थे।


## छत्रपति शिवाजी महाराज की 393 वीं जयंती मनाई गई

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका पटेल सेवा संघ तथा सिविल सोसायटी,दुमका के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि मराठा नरेश छत्रपति शिवाजी महाराज की 393 वीं जयंती मनाई गई।वीर छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती पर सिविल सोसाइटी के सचिव संदीप कुमार जय बमबम के नेतृत्व में दुमका के सरदार पटेल चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर महानायक को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।मॉ? भवानी के उपासक छत्रपति शिवाजी महाराज जी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर संघ व सोसायटी के सदस्यों तथा युवा साथियों ने छत्रपति शिवाजी अमर रहे, जय भवानी आदि नारों से जयकारा लगाया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बारी-बारी से छत्रपति शिवाजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने धर्म तथा साम्राज्य की रक्षा करने वाले एक कुशल शासक, सैन्य रणनीतिकार, एक वीर योद्धा, सभी धर्मों का सम्मान करने वाले शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को पुणे के पास स्थित शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था. इन्होंने ने ही मराठा साम्राज्य की नींव रखी। मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान् योद्धा के साथ एक कुशल शासक भी थे। गुरिल्ला युद्ध के जनक छत्रपति शिवाजी को इस युद्ध में महारत हासिल थी। इन्होंने मुगलों के खिलाफ कई जंग लड़ी और मुगलों सहित अपने सभी विरोधी सेनाओं को युद्ध में धूल चटाई। शिवाजी महाराज अपनी अद्भुत रणनीति, उत्कृष्ट नेतृत्व गुण के कारण जाने जाते थे।उनकी वीरता,रणनीति और नेतृत्व क्षमता के चलते ही उन्हें छत्रपति की उपाधि मिली थी।उन्होंने एक मजबूत मराठा साम्राज्य राज्य की नींव रखी। छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाने की शुरुआत साल 1870 में पुणे में महात्मा ज्योतिराव फुले द्वारा की गई थी। उन्होंने ही रायगढ़ में शिवाजी की समाधि की खोज की थी। इसके बाद शिवाजी की जयंती को आगे मनाने की परंपरा गंगाधर तिलक ने जारी रखी। बाल गंगाधर तिलक ने वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की छवि और इनकी वीर गाथा के जरिए लोगों का हिम्मत बढ़ाकर उन्हें अंग्रेजों के खिलाफ एकजुट कर आजादी की महत्वपूर्ण लड़ाईयां लड़ी। लोगों में हिम्मत बढ़ाने के लिए उनकी वीरता काफी काम आई थी। इसी कारण हर साल छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई जाती है। शिवाजी महाराज का मुख्य नारा था जय भवानी और हर-हर महादेव।इस अवसर पर मुख्य रूप से सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, प्रो0विनय कुमार सिन्हा,उपाध्यक्ष प्रदीप्त मुखर्जी,वरिष्ठ पत्रकार गौतम कुमार, सच्चिदानंद संतोषी,अरूण कुमार सिन्हा,पियुष बैरा,समीर पंडित,रांची राज,मो0आबु,रितेश कुमार,रोहित यादव आदि मौजूद रहकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# रामगढ़ छावनी परिषद का चुनाव 30 अप्रैल को, आठ वार्डों में होगा इलेक्शन, गजट अधिसूचना जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ छावनी परिषद समेत देश की 57 छावनी परिषद में 30 अप्रैल को चुनाव होंगे। भारत के राजपत्र (गजट) में रक्षा मंत्रालय की ओर से 17 फरवरी को इसकी अधिसूचना जारी की गयी है. गजट में लिखा गया है कि केंद्रीय सरकार छावनी अधिनियम, 2006 ( 2006 का 41) की धारा 15 की उपधारा (एक) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तारीख 30 अप्रैल 2023 को ऐसी तारीख के रूप में निर्देशित करती है. जिसमें छावनी बोर्डों में निर्वाचन होंगे।रामगढ़ छावनी परिषद समेत


भारत का राजपत्र
The Gazette of India




अन्य छावनी परिषदों में चुनाव वर्ष 2015 में हुआ था. निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल वर्ष 2020 में समाप्त होने के बाद निर्वाचित सदस्यों को छह-छह माह का दो बार कार्यकाल विस्तार दिया गया था. इसके बाद तदर्थ बोर्ड का गठन किया गया. तदर्थ बोर्ड में अध्यक्ष, सीइओ व एक नामित सदस्य को रखा गया। नामित सदस्य को तीन बार छह-छह माह का कार्यकाल विस्तार दिया गया था।

## झारखंड के मंत्री रामेश्वर गुड़गांव यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो के लिए मांगा वोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उराव का समय 11 बाजे कोठार चोक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरो से स्वागत किया गया। उसके बाद कुरूम चाहा गांव के लोगों ने जोरदार स्वागत किया और महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो के लिए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव वोट मांगे इसके बाद जमीरा पंचायत सरना टोला जमीरा में एक सभा हुआ उसमें वित्त मंत्री गांव के लोगों को कांग्रेस पार्टी के लिए वोट के लिए अपील किए है और गांव के लोगों के बजरंग महतो को बटन संख्या एक दबाकर भारी से भारी मतों में विजय बनावे उसके बाद इचातु पंचायत में चौक के पास जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद डूमर डीहा मन्दिर के पास एक सभा किया गया और महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के लिऐ वोट के अपील किए उसके बाद। पोटमदगा पंचायत दुलमी प्रखंड के कार्यालय में स्वागत किया गया एवं सरहूल सरना स्थल दुलमी में स्वागत हुआ। उसके बाद पोटम दगा पंचायत मुंडा टोला बोगेए पचा में सभा किया गया।। और वित्त मंत्री ने बजरंग महतो के लिए 27 फरवरी को बटन संख्या 1 दबाकर भारी से भारी मतों से गांव के लोगों को अपील किया

## झामुमो ने गैड़ा पंचायत में की कमिटी गठित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखंड के पंचायत विष्णुगढ़ में रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झामुमो विष्णुगढ ने गैडा पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। पंचायत कमिटी का गठन अशोक यादव की अध्यक्षता में कई गई तथा संचालन गैड़ा पंसस ने किया । झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने कहा पार्टी विचारधारा से प्रभावित होकर युवा पीढ़ी हमसे जुड़ रही हैं, पार्टी की विचारधारा के समर्पित पार्टी को संगठित रूप में मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। इसी कार्यक्रम के तहत आज गैंडा में पंचायत कमिटी के गठन किया गया ।जिसमे गैंडा पंचायत अध्यक्ष अशोक यादव, उपाध्यक्ष हाकिम अंसारी,रंजीत सिंह, पंचायत संगठन सचिव बिलाल अंसारी,कलंदर अंसारी, संयुक्त सचिव विक्की रजक, अजय यादव, कोषाध्यक्ष अजय यादव, कार्यकारणी सदस्य सुनील कुमार, अलताभ अन्सारी, अमीर शेख शेख नसीरुद्दीन को नए पदाधिकारियों के रूप में चयन किया गया।

# ललकी बाबा आश्रम में मनाया गया स्वामी सहजानंद सरस्वती जयंती समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं संत दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की 134 वीं जयंती के अवसर पर स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान (ब्रह्मॠषि समाज) हजारीबाग द्वारा कटकमदाग प्रखण्ड के ढेंगुरा पंचायत स्थित ग्राम ललकीमाटी अवस्थित ललकी आश्रम परिसर में जयंती समारोह का भव्य आयोजित किया गया। जयंती समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी के तस्वीर पर घी का दीया जलाकर, माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर किया गया। जिसके बाद सभी अवस्थित लोगों ने एक-एक करके पुष्पार्पण कर नमन करते हुए उन्हें याद किया। इस दौरान लोगों ने स्वामी सहजानंद सरस्वती अमर रहें, जय परशुराम और जय ब्रह्मॠषि का नारा भी खूब बुलंद किया। मौके पर समाज के वृद्ध व्यक्ति प्रो.रामप्रिय प्रसाद द्वारा स्वामी जी द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उनकी जीवनी एवं जीवन की रोचक तथ्यों को लोगों के बीच रखा गया। स्वामी जी के बारे में उन्होंने कहा की स्वामी जी किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ़ डट जाने का स्वभाव रखते थे। वे संघर्ष के साथ सृजन के प्रतीक पुरुष के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। स्वामी जी साहस और शौर्य के प्रतीक होने के साथ ही मजदूर, कमज़ोर, शोषित और किसानों के प्रणेता के रूप में प्रसिद्ध हुए। सामारोह के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ प्रकृति की खूबसूरती के बीच ललकी बाबा आश्रम परिसर में समाज के लोगों ने फगवा और धार्मिक गीतों का भी आनंद लिया और फिर सामूहिक रूप से वनभोज का भी लुप्त उठाया। समारोह की अध्यक्षता ललकीबाबा आश्रम के प्रमुख अजीत बाबा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने किया ।मौके पर विशेष रुप से समाज के अजीत बाबा, संजय कुमार, प्रो. रामप्रिय प्रसाद, अर्जुन सिंह, मुकेश कुमार, कन्हैया शर्मा, किशोर शर्मा, प्रमोद सिंह, हिटलर शाही, कैलाश सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, हरिनंदन सिंह, नागेंद्र शर्मा, ब्रजकिशोर शर्मा, अर्जुन सिंह (कुम्हारटोली), अजय शर्मा, अतुल कुमार सिंह, शशि किशोर शर्मा, विश्वजीत सिंह, मनोज सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार, विद्यासागर ठाकुर, कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# राज्य सरकार के आग्रह पर आंदोलन स्थगित : अमित साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राज्य सरकार के द्वारा लगाए गए कृषि कर के विरोध में लगातार चार दिनों से बंद मंडियों का ताला खुल गया। उक्त विषय में जानकारी देते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि राज्य सरकार और हमारे फेडरेशन चेंबर के प्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक वार्ता हुआ। हम लोगों के प्रतिनिधियों को कृषि मंत्री ने आश्वस्त किया है कि बिना व्यवसायियों के और किसानों के प्रतिनिधियों से वार्ता किए बिना कोई भी ऐसा कदम राज्य



सरकार नहीं उठाएगी जिससे भविष्य में व्यवसायियों को और किसानों को



कोई भी कठिनाई का सामना करना पड़े। कृषि मंत्री ने व्यवसायियों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करते हुए कहा है कि भविष्य में जो भी इस कानून में बदलाव करने की बात आएगी उसमें सभी व्यवसायिक प्रतिनिधियों और कृषक प्रतिनिधियों को बुलाकर पहले उनसे उनका मंतव्य जाना जाएगा उसके बाद ही सरकार कोई निर्णय लेगी। अमित साहू ने सरकार के इस सराहनीय प्रयास को सकारात्मक रूप देने के लिए राज्य सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा है कि हमारे व्यवसायियों के चट्टानी एकता के सामने राज्य सरकार हम लोग के प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता के माध्यम से जो कृषि कर में संशोधन करने की बात कही है। हम लोग सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए उनका सम्मान करते हैं कि भविष्य में कोई भी ऐसा कदम सरकार नहीं उठाए कि यहां के व्यवसायियों को किसानों को आदिवासियों को एवं मूल वासियों को कठिनाई का सामना करना पड़े। श्री साहू ने कहा कि आम जनता की कठिनाइयों को देखते हुए एवं आम जनमानस के समस्याओं को देखते हुए रविवार को ही पूरे राज्य समेत रामगढ़ के सभी खाद्यान्न की दुकानें पूर्व की तरह खोल दिया गया है। श्री साहू में इस आंदोलन में साथ देने के लिए सभी हो एवं खुदरा के खाद्यान्न व्यवसायियों का आभार व्यक्त किया है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाना जरूरी, कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता को करें जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपचुनाव प्रभारी बनाए जाने के बाद से हीं राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में चाय पर चर्चा और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से वोटरों से संपर्क साधना जारी रखा है।इसी क्रम में रविवार को वार्ड नंबर पांच के निवासियों के बीच जाकर उन्होंने चाय पर चर्चा करने के साथ जनसंपर्क अभियान में भी हिस्सा लिया।उपस्थित बूथ अध्यक्षों और स्थानीय मतदाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की आज पूरे झारखंड में लूट और झूठ की सरकार चल रही है जिसकी सहयोगी कांग्रेसी नेता भी रहे है जिन्होंने आदिवासी महिला के राष्ट्रपति बनाए जाने का भी विरोध किया था।उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा की मतदान के दिन हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने का होना चहिए।

# पटना रोड़ में होली तक अतिक्रमण व निर्माण कार्य स्थगित

### हजारीबाग सांसद के पहल पर रैयतों को होली पर्व तक मिली बड़ी राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही(हजारीबाग):** बरही के पटना रोड में एनएच-31 चौड़ीकरण कार्य व अधिकृत भूमि पर अतिक्रमण हटाने का कार्य फिलहाल होली पर्व तक स्थगित रहेगा। सांसद जयंत सिन्हा के पहल के बाद बरही शहर अंतर्गत एनएच-31 फोरलेन निर्माण से प्रभावित रैयतों को एक बड़ी राहत मिली है। उक्त जानकारी देते हुए बरही के सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव व भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने बताया कि वे लोग रविवार को सांसद जयंत सिन्हा के दिशा निर्देश



पर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि जिला संयोजक सुरेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में डीसी नैंसी सहाय से भेंट किए। डीसी ने आश्वासन दिया है की एनएचआई से बात करते हुए होली पर्व तक अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण हटाने व निर्माण कार्य को स्थगित रखा जाएगा।

बतलाते चले कि पटना रोड के प्रभावित रैतदार विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गोलबंद होकर भूमि का उचित मुआवजा एवं कमर्शियल रेट देने की मांग और फिलहाल होली पर्व तक किसी भी तरह का अतिक्रमण हटाने व निर्माण कार्य नहीं करने की लगातार गुहार लगा रहे हैं। पिछले शुक्रवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन दल - बल एवं एनएचआई व संवेदक कंपनी की टीम के साथ पटना रोड में सड़क चौड़ीकरण कार्य के तहत अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्य करने को लेकर बुलडोजरों को लेकर पहुंची थी। मौके पर विस्थापित रैयतों ने विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राष्ट्रीय झंडा व अपनी मांगों से संबंधित बैनर हाथों में लेकर गांधीवादी तरीके इसका पुरजोर विरोध किया था। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन को बैरंग लौटना पड़ा था।

# माण्डू विधायक की उपस्थिति में चानो में बूथ सशक्तिकरण की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखण्ड अंतर्गत पूर्वी मंडल के ग्राम चानो में स्व0टेकलाल महतो के पैतृक आवास में पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो की अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण की बैठक की गई । बैठक का संचालन महामंत्री प्रकाश साव ने किया ।बूथ सशक्तिकरण की बैठक में बतौर मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में की गई ।बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए,प्रत्येक बूथ में कम से कम पचास सक्रिय कार्यकर्ता महिला-पुरषो के साथ बूथ कमिटी



बनाने की बात कही गई ।कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधायक ने कहा बनासो में पिछली बैठक में आये प्रदेश से प्रभारी राकेश प्रसाद ने जिस प्रकार बूथ के निर्माण की बात की थी,उसी क्रम में हम सब को बूथ कमिटी के साथ पन्ना प्रमुख बनाना है । भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओ ने अगर ठान लिया तो जिस प्रकार से लोकसभा के चुनाव में माण्डू विधानसभा ने जिस तरह वोटिंग की थी,उसी प्रकार विधानसभा के चुनाव में भी होगी ।बैठक में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अंत मे सभी पंचायतो की जन समस्याओं को लिखकर जल्द ही उसे समाधान करने की बात कही ।इस मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी सुखदेव यादव,चंद्रनाथ भाई पटेल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव,सुखदेव रजवार समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## मुंबई की पुलिस ने तीन साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** जामताड़ा साइबर थाने की पुलिस के सहयोग से महाराष्ट्र के नागपाड़ा ठाणे पुलिस के निशानदेही पर 95हजार रुपए की ठगी व निकासी मामले में सत्तार अंसारी, नजीर अंसारी दोनों करमाटांड़ थाना क्षेत्र के बारादाहा व रियाज अंसारी नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा के निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीन साइबर अपराधियों को बारादाहा गांव से दबोचा। जानकारी के अनुसार बीते 24 दिसंबर 2022 को मुंबई के नागपाडा माता मंदिर रोड जगजीवन राम रेलवे हॉस्पिटल में कार्यरत प्रशिक्षु चिकित्सक डॉ कलाइवेन वेंकटेशन के बैंक खाते से अवैध निकासी का आरोप। 25 सिम कार्ड व 17 मोबाइल बरामद।ट्रांजिट रिमांड पर ले गई महाराष्ट्र पुलिस।

# मंझिलाडीह शिव मंदिर में शिव पार्वती की आकर्षक झांकी निकाली गई, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के मंझिलाडीह शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पावन पर्व पर दानी नाथ 108 बाबा भोलेनाथ एवं मां पार्वती की आकर्षक झांकी निकाली गई। विदित हो कि प्रति बर्ष की भांति इस वर्ष भी टुंडी के मंझिलाडीह शिव मंदिर प्रांगण से भोले बाबा की बारात हनुमान मंदिर से निकलकर नोहाट गांव पहुंची फिर मिश्रा टोला होते हुए बारात शिव मंदिर पहुंची जहां मंदिर में पूजा अर्चना एवं रामायण पाठ का कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं रात्रि में जागरण की भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों शिव भक्तों द्वारा भक्ति जागरण का लुत्फ उठाया इस भक्तिमय जागरण से पुरे गांव गुंजायमान हो गया। शिव मंदिर के पुजारी एवं संस्थापक शैलेन्द्र मिश्रा ने पुजा अर्चना कर पुरे गांव की शांति एवं समृद्धि के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना किया।इस पावन पर्व पर शिव के परम् भक्त हरिहर प्रसाद वाला ने भी रामायण पाठ में भाग लिया और शिव पार्वती से मनोकामना पूर्ण हेतु मन्नतें मांगी।दानी बाबा शैलनाथ मंझिलाडीह शिव मंदिर प्रांगण में हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं के कठिन परिश्रम से महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। पुरोहित श्याम सुंदर पाण्डेय एवं जजमान शैलेन्द्र मिश्रा के द्वारा पुजा अर्चना की रस्म पूरी की गयी। वहीं रामायण अखंड पाठ संतोष सिंह बाबूआन एवं उनकी मंडली द्वारा सुसंपन्न हुआ। इस पावन पर्व में मुख्य रूप से हरिहर प्रसाद लाला, भाजपा नेता संजीव कुमार मिश्रा, अधिवक्ता प्रेम सिन्हा समेत तमाम समाज के सभी गणमान्य लोग उपस्थित हुए और अपनी सराहनीय योगदान दिया।

# सिंगाड़ा में पूर्णाहुति के साथ रूद्र महायज्ञ हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिंगाड़ा पंचायत के सोलह आना यज्ञ सेवा समिति एवं समस्त ग्रामीण सिंगाड़ा द्वारा आयोजित 108 रूद्र चंडी महायज्ञ का विधिविधान व पूर्णाहुति के साथ संपन्न किया गया। रूद्र महायज्ञ 11 फरवरी से 19 फरवरी 2023 तक आयोजित किया गया था। रविवार को हजारों की संख्या में भक्त गण पहुंच कर यज्ञ मंडप की परिक्रमा किए और पूजा अर्चना कर गांव की खुशहाली के साथ परिवार की सुख शांति की कामना किए। यज्ञ स्थल के चारो ओर मेला लगा हुआ था। अंतिम दिन सभी भक्त कतार लगाकर यज्ञ की पुनाहुति की अपनी बारी की इंतजार में खड़े दिखे। आचार्य शिवशंकर पांडे, सोनू पांडे नीतीश पांडेय दिलीप कुमार पांडेय वेदप्रकाश पांडेय रामदास, भरत महतो दीपक कुंभकार, अरविंद महतो, भरत रंजक बासुदेव रंजक कृष्णा रंजक आदि लोगो उपस्थित थे।

## नस और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एम एन वर्मा के क्लिनिक का उद्घाटन

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम नर्सिंग होम मानसिंह कुरवा पर डॉक्टर एम एन वर्मा के चेंबर का उद्घाटन किसान नेता दीप नारायण सिंह और डॉक्टर गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डॉक्टर एम एन वर्मा शिराओं के गलत संरेखण, मांसपेशियों में ऐंठन, खेल की चोट, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, रीढ़ से संबंधित सभी समस्याओं, घुटने के दर्द, छोटे पैर, फ्रोजन शोल्डर, माइग्रेन, साइनसाइटिस, कायरोप्रैक्टिक और ऑस्टियोपैथी द्वारा दवा और सर्जरी के बिना उपचार करते हैं तथा हड्डी और नसों से जुड़ी दर्दों व पुराने से पुराने हड्डी और नस के दर्द को बिना ऑपरेशन और दवा के माध्यम से करते हैं। पूर्व में डॉक्टर एम एन वर्मा पटना में लोगों को सेवा दे चुके हैं। इस दौरान जदयू प्रदेश महासचिव सह युथ फ़ोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि डॉक्टर एम एन वर्मा के यहां आने से कतरास के लोगों को उनका भरपूर लाभ मिल पाएगा। मैंने भी इनके द्वारा किए गए इलाज का लाभ लिया है। यह बहुत ही सफल और सरल इलाज है और वास्तविक में इनका इलाज बहुत ही सार्थक है। मौके पर इम्तियाज खान, दीपक महतो, जमशेद अंसारी, बिट्टू मंडल, करण पांडे, सूरज सिंह, देवेंदु हलदर आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय इंटक का अधिवेशन 22 और 23 को नई दिल्ली में : ब्रजेंद्र प्रसाद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड इंटक के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया की राष्ट्रीय इंटक का अधिवेशन जिसमें डेलीगेट सेशन वर्किंग कमिटी मीटिंग होगा और 23 तारीख को इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। झारखंड से डेलिगेट का लिस्ट पहले ही भेजा जा चुका है। सभी डेलीगेट को 21 तारीख को दिल्ली पहुंचना है और अपना रजिस्ट्रेशन करा लेना है। रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रखा गया है। इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में होगा। सभी डेलिगेट से अनुरोध है कि समय पर पहुंच कर अपना रजिस्ट्रेशन करालें ताकि बाद में परेशानी ना हो। इंटक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाग लेंगे। साथ साथ कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी अधिवेशन में अपना विचार रखेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

# एशियन हॉस्पिटल में किडनी बायोप्सी सेवा आरंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एशियन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अब किडनी बायोप्सी का इलाज किडनी के मरीज सुलभ रूप से करा सकते हैं। 200 से भी अधिक किडनी बायोप्सी कर चुके अनुभवी किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ मिहिर कुमार ने बतायाअबतक इसका इलाज लोग रांची,कोलकाता जैसे बड़े शहरों में अधिक खर्च देकर करा रहे थे। उन्होंने बताया किडनी बायोप्सी इलाज एक ऐसी पद्धति है जिसमें किडनी के फेल होने के कारणों का पता अल्ट्रासोनिक गाइडेड उपकरण के द्वारा लगाया जाता है इसमें अल्ट्रासाउंड करते हुए नीडल के माध्यम से किडनी बायोप्सी गन से किडनी से एक छोटी टिश्यू लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रमाणित प्रख्यात लैबोरेट्रीज में भेजते हैं जहां लैब के रिपोर्ट के अनुसार उनका त्वरित इलाज एशियन हॉस्पिटल में शुरू हो जाता है इसी आधार पर मरीज को डायलिसिस पर जाने से बचाया जा सकता है।डॉक्टर मिहिर कुमार ने बताया भारत में क्रॉनिक किडनी बीमारियों के 50 फ़ीसदी मामले मधुमेह और 30 फ़ीसदी मामले उच्च रक्तचाप के कारण होते हैं. यह समस्या तब और भी ज्यादा बढ़ जाती है जब लोग नहीं जानते कि उनको सही परामर्श के लिए कहां जाना चाहिए। उन्होंने बताया कुछ दिन पूर्व ही धनबाद के कृष्णा पांडे नामक मरीज का इलाज किडनी बायोप्सी के द्वारा किया गया जिन्हें डायलिसिस से मुक्त रखा गया और रिपोर्ट के अनुसार दवा दिया गया फलस्वरूप अब वे स्वस्थ हैं और अपनी सामान्य दिनचर्या कर सुलभ जिंदगी जी रहे हैं। इसी प्रकार शुक्रवार को एक 18 वर्षीय युवक की किडनी बायोप्सी लैब में भेजी गई है और रिपोर्ट आते ही त्वरित इलाज शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया किडनी बायोप्सी में करीब 10 दिनों बाद रिपोर्ट के आधार पर फाइनल ट्रीटमेंट शुरू कर दवा दिया जाता है.गंभीर मामले में मरीज को कुछ दिन के अंतराल पर बुलाया जाता है अन्यथा प्रिसक्राइब की गई दवा का कोर्स कंप्लीट करने के बाद ही बुलाया जाता हैं।किडनी बीमारियों की कुछ स्थिति में यूरोलॉजिस्ट से जांच की भी जरूरत पड़ सकती है।एशियन हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण ने कहा गुर्दे की पथरी बहुत आम बीमारी है इस बीमारी के लक्षण में पेट दर्द, पेशाब में खून आना, पेशाब करने में परेशानी होना, पेशाब बुखार आना इत्यादि है कई बार मरीजों में कोई लक्षण नहीं दिखता देता और किसी और बीमारी की जांच में इसका पता चलता है।

# होली पर जाना है घर पर नहीं मिल रहा कंफर्म टिकट, यात्री परेशान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** होली में घर जाने के लिए हर कोई ट्रेन से यात्रा करना चाहता है। ऐसे में कंफर्म टिकट की मारामारी हो जाती है। रेलवे की तत्काल सेवा के जरिए कंफर्म टिकट आमतौर पर मिल जाती है। लेकिन, कई बार फेस्टिव सीजन, शादियों या छुट्टियों के चलते टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है कि क्योंकि रेलयात्रा करने वाले यात्रियों की संख?या बहुत बढ़ जाती है। टिकट ना मिलने सा यात्रियों का परेशान होना लाजिमी है। बड़ी संख्या में लोग तत्काल से टिकट बुक करने की कोशिश करते हैं। इस कोशिश में बहुत से लोगों को निराशा ही हाथ लगती है। कई बार टीटी से टिकट लेने के बाद भी आपको कन्फर्म सीट नहीं मिलती। ऐसे में दूसरों की सीट अथवा बर्थ में मैनेज करना पड़ता है या खड़ा हो कर ही यात्रा करना पड़ता है जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें होती हैं।इन परेशानियों से निजात पाने के लिए आप टिकट बुकिंग के दौरान आईआरसीटीसी की विकल्प योजना का चुनाव कर सकते हैं। इस योजना के तहत बुक की गई ट्रेन टिकट के कंफर्म होने की उम्मीद बढ़ जाती है। आईआरसीटीसी ने विकल्प ट्रेन टिकट स्कीम साल 2015 में ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कंफर्म टिकट मुहैया करने के उद्देश्य से किया था। विकल्प स्कीम भारतीय रेलवे में सफ़र कर रहे यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू किया गया एक योजना है, जिसके ज़रिए यात्री ऑनलाइन वेटिंग टिकट बुक करने के दौरान कंफर्म टिकट पाने के लिए अन्य ट्रेन का विकल्प चुन सकते हैं। इस स्कीम को अल्टरनेट ट्रेन एकोमोडेशन स्कीम भी कहते हैं।

**कैसे चुने ट्रेन टिकट विकल्प बुकिंग**

टिकट बुक करते वक़्त टिकट की वर्तमान अवैलबिलिटी देख सकते हैं। देखे की ट्रेन में सीट उपलब्ध नहीं है या वेटिंग में दिखा रही हो तो ट्रेन टिकट ऑनलाइन बुकिंग के दौरान आईआरसीटीसी विकल्प का चुनाव कर लें।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में विभिन्न पदो के लिये निकली वैकंसी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूलो मे शिक्षको व कर्मियो के विभिन्न पदो के लिए वैकंसी जारी की गई है। 34 डीएवी स्कूलो मे धनबाद कोयलांचल के एक दर्जन डीएवी स्कूल शामिल है। डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर मे आठ मार्च को लिखित परीक्षा होगी। एक जनवरी- 2023 के आधार पर उम्र की गणना होगी। अधिकतम उम्र 34 वर्ष निर्धारित है।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने वाली मीनू अख्तर वूमेन आइकॉन अवार्ड से हुई सम्मानित

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली में फॉक्सकुलू संस्था द्वारा आयोजित वूमेन आईकॉन अवॉर्ड 2022 के लिये झरिया निवासी डॉक्टर मीनू अख्तर का चयन किया गया। प्रतिभा को सम्मानित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 100 महिलाओं का पूरे भारतवर्ष से चयन हुआ जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए डॉक्टर मीनू अख्तर को इस आइकॉन अवार्ड से नवाजा गया। अवार्ड मिलने से मीनू अख्तर ने जिले के साथ झारखंड का भी नाम रोशन किया है। इन्होंने हाल ही में अपनी चौथी पीजी की डिग्री हासिल की है। बता दें कि इनके पास पहले से ही अलग-अलग विषयों में 3 पीजी की डिग्रीयां है और वर्ष 2006 में इन्होंने एम कॉम में विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा उच्चतम स्थान पाकर गोल्ड मेडल भी प्राप्त किया है। इतना ही नहीं इन्होंने उच्च शिक्षा में मुकाम पाने के लिए पीएचडी की डिग्री राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा प्राप्त की थी। उनका कहना है कि उम्र किसी भी चीज को पाने की मोहताज नहीं होती। बताया की वो अलग-अलग विषयों में रिसर्च कर रही है और कुछ पुस्तके भी लिख रही है। पिछले 18 वर्षो से यह विभिन्न संस्थाओं में अपना योगदान दे रही है, साथ ही समाज के लिए भी काम कर रही है।

# जलसा ए दस्तारबंदी व इल्मी कॉन्फरेंस का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पांडरपाला मिल्लतगंज के बदरु मैदान में जलसा ए दस्तारबंदी का भव्य तरीके से आयोजन हुआ जिसमे मुल्क ए हिन्दुस्तान के कई कोने से बड़े बड़े आलीम ए दिन ने शिरकत की और विशाल सभा को संबोधित कर लोगों तक अपना पैगाम पहुंचाया। रहमतगंज स्थित मदरसा तेगिया अनवारूल उलूम के प्रधान अध्यापक मोहम्मद यूनुस रजा फैजी ने कार्यक्रम के संदर्भ मे बताया की इस ईल्मी कांफ्रेंस की शुरुआत पवित्र कुरान शरीफ की तिलावत से की गई। वहीं आए हुए उल्माओं ने नात पाक और अपनी तकरीरों से लोगों को नवाजा। उसके बाद मदरसा तेगिया अनवारूल उलूम के हाफिज ए कुरान व आलीम ए दिन बनकर निकले 9 बच्चों के सर पर दस्तारबंदी की ताज रखी गई। कार्यक्रम मे हज़ारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। वही मौके पर वार्ड संख्या 14 की पार्षद पद की उम्मीदवार व समाजसेविका जूली परवीन उर्फ जूली बाजी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुई और हाफिज ए कुरान बने सभी 9 बच्चों को एक शेनी मे कुरान शरीफ, जानमाज, टोपी, तस्बी, अतर, सुरमा, फूल माला, मिठाई व अन्य उपहारों सहित अपनी ढेर सारी नेक दुआओं से नवाज़ा। वहीं मौके पर उपस्थित ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ ने कहा की शिक्षा को बढ़ावा देने के उददेश्य से इस कार्यक्रम को सजाने और रचाने वाले सभी आयोजनकर्ता बधाई के पात्र हैं। मैं सभी को मुबारकबाद पेश करता हुं।

# जनता ने चुनाव में आशीर्वाद दिया तो हर समस्याओं का हल करूंगा : माना पाठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी विधानसभा क्षेत्र की जनता इस बार अगर हमें आशीर्वाद दिया तो टुंडी की हर समस्याओं का हल पहले सालों में ही कर दिखाने का वादा करता हूं। प्राप्त समाचार के अनुसार आज रविवार को टुंडी विधानसभा क्षेत्रों के दौरा के क्रम में झामुमो नेता सह जन हित मोर्चा के संस्थापक माना पाठक ने अपनी चुनावी तैयारियां के दौरान और कही पाठक आज टुंडी के भोस्की, चरककला, शीतलपुर, मनियांडीह, डंडाटांड, नवाटांड, धधकीटांड आदि गांवो में जनसंपर्क किया और अपने चुनावी वादों को लोगों तक शेयर किया एवं आशीर्वाद मांगा। मौके पर मुरारी सिंह चौधरी, मुश्ताक अंसारी, नंदकिशोर केवट, मंजीत कुमार, सुजीत कुमार तिवारी, सुभाष चन्द्र तिवारी, गिरधारी तिवारी, पार्वती चरण पाण्डेय, चितरंजन तिवारी,जे.डी.तिवारी रघुपति पाण्डेय समेत कई कार्यकर्ता दौरा के दौरान उपस्थित थे।

# युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने डीलर के गोदाम पहुंचकर किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सदर प्रखंड के मोहनपुर पंचायत में स्थानीय डीलर के द्वारा कार्डधारी लाभुको को दिसंबर माह का अंगूठा लगवाकर राशन नहीं दिए जाने की शिकायत पर गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने उक्त डीलर के गोदाम पहुंचकर निरीक्षण किया । जिसमें स्थानीय कार्डधारी लाभुकों ने बताया कि प्रत्येक कार्ड पर 3 से 4 किलो राशन की कटौती होती है । कई बार दौड़ाने के बाद राशन दिया जाता है और कुछ बोलने पर डीलर के द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए बोला जाता है कि राशन लेना है तो लो और नही तो जहां जाना है जाओ और नवंबर का राशन दिए जाने के बाद सीधा जनवरी का राशन दिया जा रहा है पूछने पर डीलर कहता है की सरकार ने दिसंबर का राशन नहीं भेजा है। इस मामले पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि पिछले कई दिनों से ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिल रही थी जिसके बाद डीलर के गोदाम पहुंचकर निरीक्षण किया जिसमें स्थानीय कार्ड धारी लाभुकों ने बताया कि प्रत्येक कार्ड पर 3 से 4 केजी अनाज की कटौती की जाती है और समय से राशन नहीं दिया जाता है । सवाल पूछने पर दुर्व्यवहार करते हुए कहा डीलर द्वारा कहा जाता है कि राशन लेना है तो लो और नही तो यहां से चले जाओ और कई लाभुकों से डबल अंगूठा लगवा कर 1 महीने का राशन दिया जाता है इसी क्रम में दिसंबर महीने का अंगूठा लगवा कर सीधा जनवरी का राशन दिया जा रहा है और डीलर के द्वारा कहा गया है कि सरकार ने दिसंबर का राशन नहीं भेजा यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि यह राशन सरकार गरीब जनता के लिए मुहैया कराती है ।

## भाजपा महुदा मंडल की कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुदा मंडल अंतर्गत शेखर सिंह के आवासीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी, महुदा मंडल, कार्यसमिति की बैठक धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सह भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह के अधयक्षता में हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो रहे।जिसमे संघटन को महूदा मंडल मे ओर मजबूत बनाने पर चर्चा हुई!मौके पर मटुक मिश्रा, शिबू महतो,कार्तिक महतो, महेश पटवारी,जीतन रवानी, उगा कुमारी, साथ ही महुदा मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## जेएमएम के रतिलाल टुडू ने लोगो को समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के लोकप्रिय नेता एव बाघमारा के भावी विधायक उम्मीदवार रतिलाल टुडु के आवास में जाकर दिलीप दशौन्धी ने मुलाकात किया। वार्ड संख्या एक राजगढ़ के पीछे रहने वाले साखाटांड़, दास टोला बावरी टोला एव केवट टोला के लोगो की समस्या के बारे में बात हुवी, दिलीप दशौन्धी का मानना है कि गर्मी के दिनों में इन क्षेत्रों में पानी की समस्या बहुत अधिक बढ़ जाती है, नहाने धोने के पानी के लिए भी तरसना पड़ता है, अगर अभी से ही कम से कम एक दिन के लिए जेसीबी द्वारा काम हुआ तो बहुत हद तक इस समस्या का समाधान हो सकता है, रतिलाल टुडु ने दिलीप दशौन्धी को भरोसा दिलाया कि उनसे जो भी बन पड़ेगा उसके लिए वे सदा तैयार है।

## श्री मनन निःशुल्क ग्रुप के छात्र सूरज रजक का ट्रेन प्रबंधक के पद पर हुआ चयन, खुशी की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कहा जाता है की शब्र का फल मीठा होता है। ऐसे ही एक कहानी झरिया निवासी सूरज रजक का है। सूरज रजक रेलवे भर्ती बोर्ड सिकन्दरबाद में स्टेशन मास्टर के पद पर चयन न होने से काफी उदास हो गए थे। सूरज को इस परिणाम के बाद लगा की अब वह सफलता से कोसो दूर है लेकिन थोड़े इंतजार के बाद सूरज का गुड्स गार्ड्स (ट्रेन मैनेजर) के पद पर चयन होना एक प्रमाण है। श्री मनन निःशुल्क ग्रुप एवं डिस्कशन सेंटर के अध्यक्ष कृष्णा शर्मा से बातचीत के क्रम में पता चला कि सूरज करीब पांच साल से सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत थे, लेकिन थोड़े थोड़े अंक से सफल होने से चूक जा रहे थे। वो बहुत ही हताश हो गए थे। लेकिन उनके माता पिता और श्री मनन निःशुल्क के वरिष्ठ सदस्यों ने खूब समझाया और कहा की परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। तुम प्रयासरत रहो सफलता मिलना तय है। कुछ ही दिनों बाद सूरज का मेहनत रंग लाया और गुड्स गार्ड (रेल प्रबंधक) के पद पर सिकंदराबाद रेलवे भर्ती बोर्ड में चयन हो गया। सूरज के पिता राजू रजक बीसीसीएल में एक कर्मचारी है। सूरज की माता एक कुशल गृहिणी है और सूरज के सफलता में माता का अहम योगदान है। सूरज ने अपने अंतिम चयन के बाद बताया की जब लोग सफल होते है तो पूरी दुनिया उनके साथ होती है। श्री मनन निःशुल्क ग्रुप एक ऐसा ग्रुप है जब हमें सफलता नहीं मिली थी तब हमारे कठिन समय में हर संभव सहायता के लिए तत्पर था। सूरज ने कहा की कोई भी मैच जीतने में कप्तान की अहम भूमिका होती है। हमारे ग्रुप के कप्तान कृष्णा शर्मा है। इनका योगदान हमारे सफलता में बहुत ज्यादा है। सूरज ने सभी ग्रुप के कनिष्ठ सदस्यों जो सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत है।

# अंडर पास बनाने लिये सांसद ने किया अनुसंशा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद रेल मंडल मतारी एवं गोमो रेल खंड के मध्य स्थित रामाकुंडा एवं खरियो मार्ग जोड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास सब वे बनाने के लिए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने डीआरएम धनबाद को पत्र लिखा है। रामाकुंडा ग्राम पंचायत के मुखिया पूर्णिमा देवी जनहित मे अंडरपास सब वे बनाने की मांग पिछले कई सालो से डीआरएम धनबाद एवं सांसद गिरिडीह को पत्राचार कर रही थी। मुखिया पूर्णिमा देवी के पत्र के आलोक में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने डीआरएम धनबाद को अनुशंसा कर रेलवे क्रॉसिंग पर अंड़र पास सब वे बनाने के लिए पत्र को अग्रसारित किया गया है।

# 4 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क विधायक ने आधारशिला रखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जामाडोबा डुमरी नम्बर 2 से लेकर तेलगड़िया तक लगभग 4 करोड़ की लागत से चार किलोमीटर की सड़क का नवनिर्माण एवं चैड़ीकरण किया जायेगा। रविवार को झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने पूजा अर्चना कर आधारशिला रखी है। उन्होंने कहा है की सड़क निर्माण तथा इसके चौड़ीकरण सर क्षेत्र के लोगो को इस मार्ग से बोकारो से धनबाद आने जाने में आसानी होगी। मौके पर अल्पसंख्यक प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, मुख्तार खान, आफताब अंसारी, मास्टर अजीज, पिन्टू तुरी आदि मौजूद थे।

## गिरिडीह झामुमों जिला कार्यालय में बैठक समपन्न

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गिरिडीह झामुमो जिला कार्यालय में झामुमो युवा मोर्चा की एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला युवा अध्यक्ष दिलीप मंडल एवं संचालन जिला युवा सचिव कौलेश्वर सोरेन जी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सदर के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह एवं जिला सचिव महालाल सोरेन जी उपस्थित हुए। वही बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि युवा मोर्चा का विस्तार से गिरिडीह जिले में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पहली बार गिरिडीह जिला में युवा मोर्चा की बैठक से मन खुश है। ये निश्चित तौर पर नई राजनीति की शुरुआत हुई है झामुमो परिवार में सभी नए साथियो का स्वागत एवं अभिनंदन है। सिंह ने कहा कि झामुमो जिला समिति एक मातृ संगठन है और इससे जुड़े सभी संगठनों को जिला समिति हर संभव मदद करेगी।जिला सचिव ने आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा कि आज झामुमो अपना स्वर्ण जयंती मनाने जा रही है इसके पीछे सैकड़ो लोगो ने कुर्बानी दी है तब झारखंड राज्य की स्थापना हुई और झामुमो की ताकत को बढ़ाने के लिए आप युवाओं का साथ जरूरी है।युवा अध्यक्ष दिलीप मंडल ने कहा कि संगठन के हर वर्ग को मजबूत करना हमलोगों की नैतिक जिम्मेदारी है और संगठन हर सुख दुख में अपने कार्यकर्ताओ के साथ खड़ी है।इस बैठक में नए साथियो को मनोनयन पत्र देकर जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर बैठक में , अभय कुमार सिंह,मनोज पासवान , अकील सोनू , सचिन शर्मा , विवेक सिन्हा समेत सभी प्रखंडों के युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष और सचिव उपस्थित थे।

# जमानत के बाद भी कैदियों को जेल से बाहर ना आने देना गंभीर विषय : डालसा सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 19 फरवरी को मंडल कारा लोहरदगा में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने अभियुक्तों को संबोधित किया। जबकि डालसा सचिव राजेश कुमार ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैदियों के बीच लोहरदगा डालसा की दो प्राथमिकताएं हैं। जिन कैदियों को केस लड़ने के लिए अपने वकील नहीं है,उसे सरकारी खर्च पर डालसा पैनल से वकील मुहैया कराना एवं जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के शर्तो के कारण वो जेल से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं उन्हें संबंधित कोर्ट से जमानत के शर्तो में बदलाव करा कर कैदियों को जेल से बाहर निकलवाना। डालसा सचिव राजेश कुमार ने जेल के पीएलवी व जेल प्रबंधन को




बताया कि जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के कठिन शर्तो के कारण वह जमानत पर बाहर नहीं आ सका वैसे कैदियों की पहचान कर अविलंब डालसा कार्यालय को सूचित करें। क्योंकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 31 जनवरी 2023 को एक आदेश पारित करते हुए यह कहा है कि जिन कैदियों का जमानत हो जाता है, संबंधित कोर्ट बेल ऑर्डर की एक प्रति अविलंब जेल को मेल से भेजेगी। यदि 07 दिनों के भीतर बंदी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो इसकी सूचना जेल अधीक्षक डालसा सचिव को देंगे। डालसा सचिव ऐसे कैदियों की आर्थिक/सामाजिक पृष्ठभूमि प्रोबेशन ऑफिसर से प्राप्त कर संबंधित कोर्ट को जमानत के शर्तो में बदलाव के लिए आवेदन दे सकती है। न्यायालय अभियुक्त को टेंपरोरी बेल पर भी छोड़ सकती है ताकि वह अपने प्रतिभुओं की व्यवस्था कर सके। यदि 01 माह तक कैदी जमानत मिलने के पश्चात भी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो न्यायालय स्वतः जमानत की शर्तो पर पूर्ण विचार कर सकती है। यदि लोकल जमानतदार नहीं मिलने के कारण अभियुक्त जेल से बाहर नहीं निकल पाता तो ऐसी स्थिति में न्यायालय लोकल बेलर के शर्तो में परिवर्तन कर सकती है। डालसा सचिव ने संबंधित जेल अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में उपरोक्त निर्देश का पालन करते हुए सप्ताहिक रिपोर्ट डालसा कार्यालय को सौंपे। इस अवसर पर कारा में बंद विभिन्न कैदियों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसका निराकरण संबंधित न्यायालय से मिलकर किया जायेगा।

## खेल मैदान में दो व्यक्तियों के बीच हुआ मारपीट, एक जख्मी मामला पहुंचा थाना, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु खेल मैदान में कुर्सी हटाने की बात पर दो लोगो के बीच मार पीट हुआ जिसमें एक व्यक्ति जख्मी हो गया मामला पहुंचा सेन्हा थाना। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरु खेल मैदान में कुर्सी हटाने की बात पर अरु निवासी फिरोज अंसारी एवं कल्हेपाट निवासी रुस्तम अंसारी के बीच विवाद उतपन हुआ और बातों बातों में मामला विगड़ा वहीं पिरोज अंसारी ने रुस्तम अंसारी के विरुद्ध आरोप लगाते हुए मारपीट एवं गली गलौज की बात बताते हुए सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगया। फिरोज अंसारी घटना के पश्चात सेन्हा थाना को घटना से अवगत आवेदन के माध्यम से कराते हुए कहा कि अरु खेल मैदान में मंच से कुर्सी हटाने को लेकर विवाद हुआ था और गाली गलौज होने लगा इसी बीच उपस्थित लोगों द्वारा बीच बचाव किया जा रहा था तो रुस्तम अंसारी कल्हेपाट निवासी मौका का फायदा उठाते हुए लाठी से प्रहार कर जख्मी कर भाग निकला। वहीं थाना में घायल अवस्था एवं सर से खून



निकलता देख प्रशासन ने इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज घायल का इलाज करवाते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि आवेदन के आलोक में कांड संख्या 25/23 दर्ज कर धारा 323, 341, 504, 506 के तहत पुलिस कारवाई किया जा रहा है।

## लोहरदगा युवा कांग्रेस कमिटी का हुआ विस्तार

# संगठन की मजबूती एवं आगामी चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस है तैयार : डॉ अंजेला कुजूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** रविवार को लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी सह प्रदेश महासचिव डॉ अंजेला कुजूर की उपस्थिति में की गई जिसमें संगठन के विस्तार संबंधी विचार विमर्श किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों का दायित्व प्रदान किया गया। बैठक में जिला प्रभारी डॉ कुजूर ने कहा कि लोहरदगा जिले में युवा कांग्रेस काफी मजबूत है। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी करें प्रदेश निर्देशित कार्यक्रमों को विशेष बल दिया जाए। इसके साथ साथ यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर पार्टी को और



अधिक मजबूत किया जाए और आगामी चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस तैयार हैं। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि संगठन विस्तार से नवनियुक्त पदाधिकारियों में भरपूर जोश है और वे पार्टी के लिए सक्रिय रूप काम कर रहे हैं। संगठन विस्तार में दुर्गा उरांव एवं सोहैल अंसारी को जिला उपाध्यक्ष, जावेद अख्तर को भंडरा प्रखंड अध्यक्ष, रंजीत लकड़ा, इमरोज अंसारी, कृष्णा उरांव, हसबुल खान, राजू टाना भगत, असलम अंसारी, सुगंधी उरांव, को जिला महासचिव मनोनीत किया गया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी, जिला महासचिव कविश जयसवाल, नगर अध्यक्ष तौसीफ आलम, नगर उपाध्यक्ष मुशर्रफ रजा, कूरू प्रखंड अध्यक्ष विनोद भगत, संदीप भगत, अब्दुल हमीद, सुभम सहदेव, फिरोज अंसारी, रफीक अंसारी, नकीब अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## 15 से अनिश्चितकालीन बंद खाद्यान्न प्रतिष्ठान रविवार से खुली, उपभोकताओ की हटी परेशानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत चैंबर्स आफ कामर्स के आह्वान पर बिगत 15 फरवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल खाद्यान्न प्रतिष्ठान आज 19 फरवरी रविवार से चौक बाजार मे समाप्त होकर खुली हुई दिखाई दिया, वही ग्रामीणों को रोजमर्रा की आवश्यक बस्तुएँ की खरीदारी हेतु हड़ताल समाप्त होने से परेशानी हट गई है। विदित है कि सरकार के द्वारा कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 विधेयक लाने पर लोहरदगा जिला चैंबर्स आफ कामर्स के आह्वान पर विधेयक के विरोध मे आम व्यवसायीयो के लीये काला कानून बताते हुए जिले एवं प्रखंड क्षेत्र के सभी व्यवसायी काला बिल्ला लगाकर अनिश्चितकालीन अपनी अपनी खाद्यान्न प्रतिष्ठान को बंद करने का फैसला ले लिया था, विगत 15 फरवरी से 18 फरवरी तक प्रखंड



क्षेत्र के सभी खाद्यान्न प्रतिष्ठान बंद भी थे, परंतु कैरो खाद्यान्न व्यवसायी कमलेश कुमार, शंकर साहू, नबाब खान, नगजुवा के राजकुमार जी ने बताया कि व्यवसायीयो का पिछ्ले 15 फरवरी से चला आ रहा हड़ताल सफल रहा,चैंबर्स आफ कामर्स के जिला संगठन ने राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से वार्ता कर व्यवसायी व आम हित मे कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 को वापस लेने का आग्रह किया था,सरकार ने चैंबर्स आफ कामर्स के बातो को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए फिलहाल चैंबर्स आफ कामर्स से हड़ताल वापस लेने का आग्रह किया था, सरकार ने व्यवसायी वर्ग के लोगो को भरोषा दिया है कि, उनकी मांगो पर सरकार संज्ञान लेते हुए व्यवसायी व आम हित में विधेयक पर पुनर्विचार करने की बात कही है,जिसके चलते व्यवसायी वर्ग ने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त करने का फैसला लिया, परिणामस्वरूप कैरो प्रखंड क्षेत्र के सभी खाद्यान्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान आज 19 फरवरी रविवार से हड़ताल से पुर्ववत दिनो की भांति ही प्रतिष्ठान खुली हुई दिखाई दिया, वही आम लोगों की रोजमर्रा की वस्तुएं खरीददारी को लेकर परेशानी भी दूर हूई ।

## कैरो भाजपा मण्डल हनहट पंचायत में पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी कैरो मण्डल के हनहट पंचायत में पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा गोविन्द महतो के द्वारा की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह एवं मण्डल उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति, मण्डल महामंत्री राधेश्याम लोहरा,उपाध्यक्ष लाला उरांव, ह्यह्ल मोर्चा महामंत्री प्रदीप लोहरा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बबलू नाथ सहदेव पूर्व मुखिया श्यामसुन्दर उरांव, जिहलु उरांव, मनीष भगत, विष्णु उरांव, पवन यादव, मुकेश साहू, बाबूलाल पाहन, बोलावा उरांव अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे। इस बैठक में बालकृष्ण सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पंचायत बूथ समिति को सशक्त बनाए कार्यकर्ता। और केन्द्र सरकार की द्वारा चलाई गई योजना को विस्तार से जनता के बीच चर्चा करें।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में आज लगातार 35 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। डॉ कुमुद अग्रवाल व सहसचिव संजय चौधरी ने भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को पुष्प भेंट कर सम्मानित किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 19 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करवा कर लाभान्वित हुए। डॉ कुमुद अग्रवाल एवं संजय चौधरी ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इससे बड़ा पुण्य कार्य कुछ नहीं, और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर




काफी संतुष्ट हो रहे है,और अपनी बीमारी की जानकारी प्राप्त कर बीमारी का समय रहते इलाज कराकर स्वस्थ हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,लोगों ने डॉ कुमुद अग्रवाल से बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे।

## चुनाव जीतने के लिए बूथ लेवल को करें मजबूत : ओमप्रकाश सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 19 फरवरी को नगर कार्यालय अटल भवन में भाजपा नगर मण्डल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर मण्डल अध्यक्ष श्री अमरेश भारती ने किया। बैठक का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं वन्दे मातरम के साथ किया गया। बैठक के विषय प्रवेश एवं स्वागत सम्बोधन में अमरेश भारती ने कहा कि आज इस बैठक में किए गए कार्यो और आगामी के कार्यक्रमों पर गहन विचार विमर्श किया गया। साथ ही कहा कि अब नगर परिषद और केंद्रीय चुनाव सर पर है। इसलिए कार्यकर्ताओं को जी तोड़ मेहनत करना होगा। भाजपा नीत सरकार के चल रहे जनोपयोगी योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाना होगा और बताना होगा कि यह पुनीत कार्य भाजपा सरकार कर रही है। क्योंकि विपक्षी पार्टियों ने जनता को गुमराह करने में लगे हुए हैं।किन्तु विपक्षी का




भरम तोड़ना होगा और अन्त्योदय के उत्थान में सरकार का कार्य पूर्ण करने मे अपना योगदान देना होगा।श्री ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि बूथ जितने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।इसके लिए हर बूथ में बैठक निश्चित करना पड़ेगा। अब समय कम है, कर्तकर्ताओं को जीतोड़ मेहनत करनी होगी। तभी सफलता मिलेगी। ब्रज विहारी जी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि अपने कार्य मे आप सभी लगे रहिये तो 2024 में पुनःभाजपा की सरकार बनेगी और देश विकास करेगा। राजकिशोर महतो ने कहा आज भारत विश्व गुरु बनने की कगार पर खड़ा है। इसको विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं पायेगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रमेश उरांव तथा उमेश कांसकर,चंद्रशेखर अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ केसरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन बिंदिया देवी ने किया। कार्यक्रम में हर्षनाथ महतो, राजेश महतो, नीरज नलिन, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, समेला भगत, भारती सिंहा, मुरलीधर अग्रवाल, ओमप्रकाश साहू, शम्भु साहू, सरोज प्रजापति, राजू प्रजापति, अनूप वर्मा, विक्की कुमार, विकास कांस्कार, दीपक साहू, ज्ञानेश गुप्ता, रामलाल उरांव, मिना बाखला, प्रमोद प्रजापति, अनिता देवी, पुष्पा देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## स्वामी दयानंद सरस्वती जी के आदर्शो से प्रेरणा लेने की है जरूरत : शरचचंद्र आर्य



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुकुल शान्ति आश्रम लोहरदगा में यज्ञ के माध्यम से महाशिव रात्रि एवम ऋषि बोध रात्रि मनाया गया। जिसमें जिसमें आश्रम के आचार्य श्री शरचचंद्र जी, अर्जुन आर्य, किशन चन्द्र आर्य, कुन्ती माता आदि नगरवासी व आश्रम के ब्रह्मचारी गण शामिल थे। आचार्य शरचचंद्र ने कहा की जिस प्रकार भगवान शिव ने संसार के कल्याण के लिए विष पीए थे,वैसे ही महर्षि दयानन्द ने भी शिवरात्रि के दिन शिव भगवान की आराधना में लीन उस रात्रि में सच्चे शिव को पाने की लालसा से घरवार छोड़कर गुरू विरजानंद जी से शिक्षा प्राप्त कर अज्ञान, अन्धकार छुआ छूट, अशिक्षा, परतंत्रता पड़े लोगों वेद रूपी सत्य ज्ञान से अवगत कराया। जिनकी शिक्षा उपदेश से प्रेरित होकर लाखों वीरों ने अपनी जवानी को मां भारती को परतंत्रता की जंजीर से स्वतंत्र करने में लगा दिया। ऐसे महामानव की जीवनी से प्रेरणा लेकर हमें भी अपना जीवन को महान बनाना चाहिए।

# पांच दिवसीय स्वर्गीय नंदलाल प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित खेल प्रांगण में आयोजित हुआ पाँच दिवसीय स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद साहु मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट के समापन समारोह पर खेल प्रतियोगिता के संरक्षक सह मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहु, नेसार अहमद तथा प्रखण्ड क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा स्व साहु के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त के पश्चात फाइनल मैच आरम्भ कराया गया। आयोजित प्रतियोगिता में लोहरदगा व गुमला जिला क्षेत्र से 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहु ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा की खेल के क्षेत्र में हम आप सबो का हमेसा सहयोग



करेंगे खेल और पढ़ाई के क्षेत्र में मेहनत से आगे बढें मेरे पिताजी स्व नन्दलाल प्रसाद साहु का स्मृति में यहाँ पर विद्यालय है। उनका यादगार में विगत 40 वर्षो से मैच आयोजित हो रहा है। वे स्वयं एक अच्छे खिलाड़ी थे। जिनका खेल का सपना को साकार करने का मैं सार्थक प्रयास करूँगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच एमटी टोप्पो ब्रदर्स तथा एफसी रामपुर के बीच खेला गया। जिसमे एमटी टोप्पो ब्रदर्स की टीम एफसी रामपुर को 1 - 0 से हराया वही तृतीय स्थान पर एडी बेड़ाटोली और चतुर्थ स्थान पर एस टी बरवाटोली की टीम रही। मौके पर मुख्य अतिथि सह संरक्षक दुर्गेश प्रसाद साहु, अध्यक्ष जयनाथ साहु, सीओ विजय कुमार के अलावे नेसार अहमद, शौकत अंसारी, आदरा उराँव, गौतम साहु, रिजवान अन्सारी, महेश यादव, प्रेमचंद उराँव, रेफरी दीपक यादव, प्रकाश उराँव, जितेन्द्र यादव, सुलेख भगत सहित प्रखंड व पंचायत के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# जीत अधूरी है, आंदोलन समाप्त नहीं स्थगित की गयी है : रितेश कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार न बतलाया कि फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों व सरकार के बीच सकारात्मक बातचीत होने के बाद खाद्यान वस्तुओं के अनिश्चितकालीन बंद आवक जावक तथा प्रतिष्ठानो में खरीद बिक्री के रोक को आज से हटा लिया गया है,इसलिये आज से सभी प्रतिष्ठानें पूर्व तरह खुल जायेगी। एवं बतलाया गया कि सरकार के प्रतिनिधि विनय चौबे जी व कृषि मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जैसा व्यापारी चाहेंगे वैसा ही प्रवाधान के साथ कृषि विधेयक में सम्माहित किया जायेगा। चूंकि देश के एक दो राज्यों को छोड़कर सभी जगह केंद्र सरकार का आदेश के आलोक में इस क़ानून को लागू



किया जा चुका है। अतः झारखण्ड में भी इसको लागू करना मज़बूरी है। वहीं जब फेडरेशन के लोगों ने भाजपा के प्रदेश प्रतिनिधियों से यह जानना चाहा कि केंद्र सरकार ने ऐसा पत्र कोई निकाला है क्या। इसपर भाजपा के लोगों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। ना ही हमारे आंदोलन का खुलकर समर्थन किया। इससे कहीं न कहीं इन राजनीतिक पार्टियों का मिलीभगत नज़र आयी। अतः व्यापारियों को स्पष्ट समझना चाहिए कि आनेवाले समय मे हम सब को व्यापारहित की लड़ाई आपस मे इसी तरह एकजुट होकर लड़ना होगा। क्योंकि राजनीतिक पार्टियों की अपनी स्वार्थ पूरा होने के बाद वे किनारा ले लेते हैं। आगे सरकार यदि व्यापरिवर्ग के लिये कोई अहितकारी कानून लाती है या ऐसा कोई कदम उठाती है तो हमे एकबार फिर एकजुट होकर लड़ाई लड़नी पर सकती है। अतः आप सभी यह ध्यान दें कि अभी आंदोलन समाप्त नही हुआ है बल्कि केवल स्थगित किया गया है। लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों व खद्यान व्यापारियों की आज एक बैठक कर व्यापारियों की एकजुटता एवं आंदोलन में अटूट सहयोग हेतु उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद दिया गया एवं आगे भी इसी तरह व्यापारी एकता बनाये रखने की बात कही।

चलते चलते एक नजर

## प्राचीन श्री बटेश्वर महादेव धाम की महिमा अपरंपार है : अमित वारला



**लातेहार :** लातेहार सदर प्रखंड के कुलगाडा गांव और औरगा नदी के तट पर गुरुवा दहन में स्थित प्राचीन श्री बटेश्वर महादेव का मंदिर है .जहां की महिमा अपरंपार है .इस मंदिर में जलाभिषेक करने के बाद जल अदृश्य हो जाती है.इस स्थान की महिमा है.ऐतिहासिक घटना को पेसरार मुखिया अमृत बरला बताएं भुसुर मुखिया सुरेंद्र भगत ने भक्ति भाव से पूजा कर उन्होंने बताया कि यहां पर मनोकामना पूर्ण होती है. पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी इस स्थान को ऐतिहासिक बताया उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज लोग कहां करते थे कि गुरु दह में एक घटना घटा था उसके बाद से यह ऐतिहासिक हो गया है.यहां पर एक से एक ईट भी जो मिलती है प्राचीन जमाने का इट है इस मंदिर के मुख्य पुजारी चरित्र भगत ने बताया कि हम प्रतिदिन इस मंदिर का पूजन करते हैं और इनके शक्ति से उनके कृपा से आज हम सुख शांति से रह रहे हैं.अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश सह मंत्री रमेश उरांव सभी को शिवरात्रि पर शुभकामना देते हुए शिव की महिमा का बखान किया. पेशरार मुखिया अमृत कुमार वारला पूर्व मुखिया सुरेंद्र भगत पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी पंचायत समिति ग्राम प्रधान भोला पाहन अखिलनरायण सिंह उपेंद्र भगत परमानंद सिंह दिलेश्वर गंझु.अजय सिंह अंकित सिंह रोशन कुमार चरित्र भुइया चंद्रदेव सिह बसंत सिंह समृद्धि गझु अनीता देवी सुनीता देवी पंचायत समिति सदस्य किशोरों उरांव राजेश उरांव.उमेश शाह सुनील शाह पवन कुमार मिट्ठु साव नीलकंठ साहू ससधा देवी. वीरेंद्र प्रसाद सहित हजारों लोग उपस्थित थे.

## चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा ठाकरे गुट

**मुंबई :** चुनाव आयोग की ओर से शिंदे गुट को शिवसेना नाम और धनुष-बाण चुनाव चिन्ह दिए जाने के फैसले को ठाकरे गुट सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आनलाइन याचिका दाखिल करके चुनौती देगा। ठाकरे समूह के इस निर्णय की जानकारी मिलते ही सीएम एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट भी दाखिल कर दी है। ठाकरे गुट का कहना है कि स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने 19 जून, 1966 को शिवसेना का गठन किया था। 57 साल पुरानी पार्टी और चुनाव चिन्ह ठाकरे परिवार के हाथ से निकल गया है। इसलिए ठाकरे गुट इस मुद्दे को लेकर आर-पार की लड़ाई में उतर गया है। उद्धव ठाकरे गुट का कहना है कि उनकी तरफ से चुनाव आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए ऑनलाइन याचिका दाखिल कर 20 फरवरी को अर्जेंट सुनवाई की गुहार लगाई जाएगी।ठाकरे गुट की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पेश होंगे।

# सौहार्द का मिसाल बना पलामू : दीपक

## पांकी की घटना पर दीपक ने विपक्ष को दी नसीहत, कहा : शांति व सौहार्द की हो राजनीति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू के सेवादार सह झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने आम लोगों से शांति की अपील करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी है। पांकी में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा पालने वालों को हिदायत देते हुए उन्हें सुधरने एवं संवेदनशील मुद्दे पर विपक्षी राजनेताओं को राजनीति से बाज आने की नेक नसीहत दी है। पांकी में हुए पत्थरबाजी की घटना से व्यथित दीपक तिवारी ने आम आवाम को गुमराह करने वालों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पलामू की गंगा जमुनी तहजीब को चोटिल करने वालों को पलामू ने शांति बनाए



रखकर करारा जवाब दिया है। दीपक तिवारी ने बताया कि बिगड़ते हालात को जिस तरह से राज्य की हेमंत सरकार ने समय रहते जिला के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारीयों के माध्यम से नियंत्रण हासिल किया है वो प्रशंसनीय है।

दीपक तिवारी ने कहा कि समाज में सबका बराबर प्रतिष्ठा और सम्मान है। सबको मिलजुल कर सौहार्द वातावरण के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। प्रेम एवं सद्भाव के बीच नफरत का कोई जगह नहीं है। राज्य की हेमंत सरकार ने पिछले सवा तीन सालों में जो उपलब्धियां हर एक मोर्चा पर हासिल किया है, उसकी प्रशंसा जितनी की जाए उतना कम है। विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए जनता को भरमाने के लिए ऐसे प्रोपगेंडा फैलाती है। जनमानस के नेता हेमंत सोरेन गठबंधन धर्म का पालन करते हुए राजनीतिक धर्म का अनुश्रवण किया है वह विरोधियों के लिए बड़ी सीख है। युवा नेता दीपक तिवारी ने जनता से एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए राज्य का सम्मान एवं सद्भाव को बनाए रखने का आह्वान किया है।

## जी 20 सम्मेलन को लेकर फुटपाथ दुकानदारों को हटाना उचित नहीं : जितेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जी20 शिखर सम्मेलन 2023 का आयोजन मार्च के पहले सप्ताह में किया जा रहा है। इसको लेकर रांची नगर निगम और जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं , तो वहीं साफ-सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में रांची शहर के सड़कों पर लगने वाले फुटपाथ दुकानों को भी हटाया जा रहा है। फूटपाथ दुकान हटाए जाने से फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले जरूरतमंदों के घर के चूल्हे जलने बंद हो गए हैं । जिस कारण से वे लोग काफी मायूस दिख रहे हैं। झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि जी 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है यह बहुत ही खुशी की बात है , कि झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहा है । हमारे रांची शहर में बाहर से डेलीगेट्स से आ रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात है कि फुटपाथ दुकानदार जो अपने रोजमर्रा की जिंदगी सड़क के किनारे फुटपाथ दुकान लगाकर चला रहे हैं, ऐसे लोगों का दुकान एकाएक हटा देना यह मैं नहीं समझता हूं कि रांची नगर निगम और जिला प्रशासन अच्छा कर रही है। इन्हें हटाए तो इन्हें कहीं पर व्यवस्थित भी कर दे, ताकि इन सबका रोजगार चलते रहे। हमने कई बार कचहरी चौक स्थित वेंडर मार्केट में इन्हें शिफ्ट कराने की मांग कर चुके हैं, जो अभी कुछ लोगों को दिया गया है और कुछ लोगों को नहीं दिया गया है, तो सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए, रांची नगर निगम को और जिला प्रशासन को भी पहल करनी चाहिए।

## भाजपा की वजह से कांग्रेस के साथ गया : उद्धव ठाकरे



एजेंसी

**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी की वजह से ही कांग्रेस के साथ जाने के लिए मजबूर हुए थे। भाजपा ने तो शिवसेना के साथ चुनावी गठबंधन 2014 के चुनाव में ही तोड़ दिया था। उद्धव ठाकरे रविवार को अंधेरी में उत्तर भारतीय समाज की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले से वरिष्ठ भाजपा नेता खुश हैं, जबकि अभी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आना बाकी है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं कि हमने भाजपा का साथ छोड़ दिया, जबकि भाजपा की वजह से ही मुझे कांग्रेस के साथ जाना पड़ा है। ठाकरे ने कहा कि मैंने भाजपा छोड़ी है, हिंदुत्व नहीं। मैं उनका हिंदुत्व स्वीकार नहीं करता। हम बालासाहेब के कहे अनुसार हिंदू धर्म को मानते हैं। उद्धव ठाकरे ने यह भी कहा कि हमारा हिंदुत्व ही हमारी राष्ट्रीयता है। मेरी चुनौती उन लोगों को है, जिन्होंने शिवसेना के नाम और पार्टी के चुनाव चिह्न धनुष-बाण का अपहरण कर लिया है। वे मैदान में उतरें और चुनाव लड़ें। उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के गुट को चुनौती देते हुए कहा है कि मैं मशाल लेकर आ रहा हूं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि 2014 में भाजपा ने गठबंधन तोड़ा था। क्या तब हम हिन्दू नहीं थे ? हालांकि उन्होंने चुनाव आवेदन दाखिल करने से 1 दिन पहले गठबंधन तोड़ दिया, लेकिन हम अकेले लड़े और 63 सीटों पर जीत हासिल की। बाद में जब उन्हें लगा कि शिवसेना की जरूरत है तो बुला लिया था। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में हमारे पोस्टर पर मोदीजी की फोटो थी, उनके पोस्टर पर बालासाहेब की फोटो थी। फिर भी हमारी सीटें घट गई थीं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना हमेशा सबको साथ लेकर चलती रही है , कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है।

# मानसिक व शारीरिक विकास का बेहतर संसाधन है खेल : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** स्थानीय जीएलए कॉलेज के ग्राउंड में राजा मेदिनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसको अविनाश देव ने फीता काटकर खेल के मैदान में प्रवेश किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद उछाल कर टूर्नामेंट का उन्होंने शुरुआत किया। खेल आयोजन समिति ने पुष्प गुच्छ व फूलमाला देकर श्री देव का स्वागत किया। खिलाड़ियों व दर्शकों को सम्बोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि अब वह दौर नहीं रहा जब खेल को हेय दृष्टि से देखा जाता था। अब इसमें भी करियर है और सरकार भी गंभीर है। कुछ खिलाड़ियों को तो सीधे नियुक्ति भी हुई। जरूरत है खेल को प्रोत्साहित करने की।



खेल एक ऐसा संसाधन है जहाँ खिलाड़ियों को शारीरिक मानसिक विकास के साथ साथ समग्र विकास का गुंजाइश रहता है। खेल का मैदान वह जगह होता है जहाँ समता स्वतंत्रता बंधुता व न्याय मिलता है। मैं खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते सरकार से दरख्वास्त करते हैं कि खिलाड़ियों को खेल के मैदान व सम्बंधित स्टेडियम देने की कृपादृष्टि करें। इस मौके पर संदीप पासवान,अशोक पासवान,उदय पासवान सहित अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# वैश्य मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** आज रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गयी. इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया. बैठक में सदस्यता अभियान, जिलों में हो रहे सम्मेलन तथा ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मांगों को लेकर भावी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई. तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान 31 मार्च तक जारी रहेगा और इस दौरान जिलों में सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा.




बैठक में सर्वसम्मति से यह भी तय किया गया कि ओबीसी को 27त्न आरक्षण दिलाने, वैश्य आयोग का गठन, मध्यम स्तर के उद्योग एवं छोटे व्यापारियों के 10 लाख रु. तक की ऋण माफी, वैश्यों पर हो रहे शोषण, अत्याचार, हत्या, लूट आदि मुद्दों को लेकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा. चाहे राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार अपनी मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखा जायेगा. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त मांगों को लेकर 28 फरवरी को विधानसभा के समक्ष तथा 27 मार्च को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. इस बीच 23 मार्च को रांची में आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा. इस बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि कोई भी लड़ाई संगठन के बल पर ही जीता जा सकता है. इसलिए सभी केंद्रीय पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाना होगा. श्री साहु ने कहा कि 27त्न आरक्षण ओबीसी का संवैधानिक अधिकार है. इसे पाने के लिए हम किसी भी हद तक जा कर आंदोलन करने को तैयार हैं. इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, उप-प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव दिलीप कुमार, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य नंदकिशोर भगत, नरेश साहु, आशीष कुमार वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणू देवी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन साहु, धीरज साहु आदि उपस्थित थे.

## कृषि और गांवों को अधिक समृद्ध बनाने में युवा योगदान दें :तोमर

**जयपुर :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार काम कर रही है। कृषि क्षेत्र को और फायदे में लाने और गांवों को अधिक समृद्ध बनाने के लिए विद्यार्थी एवं युवा अपना योगदान करें।कृषि मंत्री तोमर रविवार को चौधरी चरणसिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (नियाम) के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट का चतुर्थ दीक्षांत समारोह एवं एग्री इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। तोमर ने नियाम में 60 सीटें बढ़ाने तथा छात्रावास में रहने की बाध्यता समाप्त करने की घोषणा की।केन्द्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र महत्वपूर्ण है, जिसमें सबकी रुचि बढ़े, युवाओं का भी इसके प्रति आकर्षण हो, यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

# शिवाजी महाराज का संघर्ष सत्ता नहीं बल्कि स्वशासन के लिए था : अमित शाह

एजेंसी

**मुंबइ :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का संघर्ष सत्ता के लिए नहीं, बल्कि स्वशासन के लिए था। शिवाजी महाराज का जीवन सिर्फ एक राजा की जीवनी नहीं है, वह एक विचार भी है। पुणे जिले में स्थित अम्बे गांव में रविवार को शिव जयंती के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से शिव सृष्टि का उद्घाटन किया गया। मौके पर अपने संबोधन में शाह ने कहा कि शिव जयंती के पावन अवसर पर शिवशाहीर बाबा साहेब पुरंदरे का अधूरा सपना साकार होने का विशेष हर्ष है। बाबासाहेब पुरंदरे ने छत्रपति के गौरवशाली इतिहास को आम लोगों तक पहुंचाया।आगे उन्होंने कहा कि मैं जब गुजरात में मंत्री था, उस समय पुरंदरे के जाणता राजा महानाट्य का आठ बार मंचन हुआ था। शिव सृष्टि का निर्माण एक ईश्वरीय कार्य है। आप और मैं तो बस एक बहाना हैं। उन्होंने कहा कि शिव



राय की जीवनी पूरे देश को प्रेरित करती है और इस इतिहास को पूरे देश में पहुंचाने में पुरंदरे का बहुत बड़ा योगदान है।शाह ने कहा कि शिवाजी महाराज न होते तो भारत का क्या होता! पूर्व मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण ने कहा कि सीमा हमारे घर के सामने होती। अगर मैं ऐसा कुछ कहूंगा तो बहुत प्रतिक्रियाएं आएंगी, इसलिए मैंने यशवंतराव चव्हाण की बात कही।

अमित शाह ने यह भी कहा कि उस समय शिवाजी महाराज ने शिव मंदिर को मुगल साम्राज्य से बचाकर नए सिरे से बनवाया था, वही काम हमारी सरकार राम मंदिर बनाकर कर रही है। शिवाजी महाराज ने युद्ध के मैदान में हमेशा सामने से दुश्मन का सामना किया। उनका जीवन एक फिल्म की तरह था। शिवाजी महाराज ने उस समय ग्रामीण आर्थिक व्यवस्था की स्थापना की थी। अपने स्वयं के तट रक्षक बल को खड़ा किया। अमित शाह ने कहा कि शिव सृष्टि के इस प्रोजेक्ट में कुल चार चरण होंगे और इस पर 438 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। जिसमें से 60 करोड़ के पहले चरण का आज लोकार्पण किया गया है। यह शिव सृष्टि निश्चित रूप से उन लोगों को प्रेरित करती रहेगी, जो शिव चरित्र नहीं पढ़ते हैं।

# सेना ने खरीदे 5 स्वदेशी क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम



एजेंसी

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्रालय से हरी झंडी मिलने के बाद भारतीय सेना ने 5 स्वदेशी क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम (क्यूआरएसएएम) खरीदने का ऑर्डर दे दिया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) 2024 तक भारतीय सेना को सभी पांचों हथियार प्रणालियों की आपूर्ति कर देगी। एक क्यूआरएसएएम हथियार प्रणाली में एक रेजिमेंट कमांड पोस्ट व्हीकल (आरसीपीवी) शामिल गया है, जो सिस्टम के दिमाग के रूप में कार्य करेगा। बीईएल के मुताबिक एक आरसीपीवी तीन बैटरी इकाइयों से जुड़ा है। एक बैटरी यूनिट में एक बैटरी कमांड पोस्ट व्हीकल और एक बैटरी सर्विलांस रडार व्हीकल होता है। इसके अलावा एक बैटरी इकाई चार लड़ाकू समूहों (सीजी) से जुड़ी है। एक सीजी में एक मल्टीफंक्शनल रडार यूनिट होती है, जो 10 लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। एक मल्टी लॉन्च रॉकेट व्हीकल छह क्यूआरएसएएम रॉकेट से लैस होता है। एक क्यूआरएसएएम हथियार प्रणाली में 72 क्यूआरएसएएम रॉकेट होते हैं। सिस्टम में रॉकेट ले जाने के लिए एक लॉजिस्टिक व्हीकल भी होता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने क्यूआरएसएएम रॉकेट के पहले चरण का उपयोगकर्ता परीक्षण सितंबर, 2022 में किया था। सेना और वायु सेना को मिलने वाली इस मिसाइल प्रणाली से मध्यम ऊंचाई पर पायलट रहित विमान को मार गिराकर आखिरी यूजर ट्रायल इस साल की शुरुआत में 09 जनवरी को किया गया था। डीआरडीओ और भारतीय सेना ने सभी मौसम में रोटेटेबल ट्रक-आधारित लॉन्च प्लेटफॉर्म पर लगे कनस्तर से स्वदेशी रूप से विकसित हथियार प्रणाली के छह राउंड उड़ान परीक्षण किये हैं।

# पांकी हिंसा को कंट्रोल करने में एसपी चंदन सिन्हा की रही महती भूमिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के लिए गत बुधवार की सुबह मनहूस भरा रहा। इस दिन जिले के पांकी में दो पक्ष के लोग मामूली विवाद को लेकर आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते दोनों तरफ से पत्थरबाजी का दौर शुरू हो गया व पांकी रणक्षेत्र बन गया। यहां जैसे ही हिंसा की शुरुआत हुई, उसके चंद मिनटों के अंदर पलामू के जांबाज एसपी चंदन सिन्हा यहां पहुंच गए। उन्होंने यहां पहुंचते ही बिना डर और भय के मोर्चा संभाल लिया। दोनों तरफ सैकड़ों की भीड़ और जमकर चलाए जा रहे पत्थरों के बीचो-बीच वे घुस गए और स्थिति को काबू करने में लग गए। कुछ ही मिनटों में भीड़ तितर-बितर हो गया। इसी बीच पत्थरबाजी में डीएसपी और 4 जवान जख्मी हो गए। इस पत्थरबाजी में कुछ अन्य लोग भी घायल हुए। सभी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

## 4 दिनों तक थाना में ही डटे रहे एसपी चंदन सिन्हा



सभी की स्थिति खतरे से बाहर भी है। पांकी में हिंसा के प्रथम दिन कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अगर एसपी पहुंचने में कुछ विलंब कर देते तो हिंसा विकराल रूप धारण कर लेता। इस हिंसा का शिकार सैकड़ों लोग हो जाते। यहां पहुंचने के साथ एसपी ने मोर्चा संभाल लिया और स्थिति को तुरंत नियंत्रण में कर लिया। हिंसा पर काबू पाने के बाद एसपी चंदन सिन्हा उन लोगों की पहचान करने में लग गए जो लोग हिंसा भड़काने में शामिल थे। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 18 लोगों को जेल भेज दिया गया। अन्य लोगों की तलाश जोर-शोर से जारी है। पांकी हिंसा को काबू में करने के लिए लगभग 2000 पुलिस बलों को तैनात करना पड़ा। चार दिनों तक पूरे पलामू में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। रविवार से इंटरनेट शुरू कर दिया गया। पूरे पांकी में धारा 144 लागू कर दिया गया। मस्जिद में नमाज पढ़ने और शिव मंदिर में पूजा के लिए चार - चार लोगों को इजाजत दी गई। इस बीच मंदिर और मस्जिद की सुरक्षा कड़ी कर दी गई। पूरे क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग किया गया। यह यह सब चार दिनों तक एसपी के नेतृत्व में हुआ। इन 4 दिनों तक लगातार एसपी पांकी थाने में ही डटे रहे और मॉनिटरिंग करते रहे। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। ऐसे घटना के बाद पलामू रेंज के आईजी, जिले के डीसी और एसडीओ भी पांकी में लगातार कैंप करते रहे। लेकिन एसपी चंदन सिन्हा ने लीक से हटकर जो रणनीति अपनाई वह काबिले तारीफ रहा। उन्हीं की रणनीति का फल है कि पांकी जलने से बच गया। उनके नेतृत्व में दोनों पक्षों में सुलह समझौता भी हुआ। अब पांकी में दुकानें खुलने लगा। लोग आम दिनों की तरह चल रहे हैं और घूम रहे हैं। अब लोगों के दिल और दिमाग से धीरे-धीरे डर और भय का माहौल खत्म हो रहा है। एसपी चंदन सिन्हा ने की स्थिति को सामान्य बनाने में जोर शोर से लगे रहे।